WWW.NAVPRADESH.COM

दैनिक नवप्रदेश

आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर... 3 | राजधानी 4 | अभिव्यक्ति 8 | छत्तीसगढ़ 11 | खेल/बिजनेस

RNI NO.CHHHIN/2015/62431 बिलासपुर, मंगलवार, 2 जुलाई 2024 वर्ष-10 अंक- 82 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

कर्नाटक का मतलब ही है कर नाटक। वहां सियासी नाटक होता ही है। कर्नाटक संगीत भी मशहूर है। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया को ता...ता.. थईया करना पड़ रहा है। हाई कमान ने उपमुख्यमंत्री के रूप में डीके शिवकुमार को थोप रखा है। जिसकी वजह से सिद्धारमैया का मनोरथ सिद्ध नहीं हो रहा है। अब कर्नाटक के विधायक मुख्यमंत्री बदले की और तीन उपमुख्यमंत्री बनाने की मांग उठा रहे हैं। कहीं ऐसा न हो कि फिल्म आज का एमएलए रामअवतार के मुख्यमंत्री राजेश खन्ना की तरह वे सभी मंत्रियों को उपमुख्यमंत्री बना दे।

बिहार में एक और पुल धंसा

पटना। किशनगंज में एक और पुल धंसने के बाद बिहार में सियासत शुरू हो गई है। भारतीय जनता पार्टी के नेता अब सीधे राष्ट्रीय जतना दल पर हमला बोल रहे हैं। उनका आरोप है कि यह पुल राजद के दिग्गज नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री के फंड से बना था। अब बिहार सरकार इस मामले की जांच करवाएगी कि राजद के तत्कालीन सांसद ने उस वक्त कितना पैसा खाया था। भाजपा प्रवक्ता नीरज कुमार ने कहा कि किशनगंज में जो पुल धंसा है, उसे राजद के तत्कालीन सांसद दिवंगत तसलीमुद्दीन के फंड से बना था। इस पुल का निर्माण कार्य में गुणवत्ता का ख्याल नहीं रखा गया इसलिए ऐसी स्थिति उत्पन्न हो गई है।

उड़ानों में देरी, यात्रियों ने किया हंगामा

नई दिल्ली। दिल्ली एयरपोर्ट पर स्पाइस जेट की आठ फ्लाइट डिले हो गईं। इसे लेकर यात्रियों ने हंगामा किया। यात्रियों ने इस दौरान स्पाइस जेट मुर्दाबाद के नारे लगाए। श्रीनगर, अयोध्या और अन्य शहरों को जाने वाली फ्लाइट्स में देरी हुई है। सुबह नौ बजे से यात्री परेशान हो रहे हैं।

घाटीः लोगों के लिए बारिश बनी मुसीबत

रुद्रप्रयाग/थराली/देवाल। थराली तहसील मुख्यालय के पास सड़क पर आए मलबे के कारण यहां वाहन फंस गए। लोनिवि ने सड़क पर मलबा हटाने का काम शुरू किया। जबकि थराली में रविवार की रात को हुई भारी बारिश से कई सड़कें बंद। ब्लॉक मुख्यालय, इंटर कॉलेज, और डूंगरी को जाने वाली सड़क सिपाही गदेरे में मलबा आने से बंद है। थराली में कल रात से बिजली भी गुल रही। देवाल- थराली सड़क सुबह सात बजे खुली जबकि नंदकेशरी में रविवार शाम साढ़े सात बजे मलबे से सड़क बंद थी।

एनटीए ने जारी की नीट री-टेस्ट रिजल्ट

नई दिल्ली। नीट री-टेस्ट का परिणाम 2024: नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने नेशनल एलिजिबिलिटी-कम-एंट्रेंस टेस्ट (हृस्वस्वञ्ज त्र 2024) का परिणाम आज घोषित कर दिया है। जिन उम्मीदवारों ने इस परीक्षा में भाग लिया था, वे अब आधिकारिक वेबसाइट-पर जाकर अपना स्कोर चेक कर सकते हैं। इस साल की शुरुआत में ग्रेस मार्क्स और पेपर लीक मुद्दों से प्रभावित 1,563 उम्मीदवारों के लिए इस परीक्षा का आयोजन किया गया था। इस परीक्षा का आयोजन 23 जून 2024 को दोपहर 2.00 बजे से शाम 5.20 बजे तक किया गया था, जिसमें 813 उम्मीदवार शामिल हुए। नीट रीटेस्ट की अनंतिम उत्तर कुंजी और ओएमआर उत्तर पुस्तिकाओं की स्कैन की गई प्रतियों के साथ-साथ रिकॉर्ड की गई प्रतिक्रियाएं भी शामिल की गई।

ईडी-सीबीआई का दुरुपयोगः कांग्रेस का प्रदर्शन

नई दिल्ली। संसद भवन परिसर में विपक्षी दलों के सांसदों ने केंद्र सरकार पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) समेत केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए विरोध प्रदर्शन किया। विपक्ष के प्रमुख सांसदों में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के साथ तृणमूल कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के सांसद मौजूद रहे। इस दौरान विपक्षी नेताओं ने विपक्ष को चुप कराने के लिए एजेंसियों का दुरुपयोग बंद करो और भाजपा से जाओ भ्रष्टाचार का लाइसेंस पाओ, विपक्ष का सम्मान करें, डराना-धमकाना बंद करें! लिखी तख्तियों के साथ नारेबाजी भी की। वहीं आम आदमी पार्टी के कुछ सांसदों ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सलाखों के पीछे खड़े होने के पोस्टर भी दिखाए।

राजीव भवन में बैठक के बीच से बाहर आया एक गुमनाम पत्र

कांग्रेस में मची खलबली, बगैर नाम के लेटर में बड़े नेताओं को ठहराया हार का जिम्मेदार

रायपुर/नवप्रदेश। राजीव भवन में बैठक के बीच से एक गुमनाम पत्र बाहर आया है, जिससे पार्टी में खलबली मच गई है।

पत्र में कहा गया है कि चुनाव परिणामों पर समीक्षा करने आज नेता दिल्ली से रायपुर पहुंचे और विधानसभा, लोकसभा में हार के कारणों पर चर्चा की, जबकि आप राहुल, सेलजा, चन्दन, उल्का और प्रदेश का बच्चा बच्चा जानता है कि हार के मात्र दो कारण हैं। पहला कारण भूपेश बघेल का अहंकार और बदतमीजी से बात करना, एकला चलो की रणनीति संगठन को दरकिनार करके चलना, उसकी जातिवाद की घटिया मानसिकता, उसका भ्रष्टाचार और गलत टिकट वितरण करना है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े के नाम से लिखे गए इस बगैर नाम के लेटर में भूपेश बघेल सहित कई बड़े नेताओं को हार का जिम्मेदार ठहराया गया है। विधानसभा और लोकसभा चुनाव में छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की हार की समीक्षा जारी है। गुमनाम पत्र में लिखा गया है कि, बड़े नेताओं के अहंकार की वजह से छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की हार हुई है। डॉ. चरणदास महंत, अकबर और ताम्रध्वज के खिलाफ भी शिकायत की गई है।

हार पर रार

पत्र में हार का दूसरा कारण बताते हुए कहा गया है कि सौम्या, रामगोपाल, गिरीश देवांगन, अनिल टुटेजा, सूर्यकांत, विनोद वर्मा, प्रदीप शर्मा, राजेश तिवारी, ढेबर जैसे लोग और सट्टा, शराब, कोयला, डीएमएफ, जीएसटी, पीएससी जैसे ■ शेष पृष्ठ 6 पर

हारे हुए पुराने चेहरों को टिकट दी

लोकसभा में फिर हारे हुए पुराने चेहरों को टिकट दी। दुर्ग से पांच मंत्री थे सब हारे थे, फिर दुर्ग से चार लोगों को दूसरे क्षेत्रों से टिकट दे दी, परिणाम ये हुआ कि सब हार गए, ज्योत्सना महंत जीती तो उसमें चरणदास या कांग्रेस का कोई रोल नहीं है। सरोज पाण्डेय को भाजपा के बड़े नेताओं ने ही हराया। इसमें दो मंत्री और तीन विधायक का रोल है। अमित जोगी और तुलेश्वर मरकाम का भी पैसा लेकर सहयोग लिया गया है। और तो और भूपेश, ताम्रध्वज, चरणदास, चौबे, अकबर, सिंहदेव ने अपनी विधानसभा में भी पार्टी को लीड नहीं दिला सके।

संसद में राहुल ने हिन्दू, अग्निवीर, मणिपुर, महंगाई पर सत्ता पक्ष को घेरा

नेताप्रतिपक्ष राहुल गांधी गरजे सदन में

लोकसभा में राहुल गांधी के हिंदू पर दिए बयान पर हंगामा, पीएम मोदी-अमित शाह ने भी कसा तंज

नई दिल्ली। लोकसभा में नेता विपक्ष के तौर पर राहुल गांधी के हिंदुओं पर दिए एक बयान ने हंगामा मचा दिया। दरअसल, राहुल ने कहा था जो खुद को हिंदू कहते हैं, वह हिंसा-हिंसा करते हैं। इसे लेकर सदन में जबरदस्त हंगामा हुआ। खुद पीएम मोदी ने राहुल के भाषण के बीच उन्हें टोका और कहा कि पूरे हिंदू समुदाय को हिंसा से जोड़ना ठीक नहीं है। वहीं केंद्रिय गृह मंत्री अमित शाह ने भी राहुल गांधी पर जमकर पलटवार किया। शाह ने कहा कि राहुल गांधी को इस बयान के लिए माफी मांगनी चाहिए।

राहुल ने भाजपा पर साधा निशाना

राहुल ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि जो लोग अपने आप को हिंदू कहते हैं वह 24 घंटे हिंसा, हिंसा, हिंसा; नफरत, नफरत, नफरत; असत्य, असत्य, असत्य करते रहते हैं। ये हिंदू हैं ही नहीं। आप हिंदू हो ही नहीं। हिंदू धर्म में साफ लिखा है कि सत्य के साथ खड़े होने चाहिए। सत्य से पीछे नहीं हटना चाहिए। अहिंसा फैलाना चाहिए। शाह ने आगे कहा, मैं उनको एक गुजारिश भी करना चाहता हूं कि इस्लाम में अभयमुद्रा, इस पर इस्लाम के विद्वानों का मत एक बार वो ले लें। गुरुनानक साहब की अभयमुद्रा पर एसजीपीसी का मत वो ले लें। अभय की बात इनको करने का कोई हक नहीं है। आपातकाल में पूरे देश को इन्होंने भयभीत किया ■ शेष पृष्ठ 6 पर

क्या बोले पीएम मोदी

पीएम मोदी ने इस दौरान बीच में ही उठकर राहुल गांधी को रोका और कहा कि यह बात बहुत गंभीर है। पूरे हिंदू समुदाय को हिंसक कहना गंभीर विषय है। इस पर राहुल ने जवाब दिया कि मैंने भाजपा को हिंसक कहा, नरेंद्र मोदी पूरा हिंदू समाज नहीं है। भाजपा पूरा हिंदू समाज नहीं है। आरएसएस पूरा हिंदू समाज नहीं है। पीएम मोदी ने राहुल के बयानों पर बाद में सदन में कहा, इस संविधान ने मुझे सिखाया है कि मुझे विपक्ष के नेता को गंभीरता से लेना चाहिए।

अमित शाह ने दिया जवाब

राहुल गांधी के बयान पर पलटवार करते हुए अमित शाह ने कहा, शोरशराबा कर के इतने बड़े कृत्य को छिपाया नहीं जा सकता। विपक्ष के नेता ने कहा कि जो अपने आप को हिंदू कहते हैं, वह हिंसा करते हैं, हिंसा की बात करते हैं। इनको शायद मालूम नहीं है कि करोड़ों लोग खुद को गर्व से हिंदू कहते हैं। क्या वे सभी लोग हिंसा करते हैं? हिंसा की भावना को किसी धर्म के साथ जोड़ना और इस सदन में संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति ने। मुझे लगता है उन्हें इसकी माफी मांगनी चाहिए।

बचाव में उतरी प्रियंका, मुखर विपक्ष

लोकसभा में नेता विपक्ष के तौर पर राहुल गांधी के हिंदुओं पर दिए एक बयान ने हंगामा मचा दिया। सत्तारूढ़ दल के नेताओं ने राहुल को घेरा तो विपक्ष के नेता राहुल गांधी के बचाव में आ गए हैं। विपक्षी नेताओं ने इस बात पर जोर दिया है कि राहुल गांधी ने हिंदुओं के बारे में नहीं बल्कि भारतीय जनता पार्टी के नेताओं के बारे में टिप्पणी की थी।

अग्निवीर को शहीद नहीं कहती केंद्र सरकारः राहुल

राहुल गांधी ने कहा 'उस घर में तीन बहनें बैठी हुईं रो रहीं थीं। मैंने उस युवक की फोटो देखी और उसकी शक्ल फिल्मी कलाकार जैसी थी। छोटे से घर का अग्निवीर लैंडमाइन ब्लास्ट में अग्निवीर शहीद हुआ। मैं उसे शहीद कह रहा हूं लेकिन, नरेंद्र मोदी सरकार उसे शहीद नहीं कहती। नरेंद्र मोदी उसे अग्निवीर कहते हैं। उस घर को पेंशन नहीं मिलेगी। उस घर को मुआवजा नहीं मिलेगा, शहीद का दर्जा नहीं मिलेगा। आम जवान को पेंशन मिलती है और हिंदुस्तान की सरकार आम जवान की मदद करेगी लेकिन अग्निवीर को जवान नहीं कहा जाता है। अग्निवीर, इस्तेमाल करो और फेंको (यूज एंड थ्रो) मजदूर है। राहुल गांधी ने आगे कहा कि अग्निवीर, सेना की नहीं बल्कि केंद्र सरकार की योजना है और केंद्र सरकार जबरन इस योजना को देश के सैनिकों पर थोप रही है। उन्होंने आगे कहा, 'चीन की सेना में जवानों को पांच वर्ष का प्रशिक्षण दिया जाता है, जबकि भारत में अग्निवीरों को छह महीने का प्रशिक्षण दिया जाता है। नेता प्रतिपक्ष ने आगे कहा, 'केंद्र सरकार ने अग्निवीरों के मन में भय पैदा कर दिया है। चीन के प्रशिक्षित सैनिकों के सामने जब छह महीने का प्रशिक्षण प्राप्त अग्निवीर राइफल लेकर खड़ा होता है, तो उसके मन में भय पैदा होता है।

ब्रिटिश राज के औपनिवेशिक कानूनों का दौर हुआ खत्मः साय

सीएम विष्णुदेव साय ने तीन नए कानूनों पर आधारित पुस्तक का किया विमोचन

रायपुर/नवप्रदेश। देश में 1 जुलाई से नया आपराधिक कानून लागू हो चुका है। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने निवास कार्यालय में आज से देशभर में लागू हो रहे तीन नवीन कानूनों पर आधारित पुस्तक का विमोचन किया। उन्होंने अपने सोशल मीडिया पर तस्वीरें शेयर करते हुए लिखा कि भारतीय दंड संहिता अब भारतीय न्याय संहिता बन चुकी है। ब्रिटिश राज के औपनिवेशिक अपराध कानूनों का दौर खत्म हो गया है। बता दें, ब्रिटिश काल में बनाई गई आईपीसी (भारतीय दण्ड संहिता) को हटा कर बीएनएसयानि भारतीय न्याय संहिता, सीआरपीसी (दंड प्रक्रिया संहिता की जगह भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 1872 के स्थान पर अब भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 पेश किये गए तीनों नए कानून लागू हो गए हैं। सीएम साय ने पोस्ट पर लिखा कि अंग्रेजों के बनाए दंड विधानों से हम न्याय विधानों की ओर उन्मुख हो चुके हैं। जहां भारतीय दंड संहिता, 1860 के स्थान पर भारतीय न्याय संहिता, 2023, दंड प्रक्रिया संहिता, 1973 के स्थान पर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 के स्थान पर भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 2023 को नये सिरे से नये कलेवर में प्रस्तुत किया गया है। जैसा कि कहा जाता है कि न्याय मिलने में देरी, न्याय न मिलने के समान है। इस बात को ध्यान में रखते हुये नये कानूनों की प्रक्रिया में आवश्यकतानुसार व्यापक परिवर्तन किया गया है। जिससे पीड़ितों को त्वरित न्याय दिलाया जा सके। ऐसा करने से न्याय प्रणाली में आम जनता का विश्वास और मजबूत होगा।

न्यायपरक इस तीन नए कानून के लिए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, विधि मंत्रालय एवं देश के ख्यातिप्राप्त विधि विशेषज्ञों का सहृदय आभार व्यक्त करता हूं। हम विश्वास दिलाते हैं कि हमारी डबल इंजन की सरकार नवीन आपराधिक कानूनों की मंशा ■ शेष पृष्ठ 6 पर

मानहानि मामले में मेधा पाटकर को कोर्ट ने सुनाई 5 महीने की सजा

10 लाख रुपये का जुर्माना

नई दिल्ली। 2001 में वीके सक्सेना ने मेधा पाटकर के खिलाफ मानहानि का मामला दर्ज कराया था। जिस पर सुनवाई करते हुए साकेत कोर्ट ने उन्हें सजा दी है। मेधा पाटकर की उम्र वाली याचिका भी खारिज कर दी। 2001 में दिल्ली के वर्तमान एलजी वीके सक्सेना द्वारा समाजिक कार्यकर्ता मेधा पाटकर के खिलाफ दायर मानहानि मामला। साकेत कोर्ट ने मानहानि मामले में मेधा पाटकर को 5 महीने की सजा सुनाई। कोर्ट ने मेधा पाटकर पर 10 लाख का जुर्माना भी लगाया, जुर्माना की राशि वीके सक्सेना को देने का निर्देश दिया। कोर्ट ने कहा कि उम्र का हावला देने वाली दलील खारिज किया, कोर्ट ने कहा कि यह केस 25 साल तक चला। मेधा पाटकर ■ शेष पृष्ठ 6 पर

केजरीवाल ने फिर खटखटाया दिल्ली हाईकोर्ट का दरवाजा

गिरफ्तारी को बताया गैर-कानूनी

नई दिल्ली। दिल्ली शराब घोटाला मामले में फंसे मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने आबकारी नीति मामले में अपनी गिरफ्तारी और सीबीआई रिमांड को चुनौती दी है।

राउज एवेन्यू कोर्ट ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा बीती 29 जून को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया गया। सुनवाई के बाद

राउज एवेन्यू की स्पेशल सीबीआई कोर्ट ने केजरीवाल को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में तिहाड़ भेज दिया। दिल्ली शराब नीति मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को 26 जून को ■ शेष पृष्ठ 6 पर

महादेव बेटिंग एप मामले में पुलिस ने सात को किया गिरफ्तार

दुर्ग पुलिस ने हैदराबाद के दबोचा

दुर्ग-भिलाई/ नवप्रदेश। एंटी साइबर क्राइम यूनिट की टीम ने हैदराबाद में दबिश देकर ऑनलाइन महादेव सट्टा एप का पैनल चलाने वाले सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए सभी आरोपी भिलाई के रहने वाले हैं। पुलिस ने आरोपियों के पास से लैपटाप, मोबाइल समेत लाखों का लेखा-जेखा बरामद किया है।

एंटी साइबर क्राइम यूनिट

एएसपी ऋचा मिश्रा ने बताया कि भिलाई के कुछ युवक ऑनलाइन

महादेव सट्टा एप का पैनल हैदराबाद के तेलंगाना में चला रहे थे। सूचना मिलने के बाद एक टीम गठित कर टीम को रवाना किया गया। जहां एक मकान में छापामार कार्यवाही की। जहां पैनल संचालित करते एक नाबालिग समेत छह युवकों को ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा - गरम

उदासीनता

2008 में बाईपास की मिली थी स्वीकृति, जिला घोषित होने के बाद यातायात का दबाव बढ़ता जा रहा

चार साल से अटका ब्रिज, लागत 18 से बढ़कर हुई 53 करोड़

बाईपास सड़क के लिए आमनेर नदी पर बनाए जा रहे पुल के प्रति विभागीय कार्यप्रणाली पर सवाल

सेतु निगम चार साल में दो बार बदल चुका है ठेका, इस कारण पुल का काम धीमा

रायपुर/खैरागढ़/नवप्रदेश। शहर से यातायात का दबाव हटाने के लिए पिछले चार साल से बन रही बाईपास सड़क एक निर्माणधीन पुल के अधर में लटके होने की वजह से शहर की परेशानी लगातार बढ़ती जा रही है। वहीं दुर्घटनाओं में भी इजाफा हुआ है। लोगों का समय बर्बाद हो रहा है, पर शासन-प्रशासन जनता की सुविधा को लेकर अब भी अनदेखी कर रहे हैं। ऐसे में बाईपास सड़क 10 साल तक उलझा रहा। 2018 में इसका निर्माण शुरू किया गया, तो बाईपास की लागत 18 करोड़ से बढ़कर सीधे 53 करोड़ रुपए पहुंच गई।

शहर की जनता को परेशानियों से बचाने के लिए 6 किलोमीटर लंबी बाईपास सड़क में तीन स्तरीय पुलों का निर्माण प्रस्तावित किया गया था। चार साल पहले लोक निर्माण विभाग ने सेतु निगम द्वारा निर्माण कराए जा रहे आमनेर नदी पर बनने वाले पुल का आधा निर्माण भी अब तक नहीं हो पाया है। चार साल में दो ठेकेदार इसके लिए बदले जा चुके हैं, लेकिन इसमें

धीमी रफ्तार के चलते इसके निर्माण को पूर्ण होने में संशय की स्थिति बन गई है, जबकि साल भर पहले मुस्का और मोतीनाला में निर्माण शुरू होने वाले उगा स्तरीय पुलों का निर्माण कार्य अंतिम चरण में पहुंच गया है।

सोनेसरार तक 6 किमी बननी है बाईपास सड़क

बता दें कि शहर की अंदरुनी सड़क से यातायात का भार कम करने 2008 में शहर के बाहर शासकीय महाविद्यालय से लेकर सोनेसरार तक 6 किमी लंबी बाईपास सड़क निर्माण की स्वीकृति मिली थी। इस सड़क का निर्माण पूरा होने से शहर के अंदर राजनांदगांव-कवर्धा मार्ग में भारी वाहनों की आवाजाही से छुटकारा मिलना है। वहीं शहर के अंदर यातायात व्यवस्था का सुचारू संचालन भी व्यवस्थित होता, पर विकास कार्य की अनदेखी ने सब चौपट कर रखा है।

अनेक प्रक्रियाओं में लग गए 10 साल

जानकारी अनुसार जिला निर्माण के बाद लगातार बढ़ते यातायात दबाव के लिए बाईपास सड़क योजना को पूरा करना अति आवश्यक है, लेकिन बाईपास

काम में तेजी लाने के निर्देश

बाईपास सड़क निर्माण मे आमनेर नदी पर बन रहे पुल के धीमे रफ्तार पर सेतु निगम के अधिकारियों से चर्चा कर निर्माण में तेजी लाने कहा गया है। बाईपास सड़क निर्माण कार्य जल्द पूर्ण कराया जाएगा।

-टंकेश्वर साहू,
एसडीएम, खैरागढ़

सड़क निर्माण पर लगा ग्रहण अब तक छूट नहीं पाया है। बाईपास मामले में जमीन अधिग्रहण सहित अनेक प्रशासकीय प्रक्रियाओं में बाईपास सड़क 10 साल तक उलझा रहा। 2018 में ■ शेष पृष्ठ 6 पर

धरती को मिल गया 'नया चंद्रमा'

वैज्ञानिकों ने अंतरिक्ष में खोजा विशाल एस्टेरॉयड

वाशिंगटन। हमारा सौरमंडल हैरान करने वाले रहस्यों से भरा हुआ है। वैज्ञानिकों ने ऐसी ही आश्चर्यजनक खोज में एक क्षुद्रग्रह (ह्यह्लद्दह्लश्चद्बस्त्र) का पता लगाया है, जो सूर्य के चारों ओर अपनी वार्षिक परिक्रमा में पृथ्वी के साथ-साथ चल रहा है। इस एस्टेरॉयड को 2023 स्नड्ड13 नाम दिया गया है। वैज्ञानिकों ने एस्टेरॉयड को अर्द्ध-चंद्रमा या अर्द्ध-उपग्रह कहा है, क्योंकि यह चंद्रमा की तरह ही पृथ्वी के समान समय सीमा में सूर्य की परिक्रमा कर रहा है। हालांकि, ये पाया गया है कि एस्टेरॉयड पर पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण का भी खिंचाव पड़ा है। 50 फीट (15 मीटर) व्यास का एस्टेरॉयड पृथ्वी से लगभग 1.4 करोड़ किलोमीटर की दूरी पर स्थित है।

वैज्ञानिकों ने 28 मार्च 2023 के पैन-स्टार्स सर्वे दूरबीन की मदद से एस्टेरॉयड को देखा था। दूरबीन को हवाई द्वीप पर एक निष्क्रिय ज्वालामुखी के शीर्ष पर रखा गया था। कनाडा-फ्रांस-हवाई दूरबीन के साथ ही एरिजोना में दो ऑब्जर्वेटरी ने भी क्षुद्रग्रह की उपस्थिति की पुष्टि की। क्षुद्रग्रह को आधिकारिक तौर पर 1 अप्रैल को अंतरराष्ट्रीय खगोलीय संघ में माइनर प्लैनेट सेंटर ने सूचीबद्ध किया था। हमारे सौरमंडल में नए चंद्रमा, ग्रहों के साथ-साथ अन्य खगोलीय वस्तुओं को नामित करने की जिम्मेदारी इसी संगठन पर है।

खगोलशास्त्री एड्रियन कॉफ्निेट ने एस्टेरॉयट के मार्ग की मैपिंग के लिए एक कक्षा सिम्युलेटर का उपयोग किया। इस कक्षा सिम्युलेटर को शौकिया खगोलशास्त्री टोनी डन ने विकसित किया था। मॉडल में एस्टेरॉयड 2023 स्नड्ड13 को पृथ्वी के बराबर ही सूर्य के चारों ओर घूमते हुए देखा गया। एस्टेरॉयड धरती के चारों ओर चक्कर लगा रहा था, इसलिए कॉफ्निेट ने इसे अर्द्ध-चंद्रमा के रूप में वर्गीकृत किया। वैज्ञानिकों के अनुसार, एस्टेरॉयड कम से कम 100 ईसा पूर्व से हमारे ग्रह के साथ चक्कर लगाता हुआ प्रतीत होता है।

पृथ्वी से नहीं होगी टक्कर

वैज्ञानिकों के अनुसार, इस एस्टेरॉयड के सूर्य के चारों ओर अपनी कक्षा में पृथ्वी के चारों ओर लगभग साल 3700 अनुसरण करने की संभावना है। कॉफ्निेट ने कहा, यह पृथ्वी का अब तक ज्ञात सबसे लंबा अर्द्ध उपग्रह प्रतीत होता है। वैज्ञानिकों का मानना है कि क्षुत्रग्रह भले ही हमारे ग्रह के अपेक्षाकृत करीब मंडरा रहा है, लेकिन इसके पृथ्वी से टकराने की संभावना नहीं है।

न्यूज गैलरी

ए आर्मी चीफके सामने है चुनौतियों का अंबार

नई दिल्ली। भारतीय सेना के 30वें नए चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ जनरल उपेंद्र द्विवेदी की टेक्नोलॉजी में काफी रूचि है। जनरल उपेंद्र द्विवेदी वह अधिकारी हैं, जिन्होंने चीन के साथ तनावपूर्ण संबंधों के बीच नॉर्दन कमांड में सेना के मॉर्डनाइजेशन प्रोग्राम को सफलतापूर्वक लागू किया। टेक्नोलॉजी के साथ-साथ उन्होंने 'आत्मनिर्भर भारत' कार्यक्रम के तहत स्वदेशी हथियारों को विकसित करने में भी अहम भूमिका निभाई है। वहीं, उनके सामने कई चुनौतियां भी हैं। उन्हें चीन से मिल रही चुनौती के साथ जम्मू क्षेत्र में बढ़ रहीं आतंकी गतिविधियां, थिएटर कमांड का सफलतापूर्वक लागू करना और सेना की अग्निपथ स्कीम जैसे बड़े मसले का हल भी निकालना होगा।

जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने रविवार 30 जून को 12 लाख से ज्यादा फौजियों वाली भारतीय सेना के नए सेनाध्यक्ष की बागडोर संभाली। सोमवार को जनरल उपेंद्र द्विवेदी को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने मीडिया को संबोधित करते कहा कि थल सेना, वायु सेना और नौसेना के बीच तालमेल सुनिश्चित करना उनकी प्राथमिकताओं में से एक होगा। वह रक्षा में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए सेना में स्वदेश निर्मित सैन्य उपकरणों को शामिल करने को प्रोत्साहित करेंगे।

फिजिकल ट्रेनिंग में ब्लू स्ट्रैप से हो चुके हैं सम्मानित

जनरल उपेंद्र द्विवेदी के निजी जीवन के बारे में बात करते हुए उनके करीबी सूत्रों का कहना है कि अपनी स्कूली शिक्षा के दिनों से ही वह एक उत्कृष्ट खिलाड़ी रहे हैं और एनडीए और भारतीय सैन्य अकादमी (आईएमए) दोनों में उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया था, जहां उन्हें फिजिकल ट्रेनिंग में ब्लू स्ट्रैप से सम्मानित किया गया था। वहीं उनकी टेक्नोलॉजी में भी काफी रूचि रही है। वह भारतीय सेना की सबसे बड़ी कमान के आधुनिकीकरण और उसे सुसज्जित करने में भी शामिल थे, तथा उन्होंने 'आत्मनिर्भर भारत' के तहत स्वदेशी हथियारों को शामिल करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उत्तरी कमान में अपने कार्यकाल के दौरान, सेना ने नई तोपें, कई तरह के ड्रोन, लोइटरिंग गोला-बारूद, अगली पीढ़ी की बियॉन्ड-लाइन-ऑफ-साइट गाइडेड मिसाइल, दुश्मन के हवाई वाहनों को गिराने के लिए एंटी-ड्रोन सिस्टम, विशेष हाई एल्टीट्यूड वाले टैंक और मिसाइल लांचर प्राप्त करने की योजना पर काम किया। इनमें से कई उपकरण अब शामिल किए जा चुके हैं या खरीदे जाने की प्रक्रिया में हैं और इनका उपयोग हिमालय क्षेत्र के साथ किया जाना है।

रामेश्वरम द्वीप क्षेत्र में श्रीलंकाई नौसेना ने 26 भारतीय मछुआरों को पकड़ा

चेन्नई। तमिलनाडु के रामेश्वरम द्वीप क्षेत्र में एक बार फिर श्रीलंकाई नौसेना ने भारतीय मछुआरों को पकड़ा। रामेश्वरम द्वीप क्षेत्र के पास पाक खाड़ी समुद्री क्षेत्र में पंबन से मछली पकड़ने गए 26 भारतीय मछुआरों को श्रीलंकाई नौसेना ने पकड़ लिया। उनके साथ चार देशी नाव को जब्त कर लिया गया है।

पिछले महीने 18 मछुआरों को किया गया था गिरफ्तार

पिछले महीने ही श्रीलंकाई नौसेना ने अपने जलक्षेत्र में अवैध तरीके से मछली पकड़ने के आरोप में 18 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया था। उनके साथ मछली पकड़ने वाली तीन नौकाओं को भी जब्त कर लिया गया था।

इससे पहले भी श्रीलंकाई नौसेना ने चार भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया था और उनकी नौका जब्त कर ली थी। इस साल जनवरी में श्रीलंका की नौसेना ने 12 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया था। मछुआरों पर श्रीलंका के जलक्षेत्र में मछली पकड़ने का आरोप लगाया गया था।

180 से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार किया

बता दें कि इस साल अबतक श्रीलंका ने 180 से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार किया है। पिछले साल 240 से 245 लोगों को गिरफ्तार किया गया था।भारत और श्रीलंका के संबंधों में मछुआरों का मुद्दा एक विवादास्पद मुद्दा है। इस तरह की ज्यादातर घटनाएं पाक जलडमरूमध्य में होती हैं। यह तमिलनाडु से उत्तरी श्रीलंका के बीच एक पट्टी है। यह मछलियों के लिए समृद्ध क्षेत्र माना जाता है।

नए आपराधिक कानूनों पर अमित शाह का बयान

आजादी के 77 साल बाद आपराधिक न्याय प्रणाली पूरी तरह से स्वदेशी'

नई दिल्ली। देश में आज से लागू हुए नए आपराधिक कानून पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज संसद भवन के परिसर में मीडिया को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आजादी के 77 वर्षों के बाद आपराधिक न्याय प्राणली अब पूरी तरह से स्वदेशी हो चुका है। ये कानून जब आज से हर थाने में अपना काम करना चालू करेंगे तब अंग्रेजों के बनाएं हुए कानून निरस्त होंगे और भारत की संसद में बनाए गए कानून आएंगे। गृह मंत्री ने बताया कि छह धाराओं को निरस्त कर दो नई धाराएं जोड़ी गई हैं। उन्होंने इस नए कानून को नया नजरिया बताया। अमित शाह ने कहा कि सही मायने में न्याय व्यवस्था का भारतीयकरण हुआ।

आपराधिक प्रणाली में दंड की जगह न्याय लेगा

गृह मंत्री ने बताया कि नए आपराधिक प्रणाली में अब दंड की जगह न्याय लेगा। उन्होंने कहा, ÷देरी की जगह स्पीडी ट्रायल और स्पीडी जस्टिस मिलेगा और पहले सिर्फपुलिस के अधिकारों की रक्षा की गई थी अब पीड़ितों और शिकायतकर्ता के अधिकारों की रक्षा होगी। इस नए नजरिए के साथ ये तीनों कानून देश में लागू हुए हैं।



गवाहों की सुरक्षा के लिए प्रावधान लाए गए

अमित शाह ने बताया कि गवाहों की सुरक्षा के लिए प्रावधान लाया गया है। मॉब लिंचिंग के खिलाफभी नए आपराधिक कानून में प्रावधान है। अब महिला अपराध के प्रति कठोर दंड दिया जाएगा। शाह ने बताया कि नए कानून में कई प्रावधान ऐसे थे जो अंग्रेजों के समय से विवादों में थे। इन्हें नए प्रावधानों में बदला गया है। प्रावधानों के तहत प्राथमिकता तय की गई है। तलाशी और रेड की वीडियोग्राफी भी होगी।

अमित शाह ने कहा कि राजद्रोह की जगह देशद्रोह किया गया है। उन्होंने आगे कहा, ÷राजद्रोह एक ऐसा कानून था, जिसे अंग्रेजों ने अपने शासन की रक्षा के लिए बनाया था। महात्मा गांधी, तिलक महाराज, सरदार पटेल इन सभी ने इसी कानून के तहत छह-छह साल की सजा काटी थी। इसी कानून के तहत केसरी पर प्रतिबंध लगाया गया था। उन्होंने कहा, नए दृष्टिकोण के साथ ये तीनों कानून आधी रात से लागू हो चुके हैं। अब भारतीय दंड संहिता की जगह भारतीय न्याय संहिता है। दंड प्रक्रिया संहिता की जगह भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम की जगह इंडियन एविडेंस एक्ट की जगह भारतीय साक्ष्य अधिनियम है।

विपक्ष पर साधा निशाना

नए कानून को लेकर अमित शाह ने विपक्ष पर निशाना साधा। उन्होंने बताया कि संहिता को लेकर कुछ विपक्ष के मित्र अलग-अलग बातें मीडिया के सामने रख रहे हैं कि अभी ट्रेनिंग नहीं हुई है, चर्चा नहीं हुई है। शाह ने कहा, ÷लोकसभा में नौ घंटा 34 मिनट चर्चा हुई है, 34 सदस्यों ने हिस्सा लिया। राज्यसभा में सात घंटा 10 मिनट चर्चा हुई है, 40 सदस्यों ने हिस्सा लिया।÷

अमित शाह ने आगे बताया कि भारत की आजादी के बाद किसी भी कानून को पारित कराने के लिए इतनी लंबी चर्चा का प्रोसेस नहीं हुआ है। उन्होंने कहा, ÷चार साल तक इस कानून पर विचार हुआ और आपको अभी भी कुछ कहना है, तो आप जरूर आइए मैं सुनने को तैयार हूं। लेकिन कृपया इस कानून को जनता की सेवा करने का मौका देना चाहिए। समय पर न्याय मिलेगा तो देश का भला होगा।÷

महाराष्ट्र विधान परिषद चुनाव के लिए भाजपा ने किया उम्मीदवारों का एलान

महाराष्ट्र। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की केंद्रीय चुनाव समिति ने सोमवार को महाराष्ट्र विधान परिषद चुनाव के लिए उम्मीदवारों के नामों का एलान किया। जिन नामों की घोषणा की गई है, उनमें पंकजा मुंडे, योगेश तिलेकर, परिणय फुके, अमित गोरखे और सदाभाऊ खोत शामिल हैं। खास बात ये है कि भाजपा ने पंकजा मुंडे पर एक बार फिर भरोसा जताया है। पंकजा ने बीड से लोकसभा चुनाव चुनाव लड़ा था। हालांकि, वह राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के बजरंग सोनवाने से 6000 वोटों के मामूली अंतर से हार गई थीं। उनके चार समर्थकों ने उनकी हार के बाद कथित तौर पर आत्महत्या कर ली थी।

पंकजा मुंडे का नाम भी शामिल

12 जुलाई को होगा मतदान

राज्य की 11 विधान परिषद सीट पर 12 जुलाई को मतदान होगा। उसी दिन नतीजे भी घोषित किए जाएंगे। महाराष्ट्र भाजपा ने केंद्रीय नेतृत्व को 11 नामों की सूची भेजी थी। जिनमें से पांच नाम पर पार्टी ने मुहर लगाई है।

नीट : लाखों करोड़ कमाने वाला उद्योग, डीएमके का दावा

चेन्नई। तमिलनाडु की सत्तारूढ़ डीएमके ने सोमवार को नीट को एक उघोग बताया। उन्होंने कहा कि लाखों करोड़ कमाने वाले कोचिंग सेंटर के कल्याण का उद्योग नीट है। यह भी कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर प्रमुख दल है जो कि नीट के खिलाफआवाज उठाने वाला पहला राज्य है।

तमिलनाडु की सत्तारूढ़ डीएमके ने सोमवार को नीट को एक उघोग बताया। उन्होंने कहा कि लाखों करोड़ कमाने वाले कोचिंग सेंटर के कल्याण का उद्योग नीट है। यह भी कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर प्रमुख दल है जो कि नीट के खिलाफआवाज उठाने वाला पहला राज्य है।

नीट यूजी में अनियमितताओं के संबंध में कई लोगों की गिरफ्तारी हुई है। वहीं सीबीआई ने भी इस मामले में कई लोगों की तलाशी की है। डीएमके के तमिल मुखपत्र 'मुरासोली' ने इस ओर इशारा करते हुए कहा कि भाजपा की सहयोगी जदयू ने खुद ही अनियमितताओं पर एक प्रस्ताव पारित किया है। ÷भारत की प्रमुख पार्टियों ने नीट के खिलाफआवाज उठानी शुरू कर दी है।÷ डीएमके संसद के दोनों सदनों में नीट अनियमितताओं पर बहस के पक्ष में है। वहीं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने भी कहा है कि नीट मुद्दे पर विचार-विमर्श किया जाना चाहिए। कुछ समय पहले ही तमिलनाडु विधानसभा में खेल और युवा कल्याण मंत्री उदयनिधि स्टालिन ने द्रविड़ एल्गोरिथम पर बात की। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु ने बहुत पहले समझ लिया था कि 'नीट अच्छा है या बुरा।' इसी तरह तमिल लोगों ने दूसरों से पहले समझ लिया कि हिंदी थोपने का विरोध क्यों किया जाना चाहिए।

अनुराग ठाकुर का केजरीवाल पर हमला

'वर्क फ्रॉम होम तो सुना था, वर्क फ्रॉम जेल भी देख लिया'

नई दिल्ली। पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद का प्रस्ताव सदन में पेश किया। इस दौरान भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस ने गरीबों को और गरीब किया। जनता ने भी कांग्रेस को बार-बार नकारा है और तीसरी बार देश में स्थिर सरकार बनाई है। वहीं इस दौरान अनुराग ठाकुर ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर करारा हमला बोला। उन्होंने कहा कि हमने वर्क फ्रॉम होम तो सुना था, लेकिन अब वर्क फ्रॉम जेल देखने का अवसर विपक्षी गठबंधन ने दिया। विपक्ष पर निशाना साधते हुए अनुराग ठाकुर ने कहा कि जब ये भाजपा और प्रधानमंत्री मोदी का मुकाबला दो चुनावों में नहीं कर पाए तो एक ऐसा गठबंधन बनाया, जो जेल वाले और बेल वाले ने मिलकर बनाया, कुछ जेल में थे, कुछ बेल पर थे। कुछ यहां पर भी बेल वाले हैं। इन्होंने अपने

राहुल गांधी पर भी अनुराग का तंज

अनुराग ठाकुर ने एनडीए सरकार की पिछले 10 सालों की कई आर्थिक उपलब्धियों को गिनाया और राहुल गांधी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि लोकसभा में विपक्ष के नेता बनने से पहले तक वे बिना जिम्मेदारी के सत्ता का आनंद ले रहे थे।

दरअसल राहुल गांधी के विपक्ष के नेता बनने पर बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता के पास अब जिम्मेदारी के साथ सत्ता है और बिना किसी जिम्मेदारी के जमींदारी नहीं चलेगी।

राज्यसभा में खड़गे का भाजपा पर तंज

पीएम मोदी कहते थे कि एक अकेला सब पर भारी और अब...

नई दिल्ली। दो दिन के अवकाश के बाद सोमवार को फिर से लोकसभा और राज्यसभा का सत्र शुरू हुआ। केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग, नीट और अग्निपथ जैसे मुद्दों को लेकर विपक्ष ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सत्तारूढ़ भाजपा को घेरा। नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि पीएम मोदी ने भारत को शर्मिंदा किया है।

कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि सरकार ने शुरू में किसी भी पेपर लीक से इनकार किया, फिर बाद में उन्होंने स्पष्टीकरण दिया और स्वीकार किया कि अनियमितताएं हुई।

वे हमेशा घमंडिया गठबंधन कहते थे

राज्यसभा में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान खरगे ने कहा, 'पीएम मोदी ने भारत को शर्मिंदा किया है। वे हमेशा घमंडिया गठबंधन कहते थे, वे कहते थे कि मोदी है तो कुछ भी संभव है। लेकिन 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद भाजपा का अहंकार टूट गया है।' खरगे ने चुनावी रैलियों में धन के पुनर्वितरण, मंगलसूत्र, आरक्षण और मुजरा समेत अन्य मुद्दों पर कांग्रेस के खिलाफमोदी की टिप्पणी को लेकर भी भाजपा पर निशाना साधा।उन्होंने पीएम मोदी पर निशाना साधते हुए कहा, 'मोदी कहते थे कि एक अकेला सब पर भारी। पर आज एक अकेले पर कितने लोग भारी हैं। चुनाव ने दिखा दिया की देश का संविधान और जनता सब पर भारी है।'

एक बड़ा मुद्दा संविधान की रक्षा करना

'इस चुनाव में देखा गया कि एक बड़ा मुद्दा संविधान की रक्षा करना है। भाजपा ने कहा कि वह संविधान में संशोधन करेगी। लेकिन चुनावों ने साबित कर दिया कि मुद्दे आते रहते हैं और चलते रहते हैं लेकिन संविधान फलेगा-फूलेगा, लोकतंत्र बचेगा, चुनाव होते रहेंगे और हम भी यहां रहेंगे।' उन्होंने कहा कि आम लोगों ने इस लड़ाई में विपक्ष का साथ दिया। उन्होंने संविधान की रक्षा की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया। नेता प्रतिपक्ष ने संसद भवन परिसर में राष्ट्रीय नेताओं की प्रतिमाओं को स्थानांतरित करने पर भी सवाल उठाया। उन्होंने कहा, 'कोई बैठक या पूर्व परामर्श नहीं हुआ। यह ऐसे किया गया जैसे कि अधिनायकवादी शासन में हो।'

पेपर लीक से हजारों नीट उम्मीदवार प्रभावित

कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि पेपर लीक से हजारों नीट उम्मीदवार प्रभावित हुए। उन्होंने कहा कि सरकार ने शुरू में किसी भी पेपर लीक से इनकार किया, फिर बाद में उन्होंने स्पष्टीकरण दिया और स्वीकार किया कि अनियमितताएं हुई। विपक्ष के नेता ने अग्निपथ योजना को रद्द करने का भी आग्रह किया।

उन्होंने आगे कहा, 'राष्ट्रपति का कहना है कि हम मिलकर काम करेंगे। लेकिन शब्द केवल भाषण तक ही सीमित रहे हैं और कार्य में नहीं।' इसके साथ ही उन्होंने विपक्षी नेताओं की गिरफ्तारी और विपक्ष को चुप कराने के प्रयास में प्रवर्तन निदेशालय और केंद्रीय जांच ब्यूरो सहित केंद्रीय एजेंसियों के कथित दुरुपयोग को लेकर भी सरकार की आलोचना की।

बातों...बातों...में...! साप्ताहिक स्तंभ...सुकांत राजपूत

मिसाल थे ज़लील रिजवी...

छत्तीसगढ़ ही नहीं बल्कि बॉलीवुड तक जलील रिजवी एक नाम नहीं शिनाख्त थे। सिर्फ रंगमंच और कला के क्षेत्र में ही नहीं अपितु समाज के लिए भी उन्होंने एक आदर्श प्रस्तुत करके चले गए। इतने महान रंगकर्मी और छत्तीसगढ़ी गीतों का फिल्मांकन करने वाले संगवारी नाम से उनका एल्बम आज भी पसंदीदा है। बातों ही बातों में उनके जानने वाले एक मित्र ने बताया उन्होंने मुस्लिम होते हुए भी अपने बच्चों के हिंदु नाम...सौरभ, सौम्य और समीर नाम रखकर बता दिया नाम-जात और धर्म नहीं काम याद रखो। कला प्रेमियों को मलाल है कि संस्कृति विभाग ने और शासन ने ऐसों को पद्म सम्मान से नवाज़ा जो रिजवी साहब के पेअर के नाखून नहीं थे। यह सच भी है कि एक फिल्म करने वाले पद्म सम्मान हासिल कर लिए और पुराने व्हीएचएस कैमरे के जमाने से छत्तीसगढ़ के गानों का फिल्मांकन, संगवारी नाम के उनके एल्बम....'तैं बिलासपुरहिन मैं रायगढ़िया'....'बखरी के तुमा नार बरोबर मन झूमे रे' जैसे गीतों का फिल्मांकन किया....जय माँ बम्लेश्वरी का निर्देशन किया, कई रंगमंची प्रस्तुति दिए उन्हें शासन भूल कैसे गया... खैर, जन्नत नशीं जलील रिजवी और उनकी कला परख को हमारा सलाम।

सब्सिडी और फिल्म विकास निगम...

छत्तीसगढ़, छत्तीसगढ़िया भाखा, संस्कृति और फिल्मों के लिए राज्य शासन ने राज्य गठन के बाद से कई दफा लोकलुभावन वादा किया, लेकिन सब्सिडी तो दूर सभी जिलों में क्षेत्रीय भाषा की फिल्मों के लिए जगह तक मुहैया नहीं करवाई गई। आंकलन करें तो 33 जिलों में टॉकीज ही नहीं खुल पाया है। विडंबना यह कि हमारे ही राज्य में छत्तीसगढ़ी की फिल्म को सब्सिडी सबसे कम है। इसके उलट हमारे ही राज्य में अन्य भाषाओं की फिल्मों को 50 प्रतिशत तो छत्तीसगढ़ी को सिर्फ 33 प्रतिशत सब्सिडी की व्यवस्था की जाएगी। हालांकि बातों ही बातों में मित्र ने बताया कि बड़ी बात यह है कि राजपत्र में आ गया है। शासन को फिल्म विकास निगम बनाया है उसमें जो बेफिक्री का अलाम है उसी का खामियाजा छत्तीसगढ़ी फिल्म कलाकार और निर्माताओं को भुगतना पढ़ रहा है। सरकारी खर्च से सेटअप बनाकर जिनके जिम्मे इसे सौंपा गया है वो ऐसे निकले कि क्षेत्रीय फिल्मों को सब्सिडी तो दूर छत्तीसगढ़ के 33 जिलों में टॉकीज तक नहीं बना पाए हैं और खुद को छत्तीसगढ़िया फिल्म के विकास का खैरख्वाह बताते नहीं थकते। मिलेगी तो ऐसी मिलेगी यह राजपत्र में व्यवस्था दी जाएगी।

स्ट्रगलर से बन गए निर्माता...

यूट्यूबर अमलेश नागेश गरियाबंद जिले के हैं। प्रणव झा की फिल्म से कैरियर शुरू किये। एक समय के स्ट्रगलर अमलेश नागेश छत्तीसगढ़ी फिल्मों में कॉमेडियन के अलावा छोटे-मोटे रोल में दिखे। अब ये खुद फिल्म निर्माता बन गए हैं। इनकी आने वाली फिल्म है 'हांडा' यानि की 'हंड्डा'! प्रणव झा की फिल्म से कैरियर शुरू करने वाले नागेश सतीश जैन की फिल्म 'मया के कहानी' जो सुपरहिट रही उन्हें पहचान स्थापित करने में खासी मददगार साबित हुई। मनीष मानिकपुरी ने 'घुईयां' में लिया था। फिलहाल उनकी इस फिल्म के निर्माता मोहित साहू हैं और अमलेश नागेश निर्देशक के साथ मुख्य भूमिका में जलवा अफरोज होंगे। छत्तीसगढ़ी फिल्म 'हांडा' 7 जुलाई को टॉकीजों में लगेगी। छालीवुड के एक छलिया ने बातों ही बातों में कहा...चलो फिल्म विकास निगम ने जो नहीं किया अमलेश नागेश अपने साथ साथ छत्तीसगढ़िया फिल्मों और कलाकारों के अलावा छत्तीसगढ़ के फिल्म प्रेमियों के लिए कर तो रहे हैं।

कमाई वाली...छईयां भुईयां पार्ट टू

चलते चलते सुविधाओं से बेज़ार छालीवुड की सबसे कमाई वाली छत्तीसगढ़िया फिल्म 'मोर छईयां भुईयां' की भी बात करते चलें। मजे की बात यह कि इस फिल्म का पार्ट वन से जितनी कमाई नहीं हुई उससे ज्यादा पार्ट टू ने कमाकर दे दिया। बातों ही बातों में छालीवुड के बाबा मोज ने बताया कि 'मोर छईयां भुईयां' पार्ट टू ने 10 करोड़ का बिजनैस की...लागत डेढ़ से 2 करोड़ की थी। इसी तरह 'मोर छईयां भुईयां' पार्ट वन ने लगभग 2 से ढाई करोड़ का व्यवसाय की थी। चौंकाने वाली बात यह कि फिल्म की लागत महज 25 से 30 लाख की थी। इस फिल्म के निर्माता, निर्देशक और प्रोड्यूसर से ज्यादा फायदे में फिल्म का टुरा है...लेकिन वो आइस्क्रीम की क्रीम क्रीम चाटकर अभिनेता से लेकर नेता बन गया...जितना उसे पारिश्रमिक नहीं मिला उससे ज्यादा अब वो कमा रहा है जो सब लोगों से ज्यादा है।

अपने विचार नव प्रदेश की वेबसाइट www.navpradesh.com पर भेजें!

महतारी वंदन योजना की पांचवीं किश्त जारी

- **मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने लगभग 70 लाख माताओं-बहनों के खाते में 653 करोड़ 85 लाख रुपए की राशि अंतरित की**

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने महतारी वंदन योजना की पांचवीं किश्त एक जुलाई को जारी कर दी है। इस योजना अंतर्गत लगभग 70 लाख माताओं-बहनों के खाते में 653 करोड़ 85 लाख रुपए की राशि अंतरित हुई है।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री श्री साय ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी के अनुरूप विवाहित माताओं-बहनों को हर महीने महतारी वंदन योजना के अंतर्गत 1000 रूपए देने का संकल्प लिया था। शपथ लेने के तीन महीने के भीतर ही इस महती योजना पर काम शुरू हो गया। प्रशासनिक अमले ने तेजी से सर्वे का काम पूरा करते हुए हितग्राही महिलाओं से फार्म भरवाए और प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 10 मार्च को महतारी वंदन योजना की पहली किश्त जारी की थी। इसके पश्चात नियमित रूप से यह किश्त जारी की जा रही है। नियमित रूप से यह राशि आने की वजह से महिलाएं काफी खुश हैं। कुछ महिलाएं अपने घरेलू बजट को इससे व्यवस्थित कर पा रही हैं, कुछ महिलाएं इस राशि को अपनी बच्चों की पढ़ाई-लिखाई में खर्च कर रही हैं तथा कुछ भविष्य के लिए निवेश कर रही हैं। महतारी वंदन योजना के क्रियान्वयन में सुशासन के मूल्य स्पष्ट झलकते हैं। डीबीटी के माध्यम से राशि का अंतरण हो रहा है इससे पूरी प्रक्रिया पारदर्शी है। बीते दिनों जनदर्शन में बहुत सी महिलाएं आयी उन्होंने अपने आवेदन दिए साथ ही महतारी वंदन योजना को लेकर अपनी खुशी भी जाहिर की। इन महिलाओं ने मुख्यमंत्री से कहा कि विष्णु का सुशासन हमारे जीवन में बहुत सुख-समृद्धि लेकर आया है। इसके पहले महिलाओं को लेकर इतनी अच्छी योजना हमारे राज्य में क्रियान्वित नहीं की गई थी। इससे हमारे सपने पूरे हो रहे हैं।

चिकित्सक दिवस के अवसर पर

श्री नारायणा हॉस्पिटल एवं महिला चेम्बर के संयुक्त तत्वावधान में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन

रायपुर/नवप्रदेश। महिला चेम्बर अध्यक्ष श्रीमती मधु अरोरा बताया कि आज 1 जुलाई 2024 को चिकित्सा दिवस के उपलक्ष्य में श्री नारायणा हॉस्पिटल एवं महिला चेंबर के संयुक्त तत्वाधान में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन श्री नारायणा हास्पीटल, देवेन्द्रनगर, रायपुर में किया गया जहां महिला चेम्बर के सदस्यों एवं आमजनों द्वारा रक्तदान किया गया।

रक्तदान शिविर में डॉ. प्रीतम अग्रवाल-चिकित्सा अधीक्षक, हड्डी रोग विशेषज्ञ, कंधे एवं घुटने के विशेषज्ञ, डॉ. ए. चंद्रा राव-वरिष्ठ गहन विशेषज्ञ, डॉ. धनंजय प्रसाद- पैथोलॉजी एवं ब्लड बैंक प्रमुख, डॉ. अंकिता पटेल-बच्चों का चिकित्सक, डॉ.नयन सिंह-आपातकालीन प्रभारी, श्री अतुल सिंघानिया-प्रबंध निदेशक, डॉ. मेघा खेमका प्रशासनिक अधिकारी श्री नारायणा हास्पीटल, रायपुर ने अपना भरपूर सहयोग दिया।

श्रीमती अरोरा ने बताया कि चिकित्सक दिवस के उपलक्ष्य में स्वैच्छिक रक्तदान हेतु लोगों में जागरूकता लाने तथा रक्तदान करने से होने वाले लाभ की जानकारी देने श्री नारायणा हॉस्पिटल एवं महिला चेम्बर द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जहां रक्तदान के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य हेतु रक्तवीरों एवं चिकित्सकों का महिला चेम्बर द्वारा सम्मान किया गया।

श्रीमती अरोरा ने आगे कहा कि समाज के प्रति अपने दायित्व का निर्वहन करते हुए जब बड़ी जिम्मेदारी कंधे पर सवार होती है तो संघर्षों का सामना, राह में रुकावटें बनना सहज है, परंतु वही आपको जीवन वृहद प्रबंधन का गुण भी सिखाती है। स्वैच्छिक रक्तदान शिविर के माध्यम से आज चिकित्सक दिवस के अवसर पर महिला चेम्बर उन समस्त चिकित्सकों का धन्यवाद ज्ञापित करती है जो दूसरों की जिंदगी बचाने एवं संवारने में अपना पूरा जीवन लगा देते हैं।

पहले होटल बुलाकर युवती से किया दुष्कर्म फिर परिजनों को भेजा पीड़िता का अश्लील वीडियो

- **गंज थाना पुलिस ने एक साल बाद किया आरोपी रमेश गुप्ता को गिरफ्तार**

रायपुरझ/नवप्रदेश। रेप के आरोप में रायपुर पुलिस ने उत्तर प्रदेश से एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पीड़िता का आरोप है कि निजी कार्य से आए यूपी निवासी युवक ने युवती को मिलने होटल बुलाकर दुष्कर्म किया और उसका अश्लील वीडियो बना लिया। इस घटना के बाद युवक ने अश्लील वीडियो बनाकर युवती के परिजनों को भेज दिया। जिसकी शिकायत पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। यह मामला रायपुर के गंज थाना क्षेत्र का है। पुलिस के अनुसार, बीते 15 जून को पीड़िता ने आरोपी रामनरेश गुप्ता के विरुद्ध लिखित शिकायत दर्ज कराई थी 14 जून 2023 को आरोपी ने उसे मिलने के लिए स्टेशन रोड रायपुर स्थित होटल बुलाकर जबरदस्ती उसके साथ शारीरिक संबंध बनाया और होटल वाली बात घर वालों को बता देने के लिए परेशान करते हुए पीड़िता पर शादी का दबाव डाला और मना करने पर उसका न्यूड वीडियो फोटो को पीड़िता के परिवार वालों के व्हाट्सएप पर भेज दिया। इसपर गंज थाना में आरोपी के खिलाफ धारा 376 (2) (एन),509(ख) के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना में लेते हुए आरोपी की पता तलाश के लिए उसके मोबाइल नंबर का लोकेशन प्राप्त कर पुलिस टीम को चित्रकूट उत्तर प्रदेश रवाना किया गया था जहां काफी मशक्कत के बाद पुलिस ने आरोपी रामनरेश गुप्ता (34 साल) को ढूंढ निकाला और थाने ले आई। जिसके बाद आरोपी को कोर्ट में पेश कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

खाद्य विभाग का सर्वर तीन दिवस रहेगा बाधित

रायपुर/नवप्रदेश। खाद्य विभाग का सर्वर तीन दिवस बाधित रहेगा, किन्तु खाद्यान्न वितरण पोर्टल को छोड़कर विभागीय सर्वर ही बाधित रहेगा। विभागीय आनलाइन कार्रवाई राज्य डाटा सेंटर में स्थित विभागीय सर्वर के माध्यम से संचालित किया जा रहा है। जिसमें विभागीय डाटाबेस को स्थानांतरित करने की कार्यवाही 01 जुलाई से 03 जुलाई 2024 तक किया जाएगा। विभाग द्वारा एसीडी सर्वर में समय-समय पर ऑनलाईन जानकारी अपडेट की जाती है।खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण संचालनालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्तमान में समस्त विभागीय ऑनलाईन कार्यवाही (खाद्यान्न वितरण पोर्टल को छोड़कर) राज्य डाटा सेंटर में स्थित विभागीय सर्वर के माध्यम से संचालित किया जा रहा है।

छत्तीसगढ़ में हुए शराब घोटाला मामले में ईओडब्लू एसीबी ने दस हजार पन्नों का चालान किया पेश

- **अनवर ढेबर, अरुणपति त्रिपाठी समेत सभी आरोपियों की बढ़ सकती हैं मुश्किलें**

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित 2 हजार करोड़ से अधिक के शराब घोटाला मामले में राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण एवं एंटी करप्शन ब्यूरो ने सोमवार को कोर्ट में चालान पेश किया। घोटाले के आरोपी अनवर ढेबर, अरुणपति त्रिपाठी समेत सभी के खिलाफ10 हजार से अधिक पन्नों का चालान पेश किया गया। अब इस मामले में आरोपियों की मुश्किलें और बढ़ सकती है। ईओडब्लू ने करीब दो दर्जन पैकेट में 10 हजार से अधिक पन्नों में यह चालान और संलग्नक (एनेक्स्चर) पेश किया है। मामले की जांच कर रही एजेंसी ने बीते तीन वर्ष में कुल 2161 करोड़ के शराब घोटाले का खुलासा किया है। ईओडब्लू के चालान में ईडी की रिपोर्ट पर की गई जांच और गिरफ्तारियों का उल्लेख है। ईडी ने बीते 17 जनवरी को ईओडब्लू में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। हालांकि ईडी ने उससे 10 महीने पहले मार्च 2023 को भी ईओडब्लू को रिपोर्ट दी थी, लेकिन कांग्रेस सरकार होने से एफआईआर नहीं हो सकी थी, क्योंकि घोटाले के सभी आरोपी कांग्रेस सरकार और संगठन के करीबी रहे हैं। इस तरह से करीब पांच महीने में ही ईओडब्लू ने यह चालान पेश किया है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक प्रस्तुत किया जाने वाला यह चालान कुल 10 हजार पन्नों से अधिक का है। इस चालान में अरुणपति त्रिपाठी के अलावा अन्य गिरफ्तार आरोपी रायपुर महापौर के बड़े भाई अनवर ढेबर, रिटायर्ड आईएएस अधिकारी अनिल टुटेजा एवं अन्य व्यक्तियों को भी आरोपी बनाया गया है। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक, इस मामले में और भी लोगों की गिरफ्तारियां होगी। जैसे ही शराब घोटाले मामले में अन्य गिरफ्तारियां होंगी, ब्यूरो की ओर से अनुपूरक (सप्लीमेंटरी) चालान भी पेश किया जाएगा।

वित्त मंत्री ओपी चौधरी की पहल पर 17 महाविद्यालयों के लिए 80 करोड़ स्वीकृत

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देशन पर वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी ने राज्य के उच्च शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। उन्होंने राज्य के 17 महाविद्यालयों के लिए 79 करोड़ 19 लाख की राशि स्वीकृत की है। यह निर्णय शिक्षा क्षेत्र में गुणवत्ता और प्रगति की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, इससे राज्य के महाविद्यालयों में शिक्षा और अनुसंधान क्षमताओं में सुधार करने का अवसर मिलेगा। इस राशि का उपयोग शिक्षा सेवाओं के विस्तार और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए किया जायेगा। राज्य के युवाओं को नवीनतम, उन्नत और विशेषज्ञता प्राप्त करने के भी अवसर मिलेंगे।

वित्त मंत्री श्री चौधरी के इस कदम से स्पष्ट है कि वे शिक्षा के माध्यम से राज्य के युवाओं के कैरियर में सुधार और प्रगति को बढ़ावा देने के पक्षधर हैं। उन्होंने शिक्षा में गुणवत्ता, समानता और सुविधाओं के स्तर में सुधार करने का संकल्प लिया है, जो राज्य के युवाओं के भविष्य के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है।

छत्तीसगढ़ के आदिवासी बहुल बस्तर, सरगुजा सहित मैदानी इलाकों के महाविद्यालयों के लिए राशि मंजूर की गई है। इसमें शासकीय महाविद्यालय समोदा (रायपुर), शासकीय महाविद्यालय मोपका-निपनिया (बलौदाबाजार-भाटापारा) शामिल है। इसी प्रकार शासकीय महाविद्यालय पिरदा (महासमुंद), शासकीय महाविद्यालय ठेलकाडीह (राजनांदगांव), शासकीय महाविद्यालय बरमकेला (रायगढ़), शासकीय महाविद्यालय नगरदा (जांजगीर-चांपा), शासकीय महाविद्यालय सकरी (बिलासपुर), शासकीय महाविद्यालय सारागांव (जांजगीर-चांपा), शासकीय महाविद्यालय बासीन (बालोद) सहित अन्य महाविद्यालयों के लिए राशि स्वीकृत की गई शामिल है।

छात्राओं को जल्द मिलेगी साइकिल

पंचायतों-स्कूलों की लाइब्रेरी में रखे जाएंगे बच्चों के लिए पुरानी स्कूली किताबें

- **कीचन गार्डन में उपयोगी साग-सब्जी का करें उत्पादन**
- **बच्चों को जल्द मिलेगा दो-दो जोड़ी स्कूल ड्रेस**

रायपुर/नवप्रदेश। जिले के स्कूली बालिकाओं को जल्द ही साइकिल उपलब्ध कराए जाएंगे। इससे बालिकाओं को घर से स्कूल आने-जाने में बड़ी राहत मिलेगी। साथ ही पंचायत व स्कूलों की लाइब्रेरी में पुरानी ऐसी किताबें रखी जाएगी, जो अतिरिक्त हो या जिसे पढ़ा जा चुका है। यह नए विद्यार्थियों के लिए उपयोगी साबित होगी और विद्यार्थी अवकाश के दिन में भी उन किताबों को पढ़ सकेंगे। संकुल की पुरानी किताबों को जल्द ही लाइब्रेरी में संग्रहित किए जाएंगे। शासकीय, अनुदान प्राप्त और निजी स्कूलों में पाठ्य पुस्तकों का समय बद्ध वितरण किया जाए।

कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने कलेक्ट्रेट परिसर स्थित रेडक्रॉस सभाकक्ष में समीक्षा करते हुए कहा कि स्कूलों में कीचन गार्डन में ऐसे साग-सब्जी जैसे टमाटर, मिर्ची, धनिया का उत्पादन किया जाए, जो उपयोगी हो और बच्चों के मध्यान्ह भोजन में सब्जी काम आए। साथ ही बच्चों को दो-दो जोड़ी स्कूल ड्रेस जल्द से जल्द उपलब्ध कराया जाएं। कलेक्टर ने कहा कि यदि कोई स्कूल भवन या उसका कोई हिस्सा जर्जर हो और नए भवन का निर्माण कराया जाना हो तो पुराने भवनों का विधिवत रूप से नष्ट किया जाए और उनके मलबे का नीलामी की प्रक्रिया भी करें, इसकी जानकारी स्कूल अभिलेख में दर्ज करें। उन्होंने परीक्षा परिणाम में सुधार लाने और पढ़ाई में गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देष दिए।

डॉ. सिंह ने स्कूल शिक्षा विभाग में तील साल से अनुपस्थित कर्मियों की सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए है। इसके पश्चात उन कर्मियों पर कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने प्रत्येक विकासखंड से दो-दो स्कूल भवन के निर्माण मरम्मत और कीचन शेड बनाने के लिए प्रस्ताव तैयार कर भेजने के निर्देश भी दिए है। उन्होंने कहा कि किचन शेड ऐसा बनाया जाए जो उपयोगी हो। बालबाड़ी के बच्चों प्राथमिक शाला में दाखिला दिलाया जाए। उन्होंने कहा कि मध्यान्ह भोजन की जानकारी प्रतिदिन जिला पंचायत सीईओ को भेजी जाए।

इसके अलावा आरटीई, छात्र दुर्घटना बीमा योजना, छात्रवृत्ति, नवाचार, शिक्षक सेटअप, महतारी दुलार योजना, समग्र शिक्षा के कार्यों की समीक्षा की। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्री विश्वदीप, डीईओ श्री विजय खंडेलवाल, जिला समन्वयक समग्र शिक्षा श्री के. एस. पटले समेत अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही में एसईसीएल का कोयला उत्पादन 41 मिलियन टन के पार

- **ओबीआर एवं ऑफटेक में भी कंपनी ने अब तक के सर्वाधिक आंकड़े को छुआ**

बिलासपुर/नवप्रदेश। एसईसीएल ने वित्तीय वर्ष 24-25 की पहली तिमाही में शानदार प्रदर्शन करते हुए 41.95 मिलियन टन कोयला उत्पादन दर्ज किया है। वहीं हाल ही में समाप्त हुए जून महीने में कंपनी ने 14 मिलियन टन से अधिक कोयला उत्पादन हासिल किया है। कंपनी की स्थापना के बाद से किसी भी जून माह एवं वित्तीय वर्ष की किसी भी पहली तिमाही में यह अब तक का यह सर्वाधिक कोयला उत्पादन है।

कोयला उत्पादन के साथ-साथ एसईसीएल ने अप्रैल-जून 2024 तिमाही में देश भर के बिजली संयन्त्रों को रिकॉर्ड 47.50 मिलियन टन कोयले की आपूर्ति की है। कंपनी ने पिछले वर्ष की तिमाही की तुलना में इसमें 7त्न से अधिक की बढ़ोत्तरी दर्ज की है।

ओवर बर्डन रिमूवल की बात करें तो कंपनी द्वारा जून 2024 को समाप्त तिमाही में अब तक का सर्वाधिक 92.32 मिलियन क्यू.मी. ओबीआर दर्ज किया है जोकि पिछले वित्तीय वर्ष की इसी तिमाही से 6.35 मिलियन क्यू.मी. (7.3त्न) अधिक है। कंपनी ने 31.33 मिलियन क्यूबिक मीटर के साथ किसी भी जून माह में सर्वाधिक ओबीआर का नया रिकॉर्ड बनाया है।

पिछले वर्ष जून में कंपनी ने 26.04 मिलियन क्यूबिक मीटर ओबीआर किया था और इस प्रकार इस इस जून माह में कंपनी ने ओबीआर में 20त्न से अधिक की बढ़ोत्तरी दर्ज की है।

विदित हो कि कंपनी ने बीते वित्तीय वर्ष 23-24 में लगातार दूसरे वर्ष 20 मिलियन टन से अधिक की वृद्धि के साथ रिकॉर्ड 187 मिलियन टन कोयला उत्पादन दर्ज किया है जो कि कंपनी के इतिहास का सर्वाधिक कोयला उत्पादन है। वित्तीय वर्ष 24-25 के लिए कंपनी को 206 मिलियन टन कोयला उत्पादन का वार्षिक लक्ष्य मिला है।

सुविचार

जिंदगी को समझना आसान नहीं। कोई सपनों की खातिर अपनों से दूर रहता है तो कोई अपनों की खातिर सपनों से दूर रहता है। - अज्ञात

टीम इंडिया की अद्‌भुत अविस्मरणीय जीत

टी-20 वर्ल्ड कप में भारतीय क्रिकेट टीम ने एक रोमांचक मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को हराकर अद्‌भुत और अविस्मरणीय जीत हासिल कर भारत के 140 करोड़ लोगों का दिल जीत लिया। रोहित शर्मा की कप्तानी में टीम इंडिया ने अपने ग्रुप के सभी मैच जीतकर फाइनल में प्रवेश किया था। वहीं दूसरी ओर दक्षिण अफ्रीका ने भी अपने ग्रुप के सभी मैच जीतकर वर्ल्ड कप के इतिहास में पहली बार फाइनल में जगह बनाई थी। फाइनल मुकाबला बेहद रोमांचक होने की उम्मीद थी और ऐसा ही हुआ। पूरे वर्ल्ड कप के दौरान हर मैच नीरस था। लेकिन फाइनल मुकाबले ने भारत और दक्षिण अफ्रीका की टीम ने अपना सबकुछ झोंक दिया था इसलिए दोनो के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली। टॉस जीतकर भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया था। लेकिन मात्र 23 रनों के स्कोर पर कप्तान रोहित शर्मा सहित तीन विकेट गिर गए। किन्तु विराट कोहली जो पूरे टूर्नामेंट में नहीं चल पाए थे। उन्होंने एक छोर संभाल लिया और शानदार 76 रन बना डाले। अक्षर पटेल और शिवम दुबे ने भी शानदार बल्लेबाजी की और भारतीय टीम के स्कोर को 176 रनों तक पहुंचा दिया। इस मैदान पर यह किसी भी टीम का सबसे बड़ा स्कोर था ऐसे में भारत की जीत सुनिश्चित लग रही थी। किन्तु दक्षिण अफ्रीका की टीम ने भी शानदार खेल दिखाया। एक समय तो स्थिति यह आ गई थी कि आखिरी की 24 गेंदों पर अफ्रीका को सिर्फ 26 रनों की दरकार थी। और उसके छह विकेट बाकी थे। क्रीज पर मौजूद दोनों धाकड़ बल्लेबाज भारतीय स्पीनरों को धुनाई कर रहे थे। ऐसे में भारत की हार की आशंका बलवती हो गई थी। भारत में तो कई लोगों ने टीवी बंद कर दिया था और सोशल मीडिया पर भारतीय क्रिकेट टीम की आलोचना भी शुरू कर दी थी किन्तु तभी चमत्कार हुआ और 23 गेंदों पर 50 रन बनाने वाले क्लासेन विकेट गिरने के बाद टीम इंडिया ने गेम में वापसी कर ली । भारत की ओर से 19वां ओवर अर्शदीप सिंह ने डाला और मात्र आठ रन दिये। इस तरह 20वें और आखिरी ओवर में दक्षिण अफ्रीका को 16 रन बनाने थे। डेविड मिलर जैसा खेल रहे थे उसे देखते हुए यही लगा कि वे दक्षिण अफ्रीका को जीत दिला सकते हैं किन्तु यही मैच का टर्निंग प्वाइंट आया और बीसवें ओवर की पहली गेंद जो हार्दिक पंडेया ने डाली थी। उसपर डेविड मिलर ने जोरदार शाट लगाया गेंद बाउंडरी लाइन के बाहर जा रही थी। लेकिन सूर्यकुमार यादव ने इस पूरे टूर्नामेंट का सबसे बेहतरीन कैच लपक कर मैच का रूख बदल दिया। सूर्यकुमार यादव के इस शानदार कैच ने भारतीय क्रिकेट टीम के सूर्यास्त को सूर्योदय में बदल दिया। यह भी एक संयोग है कि 1983 में वन डे वर्ल्ड कप में भारतीय टीम ने फाइनल मैच में वेस्टइंडीज को हराया था। तब कपिल देव ने भी ऐसा ही कैच पकड़कर मैच का रूख बदल दिया था। वैसे तो टीम इंडिया की इस जीत में सभी खिलाड़ियों का समान रूप से योगदान रहा है लेकिन सूर्यकुमार यादव के कैच को भारतीय क्रिकेट प्रेमी सालों साल नहीं भूल पाएंगे। टी-20 मैच में 17 सालों के बाद और आईसीसी ट्राफी में 11 साल बाद मिली यह जीत वाकई अद्‌भुत है। इसके लिए टीम इंडिया की जितनी भी तारीफ की जाए वह कम है टीम इंडिया ने गेंदबाजी और बल्लबाजी के साथ ही क्षेत्र रक्षण में भी कमाल का प्रदर्शन किया और रोहित शर्मा ने शानदार कप्तानी की। सभी के समवेत प्रयासों से भारतीयों को यह खुशी मिली है जिसके लिए टीम इंडिया साधुवाद की पात्र है।

रोहित, विराट और जडेजा का टी-20 मैचों से संन्यास

टी-20 वर्ल्ड कम भारत की भारत की झोली मे डालने के बाद रोहित शर्मा ने टी-20 मैचों से संन्यास लेने की घोषणा कर दी है। उनके साथ ही धाकड़ बल्लेबाज विराट कोहली तथा आलराउंडर रविन्द्र जडेजा ने भी टी-20 मैचों को अलविदा कह दिया है। इस शानदार उपलब्धि के बाद इन दिग्गजों का संन्यास लेना पीड़ा दायक तो है लेकिन यही सही समय है रोहित शर्मा ने 2007 में क्रिकेट खेलना शुरू किया था और वे महेन्द्र सिंह धोनी की कप्तानी वाली उस टीम इंडिया के हिस्सा थे। जिसने 2007 में टी-20 वर्ल्ड कप जीता था और अब वे 2024 का वर्ल्ड कप जीतकर टी-20 मैचों से विदा ले रहे हैं। निश्चित रूप से रोहित शर्मा, विराट कोहली और रविन्द्र जडेजा की इससे बेहतर विदाई और कोई नहीं हो सकती। इसी के साथ ही भारतीय क्रिकेट टीम के कोच राहुल द्रविड भी अब कोच के पद से निवृत्त होने जा रहे हैं हालांकि रोहित शर्मा और विराट कोहली में बहुत क्रिकेट बाकी है। वे अभी और कई सालों तक टी-20 मैच खेल सकते हैं लेकिन उन्होंने नए लड़कों को अवसर देने के लिए टी-20 मैचों से संन्यास की घोषणा कर दी है और नए लड़कों को अपनी विरासत सौंप दी है जो टीम इंडिया को और ऊंचे मुकाम पर ले जाने में सक्षम हैं। टी-20 के मैचों में रोहित शर्मा और विराट कोहली की कमी भारतीय क्रिकेट प्रेमियों को बहुत खलेगी लेकिन उनकी जगह लेने वाले नए खिलाड़ी भारतीय क्रिकेट टीम को और आगे ले जाएंगे यह उम्मीद की जानी चाहिए। वैसे रोहित शर्मा विराट कोहली और रविन्द्र जडेजा वनडे और टेस्ट मैचों में अपना जलवा दिखाते रहेंगे जो भारतीय क्रिकेट प्रेमियों के लिए राहत की बात है।

प्रेरक प्रसंग

मेहनत की रोटी

गुरूनानक जी एकदिन एक साधारण बढ़ई लालो की गुरूभक्ति से प्रसन्न होकर उसके यहाँ ठहर गए। इसकी खबर उस इलाके के प्रमुख मलिक भागो के कानों तक पहुँची। तब समाज में ऊँच-नीच की भावना व्याप्त थी। भागो यह कैसे सहन करे कि एक संत एक बढ़ई के घर में निवास करें। उन्होंने तुरन्त अपने यहाँ भोजन करने के लिए आमन्त्रित किया। उस समय गुरू जी भजन गा रहे थे और उनका शिष्य मर्दाना रवाब बजा रहा था। उन्होंने मलिक भागो से कहा, 'मैं आपके यहाँ भोजन ग्रहण नहीं करूँगा।' भागो अपमान से जलने लगा।

पूछा, 'आखिर क्यों? क्या मैं इससे भी नीच हूँ।' गुरू जी ने कहा, 'ठीक है, अपनी खाद्य सामग्री दे दो।'

गुरू जी ने उसे अपने हाथों में लेकर निचोड़ा। अरे यह क्या? खून निकलने लगा। उन्होंने लालो से अपना भोजन मँगवाया। वही रूखी सूखी रोटी और साग। उसे निचोड़ने लगे- दूध की धारा? गुरू जी ने कहा अब समझे तेरी कमाई पसीने की नहीं, शोषण की कमाई है। बेचारा मलिक भागो लज्जित हो गया।

आज का पंचांग

सूर्योदय : 05:46, सूर्यास्तः 19:20, चन्द्रोदय : 26:11, चन्द्रास्त : 14:56, अयन दक्षिणायन, ऋतु : वर्षा, शक सम्वत : 1946 (क्रोधी), विक्रम सम्वतः 2081 (कालयुक्त) पिंगल, संवत्सर : क्रोधी, संवत्सर (उत्तर) कालयुक्त, युगाब्दः (कलि संवत) 5126, मास : आषाढ, पक्ष : कृष्ण, तिथि : एकादशी, नक्षत्र : कृतिका, योग : धृति, प्रथम करण : विष्टि (10:26 तक), द्वितीय करण : बव (21:32 तक)।

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : मिथुन, चंद्र : मेष, मंगल : मेष (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध : कर्क (उदित, पूर्व, वक्री), गुरुः वृष (उदय, पूर्व, मार्गी), शुक्र : मिथुन (अस्त, पूर्व, मार्गी), शनि : कुम्भ (उदित, पूर्व, वक्री), राहु : मीन, केतु : कन्या,

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त : 12:04 से 12:58, राहुकाल : 13:30 से 15:00, यमगण्ड : 10:50 से 12:31, दुर्मुहूर्तः 12:58 से 13:52, अमृत काल : 24:51 से 26:23, विजय मुहूर्त : 14:41 से 15:37, गोधूलि मुहूर्त : 19:21 से 19:41, सायाह्न सन्ध्या : 19:22 से 20:22, निशिता मुहूर्त:24:01 से 24:41,राहुवास : उत्तर-पश्चिम, होमाहुति : राहु, दिशाशूल : पूर्व, अग्निवासः पृथ्वी (10:26 तक), भद्रावासः स्वर्ग (10:26 तक), चन्द्रवास : पूर्व, शिववास : क्रीड़ा में (10:26 से कैलाश पर)।

नीरज मनजीत

शुरू के कुछ सालों तक बाबर आजम के कुछ प्रशंसकों ने उसे विराट के बराबर रखने की कोशिश की, मगर जल्दी ही उन्हें समझ में आ गया कि बाबर आजम पाकिस्तानी विकेटों पर तो जमकर रन बनाते हैं, पर पाकिस्तान से बाहर आते ही उनकी कमजोरी खुलकर सामने आ जाती है। अब विराट के साथ जसप्रीत बुमराह का नाम भी जुड़ गया है। पाकिस्तान का मीडिया और उनके क्रिकेट समीक्षक जसप्रीत की खुलकर तारीफकर रहे हैं। इंजमाम उल हक के बयानों ने कुछ कड़वाहट जरूर पैदा की है, जब उन्होंने अर्शदीप पर बॉल टेंपरिंग का इल्ज़ाम लगा दिया था। दरअसल अर्शदीप हर मैच में विकेट ले रहा था। उसे रिवर्स स्विंग भी मिल रही थी। इंजमाम का तर्क था कि जब पाकिस्तान के मशहूर तेज गेंदबाज अमेरिका में रिवर्स स्विंग नहीं करवा पा रहे थे, तब कल का नौजवान लड़का ऐसा करने में कामयाब कैसे हो रहा था। इंजमाम को याद रखना चाहिए कि आजकल क्रिकेट मैदान में बीस तीस कैमरे लगे होते हैं। मैदान में घास का एक तिनका भी कैमरे की आँख से नहीं बच पाता, तब अर्शदीप का बॉल को टेंपर करना कैसे ओझल हो सकता है। दरअसल यह अर्शदीप की काबलियत है, जो वह इस नौजवानी में रिवर्स स्विंग करने में कामयाब हो पा रहा है। इस बयान को छोड़ दिया जाए तो पाकिस्तान के क्रिकेट प्रेमी जिस तरह से भारत की जीत से खुश हैं, वह एक अच्छा संकेत है।

स्टील से बना है जसप्रीत बुमराह का दिमाग

वेस्ट इंडीज में शनिवार की रात को टी20 विश्व कप में असाधारण, अद्भुत, अप्रतिम और शहद जैसी मीठी जीत के बाद क्रिकेट समीक्षक पूछ रहे हैं कि क्या जसप्रीत बुमराह के दिमाग में तरल स्टील दौड़ता है? जसप्रीत ने इस विश्व कप में 8.26 की एवरेज से 15 विकेट लिए हैं। बताने की जरूरत नहीं कि ये सारे विकेट नाज़ुक और अहम मौकों पर लिए गए हैं, जब मैच फँसे हुए थे और पराजय सामने खड़ी थी। याद करें जब न्यूयॉर्क की नटखट पिच पर पाकिस्तान जीत की तरफ़ बढ़ रहा था, तब जसप्रीत ने रिजवान और इफ़्तेख़ार के विकेट लेकर एक हैरतअंगेज विजय भारत की झोली में डाल दी थी। पाकिस्तान वाले आज तक हैरान हैं कि आख़िर कौन से जादू के जरिए भारत ऐसा कर पाया। याद करें ऑस्ट्रेलिया के ख़िलाफ़ खेला गया मैच, जब ट्रैविस हेड एक बार फिर भारत की जीत का रास्ता रोके खड़ा था। तब जसप्रीत ने एक बार फिर मैच विनिंग सटीक डिलीवरी डाली, जिसे हेड संभाल नहीं पाया और गेंद आसमान की तरफ़ खड़ी हो गई। बाक़ी का काम रोहित शर्मा ने किया और भारत ने पिछले साल की पराजय का हिसाब चुकता कर दिया। फाइनल मुकाबले में बुमराह आख़िरी के ओवरों में किस तरह से जीत छीनकर ले आया, इसे दोहराने की जरूरत नहीं है।

बुमराह की गेंदबाज़ी का इकॉनमी रेट पर ओवर सिर्फ 4.17 का था। यह एक आश्चर्यजनक और अभूतपूर्व इकॉनमी रेट है। टी20 विश्व कप के इतिहास का यह सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। विश्व क्रिकेट के अधिकांश क्रिकेट समीक्षकों और खिलाड़ियों की एक ही राय है कि ऐसी किफ़ायती और विध्वंसक गेंदबाजी उन्होंने टी20 विश्व कप के इतिहास में पहले कभी नहीं देखी। यह प्रदर्शन आया, जब इस विश्व कप में एक से बढ़कर एक खूँखार हिटर उसके सामने थे। इसीलिए उसे प्रतियोगिता का सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर चुना गया। जसप्रीत बुमराह को जब प्लेयर ऑफद टूर्नामेंट का अवार्ड दिया जा रहा था, तब उनकी आँखों में चाँद छू लेने की चमक साफ़नज़र आ रही थी, जैसा कि खुद उन्होंने कहा। इसी वजह से इंग्लैंड के प्रख्यात भूतपूर्व अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेटर माइकल वान उसे व्हाइट बॉल क्रिकेट का सर्वकालिक सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज बता रहे हैं। उनके अलावा भी दुनियाभर के क्रिकेटर और समीक्षक उसकी गेंदबाजी पर फ़िदा होकर उसकी तारीफ़ में कसीदे पढ़ रहे हैं। उसके अंदर जो स्टील जैसी मजबूत मानसिक बुनावट है, वह उसकी सबसे बड़ी खूबी है। मैच के हालात चाहे जैसे हों, दबाव चाहे जितना हो, उसकी गेंदबाजी में कोई फ़र्क़ नहीं पड़ता। उसका अंदाज़ और उसकी सटीकता हर वक़्त वैसी की वैसी ही रहती है।

जसप्रीत बुमराह और उसके साथी खिलाड़ियों ने हमें जो बेइंतिहा खुशी दी है, उसकी तुलना किसी से नहीं की जा सकती। रोहित शर्मा-विराट कोहली की जोड़ी अब टी20 क्रिकेट में नज़र नहीं आएगी, मगर ये दोनों महान क्रिकेटर हमारे युवा क्रिकेटरों का मानसिक स्तर हिमालय से ऊँचा करके जा रहे हैं। यह विजय अद्वितीय कही जाएगी। इस जीत ने न केवल आईसीसी ट्रॉफी की हमारी सूखती आस को हरा भरा किया है, वरन भावी ट्रॉफियों की आधारशिला भी रख दी है। भारतीय टीम ने बता दिया है कि वह व्हाइट बॉल क्रिकेट की सर्वश्रेष्ठ और सर्वशक्तिमान टीम है। भारतीय टीम ने दुनियाभर की ताकतवर टीमों को यह भी जता दिया है कि वह आईसीसी ट्रॉफी न जीत पाने की मानसिक बाधा से उबर चुकी है और अब उसे रोकना किसी भी टीम के लिए नामुमकिन की हद तक मुश्किल हो सकता है। हमें यहाँ दक्षिण अफ्रीकी टीम की फाइटिंग स्पिरिट की तारीफ़ करने से कतई परहेज नहीं करना चाहिए। आमतौर पर दक्षिण अफ्रीकियों को चोकर्स का खिताब दिया जाता है, जो हर बार नॉकआउट स्टेज में चोक हो जाती है। हालाँकि इस बार भी दक्षिण अफ्रीका की टीम ऐन मौके पर फिसली है, मगर उसे चोकर नहीं कहा जा सकता है। इस बार दक्षिण अफ्रीकियों ने बेहतरीन क्रिकेट खेलते हुए भारत से बड़े ही नज़दीकी मुकाबले में फाइनल हारा है।

इस बार के विश्वकप में एक और दिलचस्प बात नज़र आई। पाकिस्तान के क्रिकेट चहेतों ने भारत की जमकर तारीफ़ की है और एक तरह से जश्न भी मनाया है। पाकिस्तानी मीडिया और पाकिस्तान के पूर्व अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेटरों ने भी भारतीय टीम की बड़ें ही खूबसूरत लफ़्ज़ों में सराहना की है। विराट कोहली को तो वैसे ही पाकिस्तानी खेलप्रेमी क्रिकेट का खुदा मानते हैं। विराट की लोकप्रियता और क्रेज़ इस तरह है कि पाकिस्तानह्यही उनका दर्जा अपने अभी क्रिकेटरों से ऊपर मानते हैं। शुरू के कुछ सालों तक बाबर आजम के कुछ प्रशंसकों ने उसे विराट के बराबर रखने की कोशिश की, मगर जल्दी ही उन्हें समझ में आ गया कि बाबर आजम पाकिस्तानी विकेटों पर तो जमकर रन बनाते हैं, पर पाकिस्तान से बाहर आते ही उनकी कमजोरी खुलकर सामने आ जाती है। अब विराट के साथ जसप्रीत बुमराह का नाम भी जुड़ गया है।

पाकिस्तान का मीडिया और उनके क्रिकेट समीक्षक जसप्रीत की खुलकर तारीफ कर रहे हैं। इंजमाम उल हक के बयानों ने कुछ कड़वाहट जरूर पैदा की है, जब उन्होंने अर्शदीप पर बॉल टेंपरिंग का इल्ज़ाम लगा दिया था। दरअसल अर्शदीप हर मैच में विकेट ले रहा था। उसे रिवर्स स्विंग भी मिल रही थी। इंजमाम का तर्क था कि जब पाकिस्तान के मशहूर तेज गेंदबाज अमेरिका में रिवर्स स्विंग नहीं करवा पा रहे थे, तब कल का नौजवान लड़का ऐसा करने में कामयाब कैसे हो रहा था। इंजमाम को याद रखना चाहिए कि आजकल क्रिकेट मैदान में बीस तीस कैमरे लगे होते हैं। मैदान में घास का एक तिनका भी कैमरे की आँख से नहीं बच पाता, तब अर्शदीप का बॉल को टेंपर करना कैसे ओझल हो सकता है। दरअसल यह अर्शदीप की काबलियत है, जो वह इस नौजवानी में रिवर्स स्विंग करने में कामयाब हो पा रहा है। इस बयान को छोड़ दिया जाए तो पाकिस्तान के क्रिकेट प्रेमी जिस तरह से भारत की जीत से खुश हैं, वह एक अच्छा संकेत है।

आज का इतिहास

नई दिल्ली वार्ता। 1777 अमेरिका के वेरमोंट शहर में दास प्रथा की समाप्ति ?हुई। 1881 अमेरिकी राष्ट्रपति जेम्स ए। गारफील्ड को वॉशिंगटन डी.सी. के बोटालिमोर और पोटोमैक रेलरोड स्टेशन पर बुरी तरह से गोली मार दी गई थी। 1897 इतालवी वैज्ञानिक गुगलेल्मो मारकोनी को लंदन में रेडियो का पेटेंट मिला। 1911 संयुक्त राज्य अमेरिका ने कोलंबिया के साथ अपने राजनयिक संबंधों को समाप्त करके वहां के वाणिज्य दूतावास को भी बंद कर दिया। 1917 ईस्ट सेंट लुइस, इलिनोइस के सफेद निवासियों ने शहर के मोहल्लों को जला दिया और काले निवासियों को गोली मार दी क्योंकि वे चोरी से बच गए थे। 1950 मानसिक रूप से बीमार बौद्ध भिक्षु ने किंकाकू-जी में गोल्डन पैवेलियन में आग लगा दी, जो अब जापान में सबसे लोकप्रिय पर्यटन स्थलों में से एक है। 1962 पहला वॉलमार्ट स्टोर, जो अब दुनिया का सबसे बड़ा रिटेलर है, रोजर्स, अर्कांसस, यूएस में खोला गया। 1962 पहला वॉलमार्ट स्टोर कारोबार के लिए रोजर, अर्कांसास में खोला गया। 1976 वियतनाम गणराज्य का अंत हुआ। साम्यवादी उत्तरी वियतनाम ने समाजवादी वियतनाम गणराज्य के साथ जुड़ने की घोषणा की। 1983 स्वदेश निर्मित परमाणु बिजली केंद्र की पहली इकाई ने मद्रास के निकट कलपक्कम में काम करना शुरू किया।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

निशा के अंतिम प्रहर

निशा के अंतिम प्रहर मेघा बरस ही गए प्यासी जमीन ने पिया जी भर जल और संजीवनी दौड़ने लगी जमीन मे.... पेड़ पौधे नहा उठे सुबह सुबह जैसे आज ही उठाया है कोई व्रत और करना है जल से आचमन... लहलहा उठे हैं खेत पक्षियों के चहचहाने की आवाजें बढ़ती जा रही सभी नाच उठे तन मन से... मिल गया नया जैसे जीवन !!! **- सीमा राय**

धारणा कोई पहले

धारणा कोई पहले से ही अपने भीतर जो बनाकर रखता उसके विपरीत सत्य को भी वह किसी हाल में न ग्रहण करता अपनी राय को सर्वोपरि मान दूसरों की हर हकीकत को नकारता एक दिन आता ऐसा फिर जब देखकर कड़वी सच्चाई सामने अपने सर पकड़कर पछताता रहता।। **- सुश्री इंदु सिंह**

ख़ास पाती

कविता नहीं तो अनिता नहीं

कविता नहीं तो अनिता नहीं यह दुनिया बहुत सयानी है अक्सर रिश्तों में बेगानी है कविता तुम मेरा साथ न छोड़ना कविता तू तो सबकी पीर जाने शब्द अपने ही अर्थ को सही माने बेगाना लिखूँ या शीलता लिखूँ ताल लिखूँ या छन्द लिखूँ तुम आश्वासनों की कविता तुम आशाओं की फसल हो तुम साँसों के क्रय-विक्रय की कविता दर्पण रही हो तुम जीवन की कविता तू मेरा साथ न छोड़ना कविता गर तू नहीं तो मैं भी नहीं मैं कलमकार तुम नवाचार तू तो जीवन की कर्म-कुंडली है कविता तू मेरा साथ न छोड़ना कविता नहीं तो अनिता नहीं। **- अनीता कपूर**

क्या नाम था उसका? कभी जरूरत

क्या नाम था उसका? कभी जरूरत ही नहीं पड़ी पुकारने की नाम से ऐ सुनो--- सुन न--- क्या नाम है तेरा ,सुन रहा है ना--- बस यही तो संबोधन थे उसके मेरे बीच आज सामने नहीं है तो --- याद आ रहा है नाम काश! याद कर लेती वो नाम जुबान पर बिठा लेती तो नाम याद करके रोना नहीं पड़ता रोना नहीं पड़ता। **- वंदना गोयल**

फाइनल में हारने का दुख बहुत

फाइनल में हारने का दुख बहुत असहनीय होता है। लेकिन यह कम काबिलेतारीफ नहीं कि यहां तक का आपका सफर शानदार रहा। बिना मैच हारे फाइनल तक पहुंचना कभी आसान नहीं होता। बहरहाल कल भारत का दिन था लेकिन आने वाले कल में एकदिन साउथ अफ्रीका का भी जरूर होगा। टूर्नामेंट में अच्छा, स्तरीय क्रिकेट खेलने के लिए साधुवाद। **- एल एस बीष्ट**

वो प्यार ही क्या जो जताना पड़ता है

वो प्यार ही क्या जो जताना पड़ता है यहॉ-वहॉ लिखकर दिखाना पड़ता है इश्क में सौदेबाजी.....नहीं की जाती यहॉ निःस्वार्थ..नेह निभाना पड़ता है मोहब्बत की सरगम सीखने के लिए प्रेमिका का नाम गुनगुनाना पड़ता है चूड़ियों से भी...नाजुक होता है प्यार सलीके से इसको...निभाना पड़ता है यारों से लाख करो उसकी शिकायत रूबरू होते ही सर झुकाना पड़ता है इश्क एक मधुर मनोहर अहसास है रुंधे गले से सबको बताना पड़ता है देखे बिना चैन नहीं....सामने आते ही आंचल से चेहरे को छिपाना पड़ता है कितना भी बेबाक आशिक हो "वंदन" उसका नाम लेने से कतराना पड़ता है प्रेम कोई अखबार थोड़े ना है 'वंदन' कि घर-घर जाकर पहुँचाना पड़ता है ।। **- मनीष सिंह वंदन**

मुहब्बत की छत पे निशाना किसी का

मुहब्बत की छत पे निशाना किसी का, निग़ाहों से रिश्ता बनाना किसी का। तेरी बज्म में धोखे से आ गया हूँ, गगन पे घटाओं सा छाना किसी का। मेरी कश्ती मंझधार से प्यार करती, किनारों से आंखें चुराना किसी का। भला पेड़ों को काटते क्यूं हो यारों, हमें छांव का ग़म सुनाना किसी का। हसीनों की महफ़िल की उन्मादी खुशबू, वो दिल थामकर बैठ जाना किसी का। गुनाहों के आकाश में चढ़ते हो क्यूं, खुदाई नियम को ढहाना किसी का। चलो साथ फिर मिल के रहते हैं दानी, परिंदों की दुनिया सजाना किसी का। **- संजय दानी**

कभी कभी सोचता हूं कि क्या मानव

कभी कभी सोचता हूं कि क्या मानव ने, मानव द्वारा निर्मित व्यवस्था से ही त्रस्त होकर स्वयं ही ईश्वर को रचा है ? अनसुनी रह गई वो प्रार्थनाएँ जो आजन्म अधूरी रही। वो शेष रह गए न्याय जिसकी कामना करने वाले आर्त स्वयं विदा हो गए। अज्ञात का भय अदृश्य की उपासना अव्यक्त से आशा सब एक दूसरे से जन्मे है **- कुलदीप वर्मा**

QUIZ TIME

1) वीडियो कांफ्रेंसिंग क्या है?

2) वह कौन सा ज्वर है जिसमें शरीर का तापक्रम कम हो जाता है?

3) तालाब के जल का पी-एच क्या होना चाहिए?

4) भारत के महानियंत्रक और महालेखा परीक्षक किस संसदीय समिति के लिए एक मित्र दार्शनिक और मार्गदर्शक के रूप में कार्य करता है?

5) हाल ही में नाटो के अगले महासचिव कौन होंगे?



Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) दूरसंचार प्रौद्योगिकी का उपयोग करते हुए वीडियो कॉल का परिचालन (2) हाइपोथर्मिया (3) 6.0 और 9.0 के बीच होना चाहिए (4) लोक लेखा समिति (5) मार्क रूट

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेषः आज के दिन आपके स्वभाव एव व्यवहार में दिखावा अधिक रहेगा कोई भी कार्य सामाजिक हो या आध्यात्मिक अथवा घरेलू सभी मे आडंबर युक्त दिनचार्य रहेगी।

वृषः आपके लिये आज का दिन प्रतिकूल फलदायी रहेगा। जल्दबाजी में कार्य करने पर टूट फुट अथवा अन्य प्रकार से आर्थिक नुकसान होने की संभावना है।

मिथुनः आज दिन के आरंभिक भाग को छोड़ शेष समय राहत वाला रहेगा प्रातः काल मे किसी गलती का पछतावा होगा।

कर्कः आज आप मानसिक रूप से अन्य दिनों की तुलना में शांति अनुभव करेंगे जल्दी से किसी की गलती का बुरा नही मानेंगे नाही विरोध प्रकट करेंग।

सिंहः आज के दिन आपको धर्म लाभ मिलेगा। मन मे आध्यात्मिक भावनाएं जागृत होंगी।

कन्याः आज आपकी सेहत में कुछ ना कुछ विकार बनेगा दिन के आरंभ में इसकी अनदेखी करने पर मध्यान के आस पास बढ़ने की संभावना है।

तुलाः आज का दिन आपके लिये शुभ फलदायी रहेगा लेकिन मानसिक रूप से कुछ ना कुछ समस्या लगी ही रहेगी।

वृश्चिकः आज का दिन सामान्य से उत्तम रहेगा। दिन के आरंभ से ही लाभ की संभावना बनेगी लेकिन धन मध्यान तक परिश्रम करने के बाद ही संध्या के आस पास हाथ लगेगा।

धनुः आज के दिन आप अपने विवेकी व्यवहार से सभी जगह सम्मान पाएंगे।

मकरः आज के दिन आपका व्यवहार अटपटा रहेगा सीधे शब्दों में बात नही करेंगे जिस वजह से अपने विचारों को किसी को भी समझने में विफल रहेंगे।

कुंभः आपके लिये आज का दिन धन लाभ वाला है। वाणी एवं व्यक्तित्व में प्रखरता रहेगी।

मीनः आज का दिन सामान्य रहेगा मन से संतोषी रहेंगे लेकिन घरेलु दबाव में आकर धन कमाने की तिकड़म लगायेंगे।

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. खूब कसा हुआ, फूर्तिला, जो शिथिल व आलसी न हो 3. सार्वजनिक स्थान, संस्था, अस्तित्व, समिति 4. पौरुष, पुरुषत्व, मर्द होने का भाव 6. अंधेरा, अंधकार 7. लिपाई करना 9. शरीर, काया, जिस्म 10. मां के पिता, विभिन्न 12. महीना, मास 14. प्रियतम, बलमा, सजना 15. पांडवों का सबसे छोटा भाई 17. नशा, घमंड, खाता 19. वनोपज, वन से प्राप्त सामाग्री 21. शक्तिशाली, बलवान 24. तीव्र इच्छा 25. हथेली।

ऊपर से नीचे

1. निंदा, बुराई 2. निर्जीव, निष्प्राण 3. ध्वनियों या स्वरों का विशिष्ट लय में प्रस्फुटन, धुन, म्युजिक 4. झुका हुआ, विनीत 5. रूठे हुए को प्रसन्न करना, राजी करना 8. आश्रय, शरण 11. जन्म, जिंदगी 12. इंसानियत, मनुष्यता 13. रास्ता, मार्ग 14. एक हिंदी महीना, श्रावण 15. सपाट, जो उबड़-खाबड़ न हो 16. पति का छोटा भाई 18. गहरा कीचड़, पंक 20. आत्मा, अंत:करण (उ.) 22. बीता हुआ या आने वाला दिन 23. बगुला।

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 104 का हल

न्यूज गैलरी

नए कानून के तहत सिरगिट्टी थाना में पहला एफआईआर

बिलासपुर/नवप्रदेश। थाना सिरगिट्टी में नए अपराधिक कानून 2023 के लागू होने के बाद प्रथम एफआईआर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 296, 115(2),351 (2), 3(5) के तहत दर्ज किया गया है। प्रकरण में आवेदक प्रार्थी मोहम्मद राजिक खान के द्वारा नयापारा चौक गणेश नगर सिरगिट्टी में आरोपियों महबूब एवं उनके दो अन्य साथियों के द्वारा गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट करने का रिपोर्ट दर्ज कराया गया है जो पुराने कानून में क्रमशः आईपीसी 294, 506, 323 एवं धारा 34 के तहत अपराध दर्ज किया जाता था। आईपीसी 294, 506, 323, 34 बीएनएस 29, 115(2), 351(2), 3(5) है।

सीईओ ने अनुकम्पा नियुक्ति के पूर्व मंगाए दावा-आपत्ति

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने अनुकंपा नियुक्ति के लिए प्राप्त आवेदन के छानबीन के क्रम में सात दिवस के भीतर आमजनों से दावा-आपत्ति मंगाई है। सीईओ ने बताया कि जिला सहकारी बैंक मर्यादित में लिपिक सह कम्प्यूटर ऑपरेटर के पद पर कार्यरत स्व. श्री अनूप कुमार तिवारी के परिवार से उनकी पत्नी त्वरिता तिवारी ने अनुकम्पा नियुक्ति के लिए आवेदन किया है। आमजनों की जानकारी में यदि दिवंगत शासकीय सेवक के आश्रित परिवार में यदि कोई सदस्य राज्य अथवा केन्द्र की शासकीय सेवा में कार्यरत होने या किसी भी प्रकार के अपराधिक/न्यायालीन प्रकरण होने की सूचना हो तो वे सात दिवस के भीतर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित नेहरू चौक बिलासपुर पिन कोड-495001 को बंद लिफाफे एवं स्वयं उपस्थित होकर जानकारी दे सकते है ताकि समय पर नियमानुसार कार्यवाही हो सके।

सकरेली फाटक 11 से स्थायी रूप से बंद

बिलासपुर/नवप्रदेश। रेलवे प्रशासन द्वारा सड़क उपयोगकर्तायों की बेहतर सुरक्षा एवं संरक्षा सुनिश्चित करने हेतु समपार फाटकों में रोड ओवरब्रिज/ अंडरपास का निर्माण के साथ वैकल्पिक सड़क मार्ग की व्यवस्था करने के पश्चात समपार फाटकों को बंद किया जा रहा है। इसी कड़ी में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल के अंतर्गत बाराद्वार-सक्ति स्टेशनों के मध्य कि.मी. 646/17-19 पर स्थित मानव सहित समपार संख्या 326 (सकरेली फाटक) को सुरक्षागत कारणों से 11 जुलाई 2024 (गुरुवार) से सडक यातायात के लिये स्थायी रूप से बंद करने का निर्णय लिया गया है। सड़क यातायात हेतु वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था पास में ही राष्ट्रीय राजमार्ग (श्री-49) में नवनिर्मित रोड ओवरब्रिज से उपलब्ध है।

कोटा थाना में नए कानून को लेकर जागरुकता अभियान

बिलासपुर/नवप्रदेश। कोटा में नवीन आपराधिक कानून को लेकर पुलिस द्वारा आज थाना परिसर में जागरूकता कार्यक्रम रखा गया था जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण चौहान शामिल हुए। इस दौरान अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कोटा युगल किशोर उर्वशा व कोटा एसडीओपी नूपुर उपाध्याय द्वारा कोटा थाना परिसर में मौजूद जनप्रतिनिधियों और पत्रकारों को संबोधित करते हुए आज से देश में लागू हुए नवीन न्याय संहिता के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। आज कोटा थाना परिसर में आम जनों को नवीन न्याय संहिता के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कोटा एसडीओपी नूपुर उपाध्याय ने बताया कि जो पुराने कानून हमारे देश में लागू थे वो ब्रिटिश शासन काल से चले आ रहे थे अब आधुनिकता का समय है और सभी चीजें डिजिटल हो रही जिसको देखते हुए ही नवीन कानूनों में बदलाव किया है अब किसी भी फरियादी की फरियाद लेकर पुलिस थाना जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी फरियादी चाहे तो ऑनलाइन फोन रिकॉर्ड, ई मेल या फिर वाट्स एप से सूचना देकर एफ आई आर दर्ज करवा सकता है,इसके लिए फरियादी को ऑनलाइन सूचना देने के तीन दिन के बाद थाना आकर आवेदन की कॉपी में हस्ताक्षर करने होंगे। कोटा थाना प्रभारी अनिल अग्रवाल ने बताया कि आज से देश में नवीन न्याय संहिता लागू हो गई है जिसको लेकर लोगों को जागरूक करने की आवश्यकता जिसके लिए समय समय पर कोटा पुलिस के द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जाता रहेगा। इस कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण चौहान, नगर पंचायत अध्यक्ष अमृता प्रदीप कौशिक सहित अन्य शामिल थे।

चोरी करने घुसा पति फरार बाहर खड़ी पत्नी पकड़ाई

बिलासपुर/नवप्रदेश। कोटा के डोंगरीपारा में रहने वाली महिला के घर घुसकर चोर ने 40 हजार रुपये और पीतल कांसे का बर्तन पार कर दिया। इसके दूसरे दिन भी महिला के घर में चोर घुस गया। बर्तन की आवाज से नींद खुलने पर महिला के परिवार वाले बाहर निकले तो एक महिला मिली। महिला को पुलिस के हवाले किया गया है। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। कोटा के डोंगरीपारा नवागांव में रहने वाली संतोषी बाई बिंझवार बकरी पालन करती हैं। गुरुवार की रात भोजन के बाद वे परिवार के साथ सो रही थी। दूसरे दिन सुबह जब परिवार के सदस्य जागे तो घर से पीतल और कांसे के बर्तन गायब थे।

27 लाख की ऑनलाइन ठगी करने वाले दो अंतर्राष्ट्रीय ठग साथियों सहित गिरफ्तार

- घर बैठे रिव्यू रेटिंग का मोटी कमाई वाला काम होने का दिया था झांसा
- हिमाचल प्रदेश से किए गए गिरफ्तार
- 9 लाख रुपए बरामद, ठगी में प्रयुक्त मोबाइल फोन, लैपटाप जब्त, बैंक खाते किए गए फ्रीज

***बिलासपुर/नवप्रदेश।** ऑनलाईन साइबर ठगी करने वाले बांगलादेशी व कैमरून मूल के 2 अंतराष्ट्रीय ठगों सहित कुल 4 शातिर जालसाजो को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आईजी डॉ. संजीव शुक्ला व एसपी रजनेश सिंह के नेतृत्व में पुलिस की सायबर सेल ने यह सफलता हासिल की है। वॉट्सअप एवं टेलीग्राम एप के माध्यम से घर बैठे होटल, किला, लॉज की रिव्यू रेंटिंग का कम मेहनत में अधिक मुनाफा का झांसा देकर सायबर ठगों ने 27 लाख की ठगी की थी। पुलिस ने अब तक करीब 9 लाख रूपए वापस कराये।*

पुलिस के अनुसार सियाशरण तिवारी निवासी मोपका को अज्ञात मोबाइल धारक द्वारा वॉट्स्अप के माध्यम से संपर्क कर घर में रहकर कार्य करने व लाभ अर्जित करने प्रलोभन दिया गया एवं ऑनलाईन टेलीग्राम एप के माध्यम से लिंक भेजकर गूगल मैप पर होटल, लॉज, किला की ऑनलाईन रिव्यू रेटिंग कर उसका स्क्रीन शॉट भेजने पर आय अर्जित कराने के नाम पर प्रार्थी से कुल 27,80,510 रूपये ठगी करने की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रार्थी के साथ धोखाधडी करने वाले व्यक्तियो की जानकारी एकत्र करने सायबर पोर्टल पर रिपोर्ट दर्ज कर कर अवलोकन किया गया संदिग्ध बैंक खातो को चिन्हांकित कर बैंक स्टेटमेंट, ए.टी.एम. फुटेज की समीक्षा एवं तकनीकी इन्पुट के आधार पर आरोपियो के हिंमाचल प्रदेश के शिमला व सोलन के आसपास मे ठिकाना बनाकर अपराध करने की जानकारी प्राप्त हुई। आईजी डॉ. संजीव शुक्ला व एसपी रजनेश सिंह ने धोखाधडी व सायबर अपराधों की समीक्षा कर समस्त राजपत्रित अधिकारियो को विशेष निर्देश दिये गये थे इस निर्देश के पालन में एक विशेष टीम निरीक्षक राजेश मिश्रा के निर्देशन मे हिंमाचल प्रदेश के शिमला व सोलन ओर रवाना की गई थी टीम द्वारा 01 सप्ताह से अधिक समय तक हिंमाचल प्रदेश के शिमला व सोलन में रहकर आरोपियों का पता ठिकाना ज्ञात कर विवेचना प्रारम्भ की गई जो आरोपीगण ऑनलाईन ठगी का काम करने में संलिप्त होने की जानकारी प्राप्त हुई। स्थानीय पुलिस के सहयोग से आरोपी प्रियांशु रंजन निवासी हैदराबाद को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई जो अपने साथी मो. शोबुल, राजवीर सिंह व टेम्फु कार्ल नगेह के साथ मिलकर 1 वर्ष से अधिक समय से टेलीग्राम एप के माध्यम से लोगो को जोड़कर विभिन्न प्रकार से मुनाफा कमाने के नाम पर ऑनलाइन ठगी का काम करना स्वीकार किये है। ठगी के काम में उपयोग में आने वाले मोबाइल फोन, लैपटॉप, फर्जी सिम कार्ड व फर्जी बैंक खाते जप्त किये गये है। गिरफ्तार किये गये चारो आरोपी बाहरा यूनिवर्सिटी वाक्नाघाट सोलन के छात्र है, गिरफ्तार आरोपियों को न्यायिक रिमाण्ड पर न्यायालय भेजा गया है। कार्रवाई में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर उमेश कश्यप, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं ए.सी.सी.यू. बिलासपुर अनुज कुमार , नगर पुलिस अधीक्षक चकरभाठा निमितेश सिंह के मार्गदर्शन में निरीक्षक राजेश मिश्रा प्रभारी ए.सी.सी.यू. एवं रेंज सायबर थाना बिलासपुर उप निरीक्षक अजय वारे, स.उ.नि. सुरेश पाठक, आरक्षक विजेन्द्र मरकाम, श्रीश तिवारी, मुकेश वर्मा व अन्य का विशेष योगदान रहा।

बिलासपुर पुलिस की अपील

सायबर ठग आये दिन नये-नये तरीको के माधयम से आम जनता से धोखाधडी करने का प्रयास करते हैं। कोई भी व्यक्ति अनजान नम्बर से अपने आप को पुलिस का अधिकारी, सी.बी.आई. अथवा ई.डी. का अधिकारी बताकर ठगी करने का प्रयास करते है ऐसे कॉल से सावधान रहे। बिलासपुर पुलिस इस प्रकार के ठगी को रोकने के लिये थानो में आम जनता द्वारा दर्ज कराये गये रिपोर्ट में मोबाईल नम्बर एवं व्यक्तिगत जानकारी हाईड किया जा रहा है। अनजान व्यक्ति जिसका नम्बर आपके मोबाईल पर सेव नही है उसके साथ कभी भी कोई निजी जानकारी, बैंकिग जानकारी, ओटीपी, आधार कार्ड, पैन कार्ड फोटो आदि शेयर न करे। अनजान वेबसाईट एवं अनाधिकृत एप डॉउनलोड या सर्च करने से बचे। कम परिश्रम से अधिक लाभ कमाने अथवा रकम दुगना करने का झांसा देने वाले व्यक्तियों से सावधान रहे खुद को स्वयं होकर ठगो के पास न पहुँचाये। स्वयं की पहचान छुपाकर सोशल मिडीया फेसबुक, इन्स्टाग्राम, व्हाट्सएप इत्यादि के माध्यम से ईंटिमेट (अश्लील लाईव चैंट) करने से बचे। परीक्षा में अधिक अंको से पास करा देने की झांसा देने वाले व्यक्तियो खासकर 92 नम्बरो से आने वाले वॉट्सअप कॉल से बचने का प्रयास करे। गुगल सर्च इंजन पर आमजन अपनी सुविधानुसार कस्टमर केयर का नम्बर प्राप्त करने वेब ब्राउजर पर नम्बर सर्च करता है किन्तु वेबसाईट की जांच परख किये बिना उपलबद्ध नम्बर पर संपर्क कर फ्रॉड में फंसकर अपनी जमा पुंजी एवं निजी जानकारी खो बैठता है। गुगल प्ले स्टोर अथवा वेब ब्राउजर अथवा सोशल मीडिया फेसबुक, इन्स्टाग्राम, वॉट्सअप लिंक के माध्यम से डाउनलोड किये गये लोन एप आपको कुछ राशि देने के एवज में आपके फोन का डाटा जिसमें आपके मोबाइल में संरक्षित परिचित व्यक्तियो के मोबाईल नम्बर, फोटो, वीडियो आदि आपके परमिशन से अपने पास सुरक्षित रख लेते है एवं आपकी निजी जानकारी फोटो एडिट कर अश्लील में परिवर्तित कर आपके परिचितो में फैला देने एवं लोन राशि ब्याज सहित वापस करने का दबाव बनाकर एवं ब्लैकमेंल कर रकम की उगाही की जाती है। उपरोक्त के अतिरिक्त भी आपकी बैंकिंग जानकारी एवं ओ.टी.पी. व क्रेडिट अथवा डेबिट कार्ड के पीछे छपे सी.वी.वी. नम्बर प्राप्त कर भी फ्रॉड किया जाता है जिनसे सावधान रहें। हेल्पलाईन नम्बर 1930 पर सम्पर्क कर सहायता प्राप्त कर सकते है।

प्रेस क्लब पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर प्रेस क्लब के पदाधिकारियों ने रविवार की रात सीएम हाउस रायपुर पहुंचकर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से मुलाकात की। उपमुख्यमंत्री अरुण साव के साथ जाकर उन्होंने बिलासपुर के पत्रकारों की समस्या उनके समक्ष रखी।अध्यक्ष इरशाद अली ने मुख्यमंत्री को बताया कि सदस्य पत्रकार पिछले कई वर्षों से विभिन्न अखबार और चैनल में ईमानदारी से पत्रकारिता करते हुए अपना और अपने परिवार का जीवन यापन कर रहे हैं। कम तनख्वाह और दिनरात मेहनत करते हुए कई सदस्य अपना पूरा जीवन पत्रकारिता में झोंक चुके हैं। इसके बावजूद कोई किराए के मकान में रह रहा है तो कोई पिता या भाई के परिवार के साथ एक ही मकान में रहने को मजबूर हैं। आर्थिक संकट के बीच जीवन गुजार रहे कई पत्रकारों के पास अपना कोई आशियाना नही है। कुछ पत्रकार पूर्व में शासन द्वारा आवंटित भूमि प्राप्त कर चुके हैं कुछ और नए पुराने पत्रकार इसकी आस में बैठे हुए हैं। इसलिए बाकी पत्रकारों के लिए भी बिरकोना और खमतराई में उपलब्ध शासकीय भूमि से लगभग 10 एकड़ जमीन उपलब्ध कराए जाने की आवश्यकता है। श्री अली ने मुख्यमंत्री को बताया कि फिलहाल 5 एकड़ शासकीय भूमि के आवंटन की सारी प्रक्रिया पूरी कर ली गई है।

कोटा के गंज स्कूल में बारिश का पानी भरा

स्कूली बच्चों को आने-जाने में परेशानी

बिलासपुर/करगीरोड (कोटा)/नवप्रदेश। कोटा नगर पंचायत के वार्ड नं 10 गंज स्कूल कक्षा पहली से आठवीं तक स्कूल मैदान में कोटा में लागातार दो दिनों से बारिश होने के कारण स्कूल मैदान के सामने बारिश के पानी गिरने से जाम हो गया है वहीं स्कूली छोटे छोटे स्कूली बच्चों को आने जाने और खेल मैदान में पानी जाम हो जाने से परेशानियां उठानी पड़ रहा है, वहीं स्थानीय जनप्रतिनिधि और ब्लाक मुख्यालय अधिकारी महज पांच सौ छै सौ मीटर दूरी पर कोटा एसडीएम और विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय भी लेकिन स्कूली बच्चों का परेशानियां दूर नहीं हो पा रहा है, गौरतलब है कि प्राथमिक शाला के छोटे-छोटे बच्चों को मध्यान्ह भोजन के लिए रसोई घर आना जाना पड़ रहा है, वहीं बरसाती पानी में छोटे छोटे कीड़े भी रहते वहीं बच्चों को हाथ पैर काटने का डर बना हुआ है लेकिन शासकीय प्राथमिक शाला गंज कोटा में ना अधिकारी ध्यान दें रहे हैं या जनप्रतिनिधि वहीं स्कूल के पीछे तलाब भी है ऐसे में बरसात के दिनों में ज्यादा खतरा बना रहता है, वहीं डबरा पारा पहाड़ के पानी स्कूल मैदान में गड्ढा होने के कारण बरसाती पानी यही जाम हो जाता है।

पानी निकासी की व्यवस्था करेंगे

स्कूल प्रागंण में पानी भरने की समस्या को लेकर स्थानीय पार्षद छोटा साहू ने कहा की कोटा नगर पंचायत की जेसीबी मशीन मांग कर स्कूल मैदान से पानी की निकासी का रास्ता बनाया जाएगा। वहीं प्राथमिक शाला प्रधान पाठक से इस संबंध में जानकारी लेने के लिए फोन लगाया गया तो उनसे संपर्क नहीं हो पाया।

रतनपुर में मिला मगरमच्छ

वन विभाग ने रेस्क्यू कर खूंटाघाट बांध में छोड़ा

बिलासपुर/नवप्रदेश। पिछले 15 दिनों के अंदर रतनपुर खुटाघाट में रिहायशी क्षेत्रों में मगरमच्छ भटक कर पहुंच रहे हैं जिसकी वजह से क्षेत्र में दहशत का माहौल है दर्शन सोमवार की सुबह रतनपुर खूंटाघाट के पास ग्राम कर्रा में एक मगरमच्छ के बच्चे को देखा गया, जिसके बाद ग्रामवासियों ने मगरमच्छ के देखने के बाद इसकी जानकारी 112 के माध्यम से वन विभाग को दी। इसके बाद वन विभाग के कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर मगरमच्छ के बच्चे को पकड़ कर खूंटाघाट डैम में छोड़ा। पिछले दिनों भी रतनपुर के तालाब में एक इसी तरह से मगरमच्छ भटक कर पहुंच गया था, जिसके बाद उसे वन विभाग की टीम ने रेस्क्यू कर वापस खूंटाघाट बांध में छोड़ा था तो वहीं आप एक बार फिर से मगरमच्छ के बच्चे के रिहायशी क्षेत्र में आने से ग्राम में दहशत है और लोग वन विभाग से मांग कर रहे हैं कि इस तरह से अगर मगरमच्छ लिक क्षेत्र में पहुंचेंगे तो उन्हें सुरक्षा का खतरा है बिहार का अब आने वाले समय में सुरक्षा के दृष्टिकोण से यहां सुविधा बनाने की एक कोशिश की जा रही है। इस रेस्क्यू टीम में वन विभाग की टीम में मॉल्स जोशी उदय श्रीवास्तव मानस दुबे लखेराम धुर्वे एवं धीरज दुबे का अहम योगदान रहा।

बिलासपुर रेल मंडल ने बनाया माल ढुलाई का रिकार्ड

तिमाही लदान में अब तक का सर्वश्रेष्ठ 47 मिलियन टन की ढुलाई

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर मण्डल अपने समर्पित रेलकर्मियों के सम्मिलित, सतत् एवं अनुशासित प्रयास से विपरीत परिस्थितियों में भी डटकर काम करते हुए सर्वाधिक लदान करने वाले मंडलों में से एक होने की ओर अग्रसर है । वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024-25 के प्रथम तिमाही में 30 जून तक बिलासपुर मण्डल द्वारा 47 मिलियन टन माल ढुलाई कर नई उपलब्धि हासिल की गई, जो कि किसी भी वित्तीय वर्ष के प्रथम तिमाही में अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। पिछले वित्तीय वर्ष के प्रथम तिमाही में 40 मिलियन टन माल ढुलाई की गई थी। इस अवधि में लोड किए गए वस्तुओं में कोयला, क्लिंकर, लौह अयस्क, सीमेंट, स्टील, खाद्यान रासायनिक खाद, खनिज, तेल आदि शामिल है।

ज्ञात हो कि रेलवे द्वारा माल ढुलाई को आकर्षक बनाने के लिए कई तरह की रियायतें/छूट भी उपभोक्ताओं को दी जा रही है। साथ ही मौजूदा नेटवर्क में मालगाड़ियों की गति में भी काफी वृद्धि की गई। मालगाड़ियों की गति में सुधार से सभी हितधारकों के लागत में भी बचत हो रही है । मंडल में अधोसंरचना विकास के अंतर्गत विभिन्न सेक्शनों में तीसरी व चौथी लाइन कनेक्टिविटी के कार्य भी व्यापक स्तर पर कराये जा रहे हैं। इन सभी कार्यों के परिणाम नए कीर्तिमान के रूप में सामने आये हैं। इस उपलब्धि के लिए मंडल रेल प्रबंधक प्रवीण पाण्डेय द्वारा समस्त अधिकारियों तथा रेलकर्मियों को उनके बेहतरीन प्रयासों की सराहना करते हुये शुभकामनायें दी गई।

पं. सुदरलाल शर्मा विवि का षष्ठम दीक्षांत समारोह 6 को

राज्यपाल, मुख्यमंत्री सहित विशिष्ट लोग होंगे शामिल

बिलासपुर/नवप्रदेश। पं. सुदरलाल शर्मा विवि का षष्ठम दीक्षान्त समारोह 6 जुलाई को आयोजित होगी। समारोह की अध्यक्षता राज्यपाल एवं कुलाधिपति विश्वभूषण हरिचंदन करेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय अति विशिष्ट अतिथि होंगे एवं अपना आशीर्वचन प्रदान करेंगे। दीक्षान्त समारोह वक्ता सुरेश जोशी जी होंगे। केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू, उप मुख्यमंत्री अरूण साव, अमर अग्रवाल, धरमलाल कौशिक, धरमजीत सिंह, शुशांत शुक्ला, अटल श्रीवास्तव, दिलीप लहरिया विशिष्ट अतिथि होंगे। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. बंश गोपाल सिंह विश्वविद्यालय का प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे।

इस समारोह में सत्र जनवरी दिसम्बर 2020, सत्र जुलाई-जून 2021, सत्र जनवरी-दिसम्बर 2021, सत्र जुलाई जून 2022, सत्र जनवरी- दिसम्बर 2022, सत्र जुलाई- जून 2023 के विभिन्न संकायों में प्रावीण्य सूची में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले कुल 98 विद्यार्थियों को 159 स्वर्ण पदक दिए जाएंगे, जिनमें 13 दानदाताओं द्वारा प्रदत्त स्मृति स्वर्ण पदक भी शामिल है। एक विद्यार्थी डेमेश्वरी भारद्वाज को वर्ष 2021 के लिए 04 गोल्ड मेडल तथा इनमें 15 विद्यार्थियों को 03-03 गोल्ड मेडल, 27 विद्यार्थियों को 02-02 गोल्ड मेडल शेष को 01-01 गोल्ड मेडल प्रदान किया जायेगा। इसके साथ ही 02 मानद एवं 14 पी-एच.डी. (विद्या वाचस्पति) उपाधि कुल 16 उपाधि भी दिये जाएंगे।

समीक्षा शिवरतन शर्मा ने की लोकसभा चुनाव की समीक्षा

भाजपा का निकाय और पंचायत के साथ संगठन चुनाव पर भी फोकस

बिलासपुर/नवप्रदेश। लोकसभा चुनाव में परिणामों की समीक्षा और पार्टी द्वारा तय किए गए विभिन्न कार्यक्रमों के सुचारू रूप से क्रियान्वयन करने की दृष्टिकोण से भारतीय जनता पार्टी द्वारा लोकसभा क्षेत्रों में बकायदा प्रभारियों की नियुक्ति कर विधानसभावार समीक्षा की जा रही है। इस तारतम्य में आज बिलासपुर लोकसभा के तीन विधानसभाओं में समीक्षा बैठक हुई। भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष लोकसभा चुनाव में प्रदेश संयोजक और भाटापारा के पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा ने बिलासपुर बिल्हा और बेलतरा विधानसभा में लोकसभा चुनाव 2024 के परिणामों की बूथ स्तर पर समीक्षा की। उन्होंने विधानसभा और लोकसभा चुनाव के परिणामों का तुलनात्मक विवेचन कर ऐसे बूथ जिसमे भाजपा के पक्ष में लम्बे समय से परिणाम अनुकूल नहीं रहे हैं उन बूथों पर रणनीति के तहत कार्य करने के सुझाव दिए साथ ही 23 जून से 06 जुलाई तक भाजपा के पखवाड़ा कार्यक्रमों, एक वृक्ष मां के नाम कार्यक्रम के प्रगति की जानकारी ली, जुलाई अगस्त माह से भारतीय जनता पार्टी संगठन विस्तार की दृष्टि से बूथों पर सदस्यता अभियान की शुरुवात करने जा रही है इसके साथ ही आने वाले समय में बूथ कमेटी,मंडल कमेटी व जिला कमेटी गठन की तैयारी भी तेज कर दी जाएगी अतः श्री शर्मा ने कहा इसी सत्र में नगरी निकाय चुनाव पंचायत चुनाव भी होने है। इस दृष्टि से पार्टी द्वारा तय किए गए प्रोग्राम और योजनाओं को गम्भीरता से लेना होगा वर्तमान में शासन द्वारा नगरी क्षेत्रों का परिसीमन मतदाता सूची में नाम जोड़ने और विलोपित करने जैसे महत्पूर्ण प्रक्रिया का अनुपालन किया जाएगा अतः सतर्कता के साथ इन प्रक्रियाओं में भाग लें बैठक में धरमलाल कौशिक, अमर अग्रवाल, सुशांत शुक्ला, भूपेंद्र सवन्नी, रजनीश सिंह, रामदेव कुमावत, राजा पाण्डे, लोकसभा प्रभारी सीयाराम साहू, नरेंद्र शर्मा, राजेश त्रिवेदी, गुलशन ऋषि, अशोक विधानी, शंकरदयाल शुक्ला सहित तीनों विधानसभा के चुनाव संचालन समिति सदस्य उपस्थित थे।

■ न्यूज गैलरी

शाला प्रवेशोत्सव में शामिल हुए विधायक आशा

कांकेर/नवप्रदेश। विकासखण्ड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक आशा नेताम ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोदागांव में शामिल होकर विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों और शिक्षकों को बधाई दिया गया ।इस दौरान कोदागांव सरपंच पंचु राम नायक सहित कोदागांव स्कूल के स्टाफ सहित बड़ी संख्या में छात्र छात्राए शामिल हुए।

पौधारोपण कर सुनी मन की बात

किरंदुल/नवप्रदेश। लौह नगरी किरंदुल की भाजपा मंडल महिला मोर्चा के द्वारा डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस बंगाली कैंप तालाब पारा स्थित श्री हनुमान मंदिर के प्रांगण में वृक्षारोपण किया गया एवं इस दौरान आज मन की बात में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा पर्यावरण और धरती मां को सीधे अपनी मां से जोड़ दिया गया यह बात सुनकर महिला मोर्चा और उपस्थित लोगो ने खुद को गर्व सा महसूस किया। इस कार्यक्रम में महिला मोर्चा अध्यक्ष शालिनी कर्मा मंडल उपाध्यक्ष रिंकू राजवंशी महिला मोर्चा महामंत्री सरस्वती डेहरिया गीता घोष मंडल मंत्री सुनीता साहू कमला कमला साहू एवं मीना मित्र मौजूद थी।

निर्माण कार्य में नाबालिगों का किया जा रहा इस्तेमाल

पखांजूर/नवप्रदेश। ये मामला है पीवी 34 प्राथमिक शाला में बन रहे स्कूल के भवन का जहां पेटी ठेकेदारों पे भरोसा कर ठेकेदार द्वारा सारे काम इनके हवाले कर दिया जाता है। मसला ये नहीं की बन रहे भवन के निर्माण की गुणवत्ता को महज ये बोलके टाल दिया जा रहा की भवन के निर्माण की राशि सरकार द्वारा लागत से कम तय की गई है जिसमें मुनाफे की कोई गुंजाइश ही नहीं बल्कि ये कह कर कहीं न कहीं गुणवत्ता हीन काम किया जा रहा है। छोटे छोटे स्कूली बच्चों की जान को खतरे में डाला जा रहा है। किसी बड़ी दुर्घटना की आशंका से किार नहीं किया जा सकता है।

जहां एक ओर स्कूल में ही यह कार्य कार्यरत हैं। सरकार छोटे बच्चों को स्कूल से जोड़ने का प्रयास कर रही है। वहीं दूसरी ओर इन कार्यों में ज्यादातर नाबालिगों से मजदूरी कराई जदा रही है। उन्हें टेकेदार के व्दारा बाहर सा लाया गया है। जहा एक और गुणवत्ताहीन कार्य कर सरकार के साथ धोखा दिया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर सरकार द्वारा बनाए गए कानून की भी धज्जियां उड़ाई जा रही है।

पेशनरों ने संघ अध्यक्ष के घर पहुँच कर जमा की सहयोग राशि

कोंडागांव/नवप्रदेश। ,छ ग पेंशनधारी कल्याण संघ जिला शाखा कोंडागांवके अंतर्गत चिपावण्ड ग्रामीण क्षेत्र से संघ के पृति निष्ठावान एवं समर्पित व सेवानिवृत्त सदस्य राम साय मरकाम द्वारा अपने पेंशनर्स साथियों के साथ रविवार 30 जून को पेंशनर अध्यक्ष पृज्ञापुत्र वैद्य कवि ईंजी एस पी विश्वकर्मा के गृह निवास कोंडागांव पहुंच कर संघ को 2024 की सहयोग राशि जमा कर संघ के प्रति निष्ठावान? एवं समर्पण की मिसाल प्रस्तुत की।

कांकेर लोकसभा में कांग्रेस की हार पर बंद कमरे में समीक्षा

■ समिति जल्द कांग्रेस आलाकमान को सौंपेंगी रिपोर्ट

कांकेर/नवप्रदेश। लोकसभा चुनाव 2024 के परिणाम के संबंध में बस्तर तथा कांकेर लोकसभा क्षेत्र के परिणाम पर समीक्षा किये जाने हेतु अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा गठित समिति द्वारा 30 जून को कांकेर जिला मुख्यालय में प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा दोनों लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस पदाधिकारी एवं पूर्व विधायकों मौजूद थे। जिसमें एआईसीसी. वर्किंग कमेटी के सदस्य सह समीक्षा प्रभारी हरीश चौधरी, एआईसीसी सचिव छ.ग. सह प्रभारी विजय जागिड़ नेताप्रतिपक्ष छ.ग. विधानसभा डॉ. चरणदास महंत, प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, प्रदेश महामंत्री मलकीत सिंह गैदू की उपस्थिति में प्रत्यक्ष रूप से पदाधिकारी एवं निर्वाचित जनप्रतिनिधियों से चुनाव परिणाम के संबंध में समीक्षा की गई। इस दौरान दोनों लोकसभा के प्रत्याशी, बस्तर एवं कांकेर लोकसभा के अन्तर्गत आने वाले सभी कांग्रेस विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष, नगरीय निकाय के अध्यक्ष, पीसीसी एवं ब्लाक पदाधिकारियों ने अपना-अपना अभिमत दिया, जिसे गोपनीय रखा गया। इस संबंध में सह समीक्षा प्रभारी हरीश चौधरी ने कहा कि सभी प्रमुख लोगों से चुनाव परिणाम के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई है कांकेर लोकसभा प्रत्याशी रहे बीरेश ठाकुर और बस्तर लोकसभा के प्रत्याशी कवासी लखमा ने भी चुनाव परिणाम पर सभी तथ्यों पर अपनी बात सह प्रभारी समीक्षा समिति के समक्ष रखा गया, बंद कमरे में हुई पदाधिकारियों और नेताओं की चर्चा को गोपनीय रखा गया है। समिति अपना रिपोर्ट अखिल भारतीय कमेटी के अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे को जल्द सौपेंगी।

इस दौरान राजेश तिवारी, मोहन मरकाम, अनिला भेड़िया, लखेश्वर बघेल, विक्रम मण्डावी, चंदन कश्यप, शंकर ध्रुवा, लेखचन्द्र जैन, गंगा पोटाई, सावित्री मण्डावी, संगीता सिन्हा, अम्बिका मरकाम, देवती कर्मा, चंदन कश्यप, शरद लोहाना लोहाना, सुभद्रा सलाम, नरेश ठाकुर, रजमन बेंजाम, चन्द्रप्रभा सुधाकर, रवि घोस, अमीन मेमन, सरोज ठाकुर, जितेन्द्र सिंह ठाकुर, जनकनंदन कश्यप, कृष्णा दुबे, बसंत यादव, विजय ठाकुर, हेमंत ध्रुव, तुलिका कर्मा, रीना रावतिया, सुनील पाढ़ी, विकास चौपड़ा, अवधेश सिंह गौतम, कविता साहू, लता निषाद, चम्पा ठाकुर, सुशील मौर्य, नवली मीना मण्डावी, करण देव, विमल खुराना, मेहमुद अली, सुनील गोस्वामी, मनोज जैन, नरेन्द्र यादव, रूपसिंह पोटाई, सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस के पदाधिकारी/कार्यकर्ता मौजूद थे।

वन भूमि पर मक्के की खेती, विभाग खामोश

पखांजूर/नवप्रदेश। जंगल में लगे पेड़ों को काट कर जमीन पर कब्जा कर मक्के की खेती की जा रही है। इसकी जानकारी मिलने पर घटना स्थल पहुंचे तो पेड़ काटने में लगे मजदूर डर कर भाग गए। वहां पर जेसीबी और ट्रैक्टर का इस्तेमाल भी किया जा रहा था । इसके निशान वहां मिले। आज जब घटना स्थल में पहुंचने के बाद अधिकारी को फोन किया गया। उसके बाद भी उन्होंने ना किसी स्टाफ को भेजा और ना स्वयं पहुंचे। जहां वनों को काट कर खेत बनाया जा रहा था। वहां उन्हें कोई मिला नहीं और मिलता नही ये कह कर अधिकारी द्वारा बात टाल दिया गया।जब वहां हमारी टीम पहुंची तो सभी अपनी जगह से भाग चुके थे। दिहाड़ी मजदूर लोग भाग गए बात तो ये है की वहा जे सी बी ओर ट्रैक्टर भी उपयोग किया गया ।

हल चलाते नजर आए किसान पुत्र विधायक

■ पिता के साथ खेती किसानी कार्य में जुटे विधायक की जमकर हो रही तारीफ

कांकेर/नवप्रदेश। जिले में इन दिनों खेती किसानी का काम जोर शोर से चल रहा है। आपने आम मजदूर से लेकर छोटे किसानो को अपने खेतों में काम करते, हल चलाते व अन्य कार्य करते बहुत देखा होगा। पर जब कोई विधायक वीआईपी खेतों में ट्रैक्टर से हल चलाता व अन्य कार्य करता नजर आए तो निगाहे उस दृश्य पर ठहर जाती हैं। मन में सवाल भी उठता हैं कि वीआईपी कल्चर को छोड़कर हल चलाने की जरूरत क्यों पड़ी।अब ऐसा ही एक नजारा कांकेर जिले में देखने को मिला है। जहां कांकेर विधनसभा क्षेत्र के विधायक आशाराम नेताम जब अपने खेतों में ट्रैक्टर से खेत जोताई व खेतों से घास की सफाई करते नजर आए।

कार से 22 किलो गांजे के साथ दो गिरफ्तार

फ़ोटो-03

कोंडागांव/नवप्रदेश। केशकार पुलिस ने कार से गांजे की तस्करी करते दो लोगों का पकड़ा। कार से 11 पैकेटों में बंद 22 किलो से ज्यादा गांजा बरामद किया। गांजा को ओडिशा से लेकर रायपुर जा रहे थे। केशकाल पुलिस को चेंकिंग के दौरान मुखबीर से सूचना प्राप्त हुआ की एक सफेद रंग के स्वीफ्ट डिजायर कार कमांक स्क्क 68 क्क 1963 में अवैध मादक गांजा तस्करी कर एनएच 30 से उड़िसा से रायपुर की ओर जा रहा है कि सूचना पर थाना केशकाल एनएच 30 मेन रोड़ में थाने के सामने चेक पोस्ट लगाकरवाहन चेकिंग प्रारंभ की गई। इसी दौरान मुखबीर के बताये अनुसार एक सफेद रंग के स्वीफ्ट डिजायर कार चेक पोस्ट में पहुचने पर कार की जाँच करने पर डिक्की में छुपाकर रखा हुआ भूरे रंग के सेलोटेप से पैक किया हुआ 11 पैकेट अवैध मादक पदार्थ मांजा कुल वजन 22¬380 किलोग्राम गांजा प्राप्त हुआ जिसका कीमत करीबन 02 लाख 23 हजार 800 सौ रूपये को विधिवत जप्त कर गांजा तस्कर राजेन्द्र ठाकुर पिता स्व प्रकाश चन्द ठाकुर एवं . विरेन्द्र कुच्छबंधिया पिता स्व. विकाश कुच्छबंधिया मध्यप्रदेश के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही कर विधिवत गिरफ्तार किया गया। सम्पूर्ण कार्यवाही थाना प्रभारी व उपनिरी शोभित साहू सउनि निहार रजन मण्डल, प्रभार संजय बिसेन, ललित नेताम, आर विनोद मरकाम, जगेश नेताम, म आर, साक्षी पटेल की अहम भूमिका रही।

नए कानून पर दंतेवाड़ा जिले के थानों में कार्यक्रम

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। सोमवार 1 जुलाई से नये क़ानून(भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023, भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023) प्रभावशील होने के अवसर पर जिला दंतेवाड़ा के सभी थानों में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में विधायक दंतेवाड़ा सहित जिला पंचायत अध्यक्ष, नगर पालिका अध्यक्ष एवं अन्य जनप्रतिनिधि, प्रतिष्ठित व्यक्ति, सम्माननीय नागरिक एवं मीडिया के सदस्य सम्मिलित हुए। उत्सव के रूप में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

आज दंतेवाड़ा के सभी थानों में नया कानून प्रभावशील होने के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया । जिसमें जनप्रतिनिधि प्रतिष्ठित व्यक्ति सम्मानीय नागरिक सहित मीडिया के प्रतिनिधि शामिल हुए एवं उत्सव के रूप में मनाया गया! जिला मुख्यालय दंतेवाड़ा की थाना कोतवाली में आयोजित कार्यक्रम में विधायक दंतेवाड़ा चैतराम अट्टामी, जिला पंचायत अध्यक्ष सुश्री तूलिका कर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती पायल गुप्ता एवं नगर पालिका उपाध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप सिंह एवं अन्य जनप्रतिनिधि प्रतिष्ठित व्यक्ति एवं सम्माननीय नागरिक एवं मीडिया के सदस्य एवं थाना के अधिकारी कर्मचारी सम्मिलित हुए! कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक दंतेवाड़ा श्री गौरव राय द्वारा तीनों नवीन कानून के संबंध में संक्षिप्त विवरण एवं महत्व के बारे में उद्बोधन दिया गया! कार्यक्रम में विधायक महोदय द्वारा अपने उद्बोधन में नवीन कानून लागू होने से नागरिक को समयबद्ध न्याय मिलने एवं नागरिक केन्द्रीत कानून के बारे में बताएं! सम्पूर्ण भारत में सोमवार 1 जुलाई से नये कानून क्रमशः भारतीय न्याय संहिता2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 लागू हो गये हैं।

बारिश में भीगते हुए जनप्रतिनिधियों और अफसरों ने हटाया जलकुंभी

■ डढ़िया तालाब से एक ही दिन में कई क्विंटल जलकुंभी निकाली गई

कांकेर/नवप्रदेश। नगर की धरोहर के रूप में पहचान बनाने वाले तालाबों का कायाकल्प करने की पहल करने जिला प्रशासन द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में कलेक्टर नीलेश महादेव क्षीरसागर के निर्देशानुसार जिला स्तर के अधिकारियों ने आज सुबह शहर के प्राचीन डढ़िया तालाब में अभियान चलाकर श्रमदान किया और कई क्विंटल जलकुंभी को निकाला। तेज बारिश के बीच जनप्रतिनिधियों और वरिष्ठ नागरिकों ने भी संयुक्त रूप से सहयोग और श्रमदान करते हुए जलकुंभी व खरपतवार से पूरी तरह पट चुके इस तालाब को साफ किया। इसमें कांकेर विधायक आशाराम नेताम, पूर्व विधायक शिशुपाल सोरी, राज्य मत्स्य विकास बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष भरत मटियारा आदि ने भी शामिल होकर श्रमदान किया।

आज सुबह 07 बजे से ऊपर नीचे रोड किनारे स्थित डढ़िया तालाब में स्वच्छता अभियान चलाया गया, जिसमें कलेक्टर क्षीरसागर, डीएफओ आलोक वाजपेयी, अपर कलेक्टर एस. अहिरवार, जिला पंचायत सीईओ सुमित अग्रवाल, एसडीएम अरुण कुमार वर्मा, अतिरिक्त सीईओ वीरेन्द्र जायसवाल स्थानीय पार्षद जयंत अटभैया सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों ने स्वच्छता अभियान के तहत डढ़िया तालाब से जलकुम्भी निकालने में बरसात की रिमझिम फुहारों के बीच सक्रिय भागीदारी निभाई। इस दौरान विधायक श्री नेताम और कलेक्टर श्री क्षीरसागर ने नगरवासियों से अपील की कि वे अपने शहर की धरोहरों व विरासतों को सहेजने में भागीदार बने ।

तीन नए कानून लागू हुए, आएगा बड़ा बदलाव

पखांजूर/नवप्रदेश। सोमवार 1 जुलाई से भारतीय कानून में 3 नए कानूनों को जोड़ा गया। दंड सहिता को अब न्याय सहिता का रूप दिया गया है।पखांजूर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रशांत शुक्ला एवम् एस. डी. ओ. पी रवि कुमार कुजूर व थाना प्रभारी लक्ष्मण केवट की उपस्तिथि में नवीन कानून पर परिचर्चा व परवर्तन पर जनप्रतिनिधि एवं आम नागरिकों की उपस्थिति में चर्चा की गई।

आज से देशभर में कानून की भाषा बदलने वाली है। तीन नए आपराधिक कानून लागू हो गए हैं। इन नए कानूनों के लागू होने के बाद आपराधिक न्याय प्रणाली में व्यापक बदलाव आएंगे और ब्रिटिश काल से कानूनों की विदाई हो जाएगी। भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम ब्रिटिश काल के भारतीय दंड संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम की जगह लेंगे। भारत सरकार द्वारा बयाना गया नया कानून , शासन , प्रशासन व जनता के हितों का समायोजन से भरा नजर आ रहा है जहां एक और अधिकारियों की जिम्मेदारी बढ़ेगी वहीं दूसरी ओर आधुनिक भारत का नया डिजिट रूप देखा जा सकता है जहां सामान्य जनों को श्वङ्कस्नढ्ढक्र का अधिकार मिला जिसके चलते अब कोई भी सामान्य नागरिक बिना पुलिस थाना पहुंचे अपनी FIR दर्ज करा सकता है जिसकी वैधता सात दिन की होगी उस दौरान स्नढ्ढक्र दर्ज कराने वाले को नजदीकी पुलिस थाना पहुंचना अनिवार्य होगा ।

प्रथम पृष्ठ का शेष

राजीव भवन में बैठक के ...

कई घोटाले, जिनके कारण बघेल पिता पुत्र और दामाद के ऊपर ईडी की कार्रवाई की संभावना से डरकर भूपेश बघेल की भाजपा से डीलिंग हुई. इसके तहत विधानसभा और लोकसभा में कांग्रेस को हरवाने का पूरा षड्यंत्र हुआ, जिसमें बघेल ने पूरी कांग्रेस को प्रदेश में हासिए में ला दिया, तभी इनके मंत्रिमंडल के सभी मंत्री भी हार गए।

नेताप्रतिपक्ष राहुल गांधी ..

है। लाखों लोगों को जेल में डाला गया। वैचारिक आतंक कभी था तो आपका आपतकाल था।

ब्रिटिश राज के...

अनुरूप छत्तीसगढ़ के नागरिकों को त्वरित एवं समुचित न्याय प्रदान करने हेतु कृत संकल्पित है। भारतीय दंड संहिता अब भारतीय न्याय संहिता बन चुकी है। ब्रिटिश राज के औपनिवेशिक अपराध कानूनों का दौर खत्म हो गया है। इसी परिप्रेक्ष्य में निवास कार्यालय में आज से देशभर में लागू हो रहे तीन नवीन कानूनों पर आधारित पुस्तक का विमोचन किया।

मानहानि मामले में मेधा ...

ने कोर्ट में जमानत अर्जी दाखिल की। कोर्ट ने पाटकर की सज़ा 30 दिन के लिए स्थगित किया।

केजरीवाल ने फिर ...

सीबीआई ने गिरफ्तार किया था। कोर्ट ने उन्हें तीन दिन की सीबीआई हिरासत में भेज दिया था। केजरीवाल की सीबीआई रिमांड खत्म होने के बाद 29 को फिर पेश किया गया। इससे पहले केजरीवाल को 21 मार्च को कथित शराब नीति घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी ने गिरफ्तार किया था। तभी से केजरीवाल तिहाड़ जेल में बंद हैं।

महादेव बेटिंग एप मामले ...

गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से लैपटाप, मोबाइल फोन, सट्टे का लेखा-जेखा, बैंक खाते, एटीएम और अन्य सामान बरामद किया है। पुलिस मामले का जल्द खुलासा करेगी। दुर्ग क्राइम ब्रांच की टीम तेलंगाना के गच्चीबाउली पहुंची। जहां एक मकान में ऑनलाइन महादेव सट्टा एप का पैनल संचालित किया जा रहा था। जहां भिलाई के कैंप निवासी सुजीत साव के द्वारा पैनल चल रहा था और कार्यवाही के दौरान एक आरोपी तीसरे माले से छलांग लगा दी। पुलिस ने जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां उसकी इलाज जारी है। वहीं अन्य आरोपियों को ट्रांजिट रिमांड पर लेकर दुर्ग लगाया गया।

चार साल से अटका ब्रिज, लागत...

इसका निर्माण शुरू किया गया तो बाईपास की लागत 18 करोड़ से बढ़कर सीधे 53 करोड़ रुपए पहुंच गई।

दो बार टेंडर की मियाद खत्म, बढ़ाया गया समय

लोकनिर्माण विभाग ने बाईपास सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ कराया तो इस मार्ग पर आने वाले पुलों के निर्माण प्रक्रिया के लिए सेतु निगम को अधिकृत किया गया। सेतु निगम ने 2018 में ही आमनेर नदी पर बनने वाले पुल का टेंडर किया, लेकिन तत्कालीन ठेकेदार के सुस्त और धीमे काम के रवैये के चलते इसका कार्य समय पर पूरा नहीं हो पाया। दो बार टेंडर की मियाद खत्म होने के बाद इसे बढ़ाया गया, लेकिन ठेकेदार के निर्माण काम में तेजी नहीं आई। साल भर पहले ही इसका टेंडर दोबारा निकाल कर दूसरे ठेकेदार को काम थमाया गया है। इसके बाद भी काम में गति नहीं आई है।

संयुक्त बैठक में उठी मांग, पर निर्माण में नहीं आई गति

शहर में यातायात व्यवस्था सुधारने, निर्माण कार्यों को पूरा कराने, अतिक्रमण हटाए जाने जैसे मामलों में राजस्व, नगर पालिका प्रशासन सहित यातायात पुलिस विभाग की संयुक्त बैठक में बाईपास सड़क निर्माण कार्य को

जल्द पूरा कराए जाने का गंभीर मसला उठा था। बैठक में एसडीएम टंकेश्वर साहू, पालिका सीएमओ प्रमोद शुक्ला, यातायात प्रभारी शक्ति सिंह सहित गणमान्य नागरिक व विभिन्न संघ, संगठनों के पदाधिकारी भी मौजूद थे। बैठक में कहा गया कि बाईपास निर्माण पूरा किए जाने के बाद यातायात शहर में बढ़ते दबाव के कम होने का हवाला भी दिया गया था, लेकिन बाईपास कार्य में तेजी लाने अब तक कार्रवाई आगे नहीं बढ़ पाई है।

एसडीएम ने जताई नाराजगी, टेंडर निरस्त करने कहा

मामले में एसडीएम टंकेश्वर साहू ने सेतु निगम अधिकारियों से फोन पर चर्चा कर बाईपास सड़क निर्माण की जानकारी लेते हुए आमनेर पुल निर्माण प्रक्रिया की लेटलतीफी को लेकर नाराजगी जताई और इसके निर्माण में तेजी लाने के निर्देश दिए थे। अधिकारियों को निर्माण कार्य समय पर पूरा नहीं करने पर इसका टेंडर निरस्त कर नया टेंडर निकालने भी कहा गया, लेकिन राजनांदगांव से संचालित हो रही सेतु निगम बाईपास सड़क में निर्माणाधीन पुल को लेकर अब तक प्रशासनिक गंभीरता नहीं दिखाई दे रही है।

खेत में काम कर रहे अधेड़ करंट की चपेट में आने से मौत

नवागढ़/नवप्रदेश। नांदघाट थाना अंतर्गत ग्राम तरपोंगी में करंट की चपेट में आने से अधेड़ की मौत हो गई। मृतक का नाम बलदेव निषाद पिता रामसाय उम्र 60 साल निवास तरपोंगी है। दरअसल सोमवार के दोपहर करीब 03 बजे मृतक अपना खेत गया हुआ था, जहां वह अपने खेत के मेड़ में काम कर रहे थे तभी वे खेत के किनारे लगे तार घेरा के सम्पर्क में आ गए जिसमें करंट था। परिजनों के मुताबिक नजदीक की विद्युत लाइन तार टूटकर घेरे से जुड़ गई थी, जिसकी वजह से तार घेरे में करंट आ गया था। करंट लगने पर नजदीकी किसानों ने इसकी सूचना परिजनों को दी और उसे एम्बुलेंस से नवागढ़ अस्पताल लाया गया। डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

संकुल हात्मा व खरगांव में मिठाई खिलाकर मनाया शाला प्रवेशोत्सव

कोंडागांव/नवप्रदेश। बड़ेराजपुर विकासखंड अंतर्गत संकुल हात्मा के शासकीय हाई स्कूल परिसर में संकुल स्तरीय व खरगांव में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। जिसमें छह प्राथमिक शाला, तीन माध्यमिक शाला और एक हाई स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाएं पालक तथा बच्चे शामिल हुए। जिसमें विकासखंड शिक्षा अधिकारी के एस पोया की उपस्थिति में नव प्रवेशी कक्षा पहली,छठवीं और नवमी के बच्चों को हर्ष उल्लास के साथ मिष्ठान खिलाकर स्वागत करते हुए निःशुल्क पाठ्य पुस्तक और निःशुल्क गणवेश का वितरण कर प्रवेश दिलाया गया। बच्चों के द्वारा मनमोहक स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। खण्ड शिक्षा अधिकारी ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्कूलों में बच्चों और शिक्षकों की शत-प्रतिशत उपस्थिति के साथ नवाचारी गतिविधियों से शिक्षा की गुणवत्ता को और अधिक बेहतर बनाने सभी को निर्देशित किया गया।प्रधान अध्यापक शंकर लाल नेताम ने अभिभावकों से शाला त्यागी बच्चों को स्कूल से पुनः जोड़ने के साथ ही जो बच्चे नवमी के बाद शाला छोड़ चुके हैं उन्हें ओपन जैसी परीक्षाएं दिलाकर आगे की पढ़ाई करने हेतु आग्रह किया गया। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती फूलबती मरकाम सरपंच, विशेष अतिथि श्री बंशीलाल मंडावी,दयाल सिंह,बीर सिंह, तिहारु मरकाम,धरमसिंह,बीसाहू राम, नंदूराम तथा संकुल समन्वयक दुखू राम, रामभुवन साहू पूर्व प्राचार्य, प्रधान पाठक सोहनलाल सूर्यवंशी, शिवलाल नेताम,सोनाधार नेताम,साधुराम नेताम उमेश नेताम,शोभी नेताम, संदीप सेन तथा संकुल के शिक्षक-शिक्षिकाएं और स्कूली बच्चे उपस्थित थे।

जिले के थानों में बांटा गया सैमसंग टेबलेट

कांकेर/नवप्रदेश। नवीन कानून को लेकर पुलिस मुख्यालय द्वारा जिले के थानों में सैमसंग टेबलेट का वितरण किया गया। टेबलेट वितरण में ई-साक्ष्य एप÷ के संबंध में प्रशिक्षण भी दिया गया मेरी पहचान÷ पोर्टल के बारे में उपस्थित अधिकारी कर्मचारी को बताया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इंदिरा कल्याण ऐलिसेला के निर्देशन में रविवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय कांकेर में तीन नवीन कानूनों के प्रवर्तन के दिशा में ई-साक्ष्य एप के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया 7 ई साक्ष्य के उपयोग के लिए पुलिस मुख्यालय रायपुर द्वारा सैमसंग टैबलेट उपलब्ध कराया गया है। इस एप्प के माध्यम से विवेचकों को अपराध अनुसंधान में मदद मिलेगी। इस दौरान श्रीमती मनीषा ठाकुर रावटे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गिरिजाशंकर साव उप पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन अविनाश ठाकुर उप पुलिस अधीक्षक डीआरजी मोहसीन खान अनुविभागीय अधिकारी(पुलिस) कांकेर, एवं समस्त थाना/चौकी प्रभारी विवेचकगण उपस्थित रहे।

आजादी की लड़ाई में जनजातीय समाज का महत्वपूर्ण योगदानः सीएम साय

■ आदिवासी गोंड़ समाज मावली महासभा का सांस्कृतिक भवन लोकार्पण एवं रानी दुर्गावती बलिदान दिवस समारोह में शामिल हुए सीएम

भाटापारा/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय रविवार 30 जून को नगर के कृषि उपज मंडी परिसर में आदिवासी गोंड़ समाज माँ मांवली महासभा द्वारा आयोजित सांस्कृतिक भवन लोकार्पण एवं रानी दुर्गावती बलिदान दिवस समारोह में शामिल हुए। इस दौरान समाज के पदाधिकारियों ने साफा पहनाकर उनका स्वागत किया।

श्री साय ने सम्मेलन में आदिवासी समाज के सामाजिक भवन के आहता निर्माण हेतु 22 लाख रूपये तथा सीसी रोड के लिए 25 लाख रूपये की घोषणा की है। साथ ही गुर्रा से जोगीद्वीप मेला स्थल तक सड़क निर्माण हेतु 1 करोड़ 30 लाख रूपये की घोषणा की। उन्होंने इसके अतिरिक्त तरेंगा से दौरेंगा तक सड़क निर्माण के लिए प्रस्ताव बनाकर शासन को प्रेषित करने के निर्देश कलेक्टर को दिए। मुख्यमंत्री ने मुख्य मंच से प्रधानमंत्री आवास योजना के 5 हितग्राहियों को घर की चाबी, 3 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड, 4 हितग्राहियों को जाति प्रमाण पत्र एवं समाज के मेधावी छात्र छात्राओं का सम्मान किया। इस दौरान रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक बिल्हा धरम लाल कौशिक, पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा,प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष लक्ष्मी वर्मा, पिंकी ध्रुव, लच्छूराम कश्यप, समाज प्रमुख बंशीलाल नेताम, कलेक्टर दीपक सोनी, पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल उपस्थित रहे।

समारोह को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार ने जनजातीय गौरव की भावना को सुदृढ़ बनाने के लिए हर साल 15 नवम्बर को जनजातीय गौरव दिवस की शुरुआत की। इसके साथ ही रानी दुर्गावती का भव्य स्मारक जबलपुर में तैयार कराया गया है। देश की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु जनजातीय समाज से हैं। उनका इस सर्वोच्च पद में आसीन होना जनजातीय समाज के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने कहा कि समाज एकजुट होकर और शिक्षा प्राप्त कर आगे बढ़े। शिक्षा विकास का मूलमंत्र है। किसी भी क्षेत्र में तरक्की करना है, तो शिक्षा जरुरी है। उन्होंने युवाओं को नशापान से दूर रहने की नसीहत देते हुए कहा कि नशापान से युवा गुमराह हो रहे हैं। उन्हें सही दिशा में अपनी ऊर्जा और क्षमता लगाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार किये गए वायदे को तेजी से पूरा कर रही है। हमने धान के बकाया बोनस की राशि, 3100 रुपये मे धान खरीदी और एक मुश्त राशि किसानों क़े खाते में राशि अंतरित किया है। महतारी वंदन योजना अंतर्गत 70 लाख महिलाओं क़े खाते में हर महीना एक हजार रूपये दिया जा रहा है। राम भक्तों को रामलला क़े दर्शन क़े लिए रामलला दर्शन योजना शुरू की गई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात में एक पेड़ माँ क़े नाम लगाने का आह्वान किया है। उनके आह्वान को पूरा करने हम सभी को प्रयास करना है। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि सभी अपने माँ क़े नाम से माँ के साथ एक पेड़ जरूर लगाएं। इस तरह से पेड़ लगाएंगे तो उसकी देख भाल बहुत अच्छे से होगी और पेड़ जल्द विकसित होगा। उन्होने कहा कि बढ़ते प्रदूषण से पर्यावरण को बचाने में वृक्षारोपण बहुत जरुरी है। समारोह को रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक बिल्हा धरम लाल कौशिक, पूर्व विधायक भाटापारा शिवरतन शर्मा ने भी सम्बोधित किया। बड़ी संख्या में ग्रामीण और दूर दराज से आएं आदिवासी समाज के पदाधिकारी एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। उक्त मौके पर डीएफओ मयंक अग्रवाल,जिला पंचायत सीईओ दिव्या अग्रवाल,अपर कलेक्टर दीप्ति गौते, एसडीएम नितिन तिवारी,तहसीलदार चित्ररेखा चंद्रवंशी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और दूर दराज से आएं आदिवासी समाज के पदाधिकारी एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

■ न्यूज गैलरी

मुढीपार व कड़ार में शराब बिक्री करने वाले 2 शराब कोचिया गिरफ्तार

भाटापारा/नवप्रदेश। अवैध रूप से शराब बेचने की शिकायत पर ग्रामीण पुलिस ने ग्राम मुढीपार एवम् कड़ार में शराब बिक्री करने वाले 02 शराब कोचिया को गिरफ्तार कर उनके पास से 30 -30 पौवा देशी मशाला शराब जब्त किया है।

उपरोक्त संबंध में निरीक्षक अमित पाटले थाना प्रभारी भाटापारा ग्रामीण ने बताया कि वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर भाटापारा ग्रामीण पुलिस द्वारा शराब कोचियों की धरपकड़ कार्यवाही लगातार जारी है। टी आई पटले ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर थाना भाटापारा ग्रामीण से सउनि जागेश्वर ध्रुव, प्रआर 161 मंजू साहू , आरक्षक गौरीशंकर कश्यप, अजय साहू, सुरेश गुप्ता की पुलिस टीम द्वारा ग्राम मुढीपार में सागर ध्रुव एवं ग्राम कड़ार में

छुरा में रथ यात्रा की तैयारी पूरी

छुरा/नवप्रदेश। मानस मंदिर में समिति के सदस्यों द्वारा और सभी धर्म प्रेमी/युवा साथी/माताओं/बहनों/व्यापारीगण एवम हमारे नगर के वरिष्ठ जन की उपस्थिति में रथयात्रा की तैयारी के संबंध में बैठक की। जिसमें प्रति वर्ष की तरह इस वर्ष भी रथयात्रा बड़ी धूमधाम से मनाया जायेगा भगवान जगन्नाथ जी के रथ को समिति के सदस्यों और धर्म प्रेमियों द्वारा रथ को सजाया जाएगा और प्रसाद में धजा मूंग की व्यवस्था की जायेगी मानस मंदिर से हरी बोल के जयकारे के साथ ओडिसा के पारंपरिक नित्य के साथ यह यात्रा नगर भ्रमण के लिए निकलेगी । जिसमें प्रमुख रूप से मानस मंदिर समिति के अध्यक्ष ओमकार शाह और बड़े महल के राजा यशपेंद्र शाह, शीतल ध्रुव, मिथिलेश सिन्हा, गोपाल सोनी अखिल चौबे सैलेंद्र दीक्षित विक्कू चंद्राकर और मानस मंदिर के पुजारी यजेश पांडे और भोला पांडे ओमप्रकाश यादव और शिक्षक मानस परिवार के सभी सदस्य उपस्थित रहेंगे।

श्री सिद्धि विनायक गणेश मंदिर का स्थापना दिवस आज

उतई/नवप्रदेश। नगर पंचायत उतई अंतर्गत नेहरू नगर में स्थित श्री सिद्धि विनायक गणेश मंदिर का स्थापना दिवस 2 जुलाई को सुबह 10 बजे से मनाया जायेगा।समिति के संरक्षक संतोष बमभोले ने बताया यह स्थापना दिवस का 7 वा वर्ष है।समिति के सदस्यों द्वारा इसकी तैयारी की जा रही है।सुबह 10 बजे पूजा अर्चना से कार्यक्रम की शुरुवात होगी।रात्रि 8 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम संतोष ढिमर कृत संगवारी का मंचन होगा।

प्रख्यात बॉडी बिल्डर अमित जांगिड़ का आज धमतरी में

धमतरी/नवप्रदेश। देश के प्रख्यात बॉडी बिल्डर, कोच व मोटिवेशनल स्पीकर अमित जांगिड़ का सोमवार सुबह 8बजे धमतरी आगमन हो रहा हैं आगमन पर फिट लाईफ जिम एवं बडी संख्या में शहरवासियों द्वारा स्वागत की तैयारी की गई हैं अमित जांगिड़ सोमवार, मंगलवार व बुधवार को फिट लाईफ जिम मे उपस्थित होकर शहर एवं छेत्र के बॉडीबिल्डरों व खेल प्रेमियों को निःशुल्क टिप्स देंगे ज्ञात हो की अमित जांगिड़ शहर के प्रतिष्ठित व्यापारी वीरेंद्र शर्मा व मदन शर्मा के भांजे तथा फिट लाईफ जिम के संचालन सतेंद्र शर्मा एवं अजय शर्मा के बड़े भाई है ।

उतई मवेशी बाजार की 2 लाख से ज्यादा की लगी बोली

उतई/नवप्रदेश। नगर पंचायत उतई में मवेशी बाजार एवं साइकिल स्टैंड नीलामी संपन्न हुई। नगर पंचायत उतई में लगने वाले प्रसिद्ध बाजार की साइकिल स्टैंड की बोली 51 हजार रुपए में छन्नू गिरी गोस्वामी एवं नगर पंचायत की प्रसिद्ध मवेशी बाजार को तोशन साहू ने 265000 में बोली लगाकर प्राप्त किया नीलामी में नगर पंचायत के अध्यक्ष डिकेंद्र हिरवानी उपाध्यक्ष रविन्द्र वर्मा पार्षद प्रहलाद वर्मा तोशन साहू वीरेंद्र गोस्वामी मुख्य नगर पालिका अधिकारी नायक जी वरिष्ठ नागरिक शैलेश देवांगन पदुमलाल साहू गोवर्धन लाल साहू द्वारिका साहू अनिल देव सिंह ललित साहू पंचायत कर्मचारी कमलेश ठाकुर अनकालू साहू चौधरी चेलक आदि उपस्थित थे।

विधायक इंद्र साव ने सीएम को सौंपा ज्ञापन

भाटापारा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के रविवार को भाटापारा आगमन के दौरान कॉलेज ग्राउंड स्थित हेलीपेड पर क्षेत्रीय विधायक इंद्र साव ने उनसे मुलाकात कर विधानसभा क्षेत्र की 5 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपकर उनके निराकरण की मांग की,जिस पर मुख्यमंत्री ने जल्द से जल्द सहानुभूति पूर्वक विचार करने का आश्वासन दिया।

विधायक इंद्र साव ने मुख्यमंत्री श्री साय का भाटापारा आगमन पर उनका स्वागत करते हुए उन्हें विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं के निराकरण करने बाबत एक मांग पत्र सोपा।श्री साव ने अपने ज्ञापन में भाटापारा और सिमगा क्षेत्र के गांव गांव में हो रही शराब बिक्री और मध्यप्रदेश निर्मित शराब की धड़ल्ले से हो रही शराब बिक्री पर अंकुश लगाने और इस कार्य में सहयोग करने वाले आबकारी अधिकारियों को स्थांतरित करने की मांग की। जिले की अधोगिक इकाइयों प्लांटों में स्थानीय बेरोजगारों को रोजगार ना देकर अन्य प्रदेश के युवाओं को नौकरी पर रखने की शिकायत करते हुए स्थानीय लोगो को प्राथमिकता के साथ नौकरी दिलाने की मांग रखी।

विधायक इंद्र साव ने क्षेत्र में चिकित्सा सेवा की कमी को देखते हुए सिमगा में सर्व सुविधा युक्त मल्टी स्पेशलिस्ट सह ट्रामा सेंटर के साथ साथ भाटापारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और सिमगा के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में स्त्री रोग,शिशु रोग, सर्जरी विशेषज्ञ,अस्थि विशेषज्ञ,नाक कान गला रोग विशेषज्ञ,नेत्र रोग,निश्चेतना विशेषज्ञ,टेक्नीशियन के रिक्त पदों पर भर्ती की मांग करी।

निरंकारी मानव एकता दिवस पर रक्तदान

■ रक्तदाताओं से 71 यूनिट रक्त हुआ संग्रहित

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। युग प्रवर्तक बाबा गुरूबचन सिंह जी की स्मृति में उनकी शिक्षाओं से निरंतर प्रेरणा लेते हुए संत निरंकारी मिशन द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी मानव एकता दिवस के अवसर पर सम्पूर्ण विश्व में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संत निरंकारी चेरीटेबल फाउण्डेशन (संत निरंकारी मिशन की सामाजिक शाखा) के तत्वावधान में नवापारा नगर के सिंधी गुरूद्वारा में रविवार 30 जून की सुबह 10 बजे से शाम 3 बजे तक रक्तदान शिविर का आयोजन किया किया गया एंव नवापारा राजिम ब्रांच के मुखी (संयोजक) गांधी सचदेव ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी मॉडल ब्लड बैंक से एक टीम रक्त संग्रहित करने के लिए नगर में पहुंची। इस रक्तदान शिविर में लोगों बढ़चढ़ कर हिस्सा लेकर कार्यक्रम को सफल बनाया जिसमें 50 पुरूषों एंव 21 महिलाओं के द्वारा कुल 71 यूनिट रक्तदान हुआ। जिसमें पहली बार रक्तदान करने वाले पुरूष एंव महिलाओं की संख्या अधिक थी। मिशन के भक्तों के लिए रक्तदान पहले से ही जनकल्याण की सेवा भाव में एक अभिन्न अंग रहा है। युगदृष्टा बाबा हरदेव सिंह का कथन %रक्त नाड़ियों में बहे नालियों में नहीं% इस संदेश को मिशन के अनुयायियों ने निश्चित रूप से चरितार्थ किया है। जिसे वर्तमान में सतगुरू माता सुदीक्षा जी महाराज के निर्देशानुसार आगे बढ़ाया जा रहा है।

स्वस्थ जीवन के लिए पौधे लगाएंः पंडित विनोद शर्मा

■ डोभापारा में चल रहे भागवत कथा में सती प्रसंग की चर्चा

राजिम/नवप्रदेश। डोभापारा में चल रहे श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ के सप्ताह के चौथे दिन की कथा में भागवताचार्य पंडित विनोद शर्मा ने कहा कि श्रीमद् भागवत महापुराण साक्षात ईश्वर का स्वरूप है। इन्हें सुनने से ही मन पवित्र हो जाता है तथा सही तरह से जीवन जीने का मार्ग प्रशस्त होता है। उन्होंने सती अनुसुईया प्रसंग सुनाकर श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। नारद ने लक्ष्मी, पार्वती एवं ब्राह्मणी के सामने माता सती अनुसुईया की प्रशंसा की। इस लक्ष्मी ने विष्णु, पार्वती ने शिव तथा ब्राह्मणी ने ब्रह्मा को माता अनुसुईया की परीक्षा लेने के लिए भेजा। तीनों साधु का रूप धारण कर माता अनुसुईया के पास पहुंच गए और कहा कि हे माता! हमें भोजन करावों, हम कई दिनों से भूखे हैं इतना शब्द सुनते ही माता उन्हें घर ले आई और भोजन की व्यवस्था करने लगी। साधु बोले कि उन्हें भोजन कराना है तो नग्न अवस्था में भोजन परोसना होगा। इतना कहने पर माता ने तीनों को 6 माह के बालक बनाकर पालने में डाल दिया और प्रत्येक को बारी-बारी से दूध पिलाने लगी। जब कई माह बीत गए तो माता लक्ष्मी, पार्वती और ब्राह्मणी अपने-अपने पतियों को लेने के लिए आई, तब सती अनुसुईया ने उन्हें अपना अपना पति ले जाने की अनुमति दी लेकिन तीनों अपने-अपने पति को पहचानने में असमर्थ थी। पंडित शर्मा ने कहा किसी भी व्यक्ति को दूसरे की प्रसिद्धि सुनकर प्रसन्न होना चाहिए न की उन्हें दुविधा में डालना चाहिए। इससे परेशानियां सामने आती हैं। इसलिए चाहे वह छोटा हो या बड़ा हमेशा सम्मान करना चाहिए। कर्म का फल अवश्य मिलता है अच्छा करने पर अच्छा फल मिलेगा तथा बुरा करने पर वैसा ही भुगतना पड़ेगा। मनुष्य जीवन दुर्लभ है इसलिए अच्छा कर्म करें। सत्य बोलने से ईश्वर प्रसन्न होते हैं। झूठ की बुनियाद बहुत जल्द नष्ट हो जाते हैं। आजकल पेड़ों की संख्या कम होते जा रही है। इससे पर्यावरण में जबरदस्त बदलाव देखने को मिला है। पेड़ पौधे के होने से पर्यावरण संतुलित रहते हैं। यदि हम अच्छे जीवन की सोच रखते हैं तो पेड़ लगाएं। इसके लिए जन्म दिवस, विवाह संस्कार, मृत्यु संस्कार इत्यादि अवसरों पर पौधा लगाकर उनकी देखभाल करें।

ताकि जीवन सुखमय हो

धर्म से अनुशासनः नई पीढ़ी को धर्म से जोड़ना बहुत जरूरी है जो धारण किया जाता है वही धर्म है शास्त्रों में कहा गया है कि धारयते इति धर्मः। प्रत्येक घरों में गीता रामायण का पाठ होना चाहिए इससे परिवार में सुख समृद्धि के साथ ही एक अच्छा माहौल बनता है।

भाजपा शासन में सड़कों पर बढ़ी मवेशियों की संख्याः ओंकार साहू

धमतरी/नवप्रदेश। जब से छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनी है तब से लगातार धमतरी जिले के सड़कों में मवेशियों की संख्या बढ़ गई है जिससे शहर में दुर्घटना भी लगातार हों रही है। जिससे दुर्घटना के कारण लोगों की जान भी जा रही है। जब प्रदेश में कांग्रेस की सरकार थी तब पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में गौ माता का संरक्षण कर उनके लिए उचित खान-पान और गौशालाओं की व्यवस्था की जाती थी। जिससे गौ माताओं को नेशनल हाईवे पर नहीं आना पड़ता था और न ही गांव गली के सड़क में घूमते नजर आते थे। जिससे कांग्रेस सरकार में मवेशियों के कारण दुर्घटना की संभावना भी कम रहती थी द्य पूरे जिले में मवेशीयों के सड़क में जमावड़ा होने कारण दुर्घटना की संभावना बढ़ गई है द्य अभी हालही में गुरुवार को अंबेडकर चौक रुद्री रोड में रात को दो अलग-अलग सड़क हादसे हुए। जिसमें एक की मृत्यु हो गई दूसरा घायल है । जिस मावेशी से टक्कर हुई बाद में उस मावेशी की भी मौत हो गई ।

जिले में शांतिपूर्ण हुई प्री बीएड और प्री डीएलएड परीक्षा

गरियाबंद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा आयोजित प्री बीएड और प्री डीएलएड की परीक्षा आज जिले में शांतिपूर्वक सम्पन्न हो गया। कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल ने आज प्रथम पाली के परीक्षा में शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गरियाबंद, शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय और शासकीय वीर सुरेन्द्र साय महाविद्यालय परीक्षा केंद्रों का आकस्मिक निरीक्षण कर परीक्षा संचालन का जायजा लिया। निरीक्षण के समय सभी परीक्षा केंद्रों में सुचारू रूप से परीक्षा संचालित किया जा रहा था। इस अवसर पर परीक्षा के नोडल अधिकारी संयुक्त कलेक्टर श्री राकेश कुमार गोलछा भी मौजूद रहे। इस दौरान समन्वयक एवं शासकीय वीर सुरेन्द्र साय महाविद्यालय गरियाबंद के प्राचार्य डॉ आर के तलवरे ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में संचालित परीक्षा केंद्र में परीक्षार्थियों के बैठने की सुचारू व्यवस्था एवं अन्य प्रशासनिक व्यवस्था की गई थी। उल्लेखनीय है कि जिले में दो पाली में परीक्षा का आयोजन किया गया। प्रथम पाली में प्री बीएड परीक्षा के लिए 19 परीक्षा केन्द्र एवं द्वितीय पाली में प्री डीएड परीक्षा के लिए 26 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे।

प्रथम पाली में प्री बीएड परीक्षा सुबह 10 बजे से दोपहर 12:15 तक आयोजित की गई। इसी तरह द्वितीय पाली में प्री डीएड की परीक्षा दोपहर 2 बजे से शाम 4:15 बजे तक आयोजित किया गया।

स्वास्थ्य केंद्रों में स्वास्थ्य सेवाएं जारीः बीएमओ

गरियाबंद/नवप्रदेश। देवभोग क्षेत्र के स्वास्थ्य केंद्रों में स्वास्थ्य सेवाएं सुचारू रूप से जारी है, बंद जैसी कोई स्थिति नहीं है। इस संबंध में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देवभोग के बीएमओ ने बताया कि 28 जून को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र-देवभोग में योगीराज माखनलाल कश्यप एवं उनके सहयोगी द्वारा चिकित्सा अधिकारी एवं नर्सिंग स्टाफ से दुर्व्यवहार एवं अभद्रता के विरूद्ध थाना देवभोग में रात 11.00 बजे लगभग एफआईआर दर्ज करवाने के लिए गये थे किन्तु रात को थाना देवभोग में एफआईआर दर्ज नहीं होने के कारण सुबह डाक्टर एवं नर्सिंग स्टाफ पुनः थाना देवभोग में एफआईआर दर्ज कराने गये थे।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

ई-निविदा सूचना

निविदा सूचना क्र.: एसएनटी-आर-2024-11 दिनांक: 21.06.2024

कार्य का नाम: निम्नलिखित के संबंध में सिग्नलिंग कार्य का निष्पादन (1) दुर्ग-दल्ली राजहरा सेक्शन में मानवयुक्त लेवल क्रॉसिंग संख्या डीडी-24, किमी 893/8-9 को बंद करने के लिए सड़क के नीचे पुल का प्रावधान। (2) दुर्ग-दल्ली राजहरा सेक्शन में मानवयुक्त लेवल क्रॉसिंग संख्या डीडी-27, किमी 896/8-9 को बंद करने के लिए सड़क के नीचे पुल का प्रावधान। (3) दुर्ग-दल्ली राजहरा सेक्शन में मानवयुक्त लेवल क्रॉसिंग संख्या डीडी-39, किमी 910/3-4 को बंद करने के लिए सड़क के नीचे पुल का प्रावधान। (4) दुर्ग-दल्ली राजहरा सेक्शन में मानवयुक्त लेवल क्रॉसिंग संख्या डीडी-40, किमी 911/6-7 को बंद करने के लिए सड़क के नीचे पुल का प्रावधान। (5) गुड्स शेड एसजीकेबी का सुधार। (6) गुड्स शेड बीडीकाईडी का सुधार। (7) गुड्स शेड विकास - तिल्दा नेओरा (टीएलडी)। (8) गुड्स शेड विकास - बालोद (बीएक्सए)। (9) दाधापारा (डीपीएक्स) गुड्स शेड का सुधार। (10) भाटापारा (बीवाईटी) गुड्स शेड का सुधार। (11) आपदा प्रबंधन प्रिंड, भिलाई मार्शलिंग यार्ड का विस्तार।

निविदा मूल्य: ₹ 1,80,80,468.44

ईएमडी: ₹ 2,40,400/-

कार्य पूर्णता की अवधी: 09 (नौ) माह।

बिडर्स अपना मूल / संशोधित बिड्स केवल 25.07.2024 को 15:00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं। मैनुअल ऑफर्स इन निविदाओं के विरुद्ध स्वीकार नहीं होंगे। वस्तृत विवरण हमारे वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, रायपुर

PR/R/S&T/PC/60

South East Central Railway @secrail

कार्यालय नगर पंचायत कुनकुरी, जिला-जशपुर (छ.ग.)

Phone No. 07764-250419 Email Id- nagarpanchayatkunkuri@gmail.com

S.No/67/P.W.D./N.P/2024-25 Kunkuri Date 01.07.2024

-:: Interest In Expression ::-

By this Nagar Panchayat Kunkuri Chath Ghat Pond ecologicl restoration Work, ramoval of silt and sediments is necessary for better management of biodiversity and overall environment.

Therefore, the reservoir of Nagar Panchayat Kunkuri Charh Ghat is to be rehabilitated Using Sesaw Technology, the project is purely to restore the Water carrying capacity of the reservoir, to enable recharge of underground water table (ground water table) to maintan the natural hydrological condition, it is focused on making the water efficient and making water quality useful for life. Therefore expressions of interest sre invited till the date 24.07.2024 for carrying out the work as per the criteria and project set by the body by a farm skilled in the said work, Interested firms should submit GST registration, PAN card, Aadhar card, valid income tax return, ISO registration certificate and tax related documents and FDR of Rs 100000.00 (Rs 1 Lakh only) as security deposit for the work. Which is payable in the name of the Chief Municipal Officer and can submit the expression of interest.

After examining the interest received in the expression , determining the L1/credibility, the work will be allotted by the Council/Collector, after receiving the expression of work.

Location : Kunkuri
Date : 01.07.2024

Chief Municipal Officer
Nagar Panchayat Kunkuri
District- Jashpur (C.G.)

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका सक्ती, जिला सक्ती (छ.ग.) में खसरा क्र. 1266/1/क रकबा एकड़ 0.04 एकड़ भूमि है। उक्त भूमि खसरा क्र. 682/1/ग रकबा 0.28 हेक्टर का टुकड़ा है। जिसमें मेरे पक्षकार बसंती बाई पति स्व. महेश राम देवांगन तथा पुत्र महेश राम तथा रेखा पुत्री महेश राम देवांगन का हक हिस्सा है। गणेश राम के द्वारा उक्त भूमि को गणेश राम द्वारा अवैधानिक तता विधि विरूद्ध रूप से अपने नाम पर दर्ज करा लिया गया है। गणेश राम की मृत्यु हो गया है। गणेश राम वल्द घसिया राम देवांगन की वारिशों के द्वारा सक्ती में खसरा क्र. 1166/1/क रकबा 0.016 हेक्टर भूमि को विक्रय किए जाने का प्रयास किया जा रहा है। जो कोई भी व्यक्ति उक्त भूमि को प्रयास करता है, उसका जवाबदार वो स्वयं रहेगा। यह सूचना सर्व साधारण के लिए प्रकाशित किया जाता है।

प्रेषक
कृष्ण कुमार देवांगन
अधिवक्ता सक्ती
मो. 7389724180

नाम सुधार सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री प्रगति अग्रवाल की दसवीं की अंकसूची में पिता का नाम राजेंद्र अग्रवाल एवं माता का नाम Reetu अग्रवाल है, जिसमें सुधार करते हुए पिता का नाम राजेन्द्र कुमार अग्रवाल (Rajendra Kumar Agrawal) एवं माता का नाम रितु अग्रवाल Ritu Agrawal किया जाना है। यदि किसी को आपत्ति हो तो दावा/आपत्ति कर सकता है।

राजेन्द्र अग्रवाल
लखनपुर
जिला-सरगुजा (छ.ग.)

छत्तीसगढ़ राज्य गौसेवा आयोग रायपुर

// प्रथम निविदा सूचना //

क्रमांक 523 /भण्डार/गौ.से.आ./2024-25 रायपुर, दिनांक 28/06/2024

कार्यालय छत्तीसगढ़ राज्य गौसेवा आयोग रायपुर, जिला रायपुर क्षेत्रांतर्गत निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदाकारों/ प्रदायकर्ताओं से जो श्रम विभाग छ.ग. में पंजीकृत हो।

क्र.	कार्य का नाम	संख्या	अनुमानित लागत राशि (लाख में)	अमानत राशि	कार्यावधि
1	वाहन चालक	2			
2	भृत्य	2			

छत्तीसगढ़ राज्य गौसेवा आयोग द्वारा वर्ष 2024-25 के लिए आफलाईन निविदा के माध्यम से श्रमिकों हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा हेतु शेड्यूल निम्नानुसार है :-

क्र.	विवरण	दिनांक व समय	रिमार्क
1	निविदा प्रपत्र प्राप्त करने का समय	प्रकाशन की तिथि से दिनांक 05.08.2024 तक शासकीय अवकाश को छोड़कर कार्यालयीन अवधि में	
2	निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि	05.08.2024 सायं 5 बजे	
3	निविदा प्रपत्र खोलने की तिथि	06.08.2024 दोप. 1 बजे	
4	निविदा प्रपत्र विक्रय मूल्य राशि	1,000/- रुपए	
5	अमानती राशि	50,000/- रुपए	
6	निविदा प्रपत्र खोलने का स्थान	कार्यालय, छत्तीसगढ़ राज्य गौसेवा आयोग, रायपुर नगर निगम कंकाली हास्पिटल, तृतीय तल, कंकालीपारा, रायपुर (छ.ग.)	

टिप्पणी :-

1. निविदा खोलने के लिए निर्धारित तारीख को यदि अवकाश घोषित किया जाता हैं, तो निविदा अवकाश के पश्चात अगले कार्यकारी दिवस को खोली जायेगी लेकिन निविदा खोलने के उपरोक्त दर्शाये गये समय में परिवर्तन नही होगा।
2. उक्त कर्मचारियों की संख्या कार्य की आवश्यकता को देखते हुये घटायी व बढ़ायी जा सकती है। जिसका निर्णय पंजीयक, छ.ग. राज्य गौसेवा आयोग द्वारा किया जायेगा।
3. निविदा दस्तावेज दिनांक 05.08.2024 शाम 05.00 बजे तक ऑफलाईन जमा किया जा सकता हैं। निविदा दस्तावेज जमा करने हेतु पर्याप्त समय दिया गया है। निविदाकारों को यह सुझाव दिया जाता हैं कि निविदा जमा करने के ऑफलाईन निर्देश एवं प्रक्रिया का विधिवत् अध्ययन कर लें एवं अंतिम समय की प्रतिक्षा किये बिना पर्याप्त समय पूर्व, निर्धारित प्रक्रिया पूर्ण कर निविदा जमा किया जाना चहिए ताकि अंतिम समय में समस्या होने पर निविदा जमा करने में कठनाई ना हो।

संवाद-40642/1

पंजीयक
छ.ग. राज्य गौसेवा आयोग
रायपुर (छ.ग.)

न्यूज गैलरी

विधायक अग्रवाल ने की पौधरोपण की पहल

लखनपुर/नवप्रदेश। अम्बिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल द्वारा उदयपुर में पौध-रोपण मानसूनी फुहार के साथ किया गया। सरगुजा संभाग में गर्मी के सीजन में लगातार बढ़ते तापमान के दृष्टिगत खाली जगहों पर हरियाली लाने तथा बेहतर वातावरण की परिकल्पना को लेकर अंबिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल के पहल पर विखं उदयपुर के ग्राम सायर में 16 हजार और मानपुर में 49 हजार पौधा लगाने की शुरुआत हुई। विधायक अग्रवाल व उनके परिवार द्वारा कई सालो से पौधरोपण कराये जाने का पुनित कार्य किया जाता रहा है साथ ही पर्यावरण संरक्षण को लेकर भी हमेशा तत्पर रहते हैं। पौधरोपण के दौरान विधायक प्रतिनिधि राकेश अग्रवाल, सौरभ अग्रवाल, राहुल अग्रवाल, दिव्यांशु गोयल, अभय वर्मा एसडीओ (वन) विरेन्द्र ठाकुर, वन परिक्षेत्राधिकारी लखनपुर मेरी लीला लकड़ा एवं उदयपुर वन अमला शामिल रहे।

जिंदगी से बेजार युवक ने लगाई फांसी

लखनपुर/नवप्रदेश। जिंदगी से परेशान युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी। मामला थाना क्षेत्र के ग्राम पुहपुटरा का है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक शनिवार की रात हरेंद्र राजवाड़े आ0 कृष्ण राजवाड़े उम्र 31 वर्ष अज्ञात कारणों से अपने घर के बाहर फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया। हादसे की जानकारी परिजनों को तब हुई जब सुबह देखा कि शौचालय का दरवाजा अंदर से बंद है जिसे तोड़ा गया युवक फांसी के फंदे पर झूल रहा था। घटना की सूचना थाने में दी गई। पुलिस घटनास्थल पहुंच कर शव को अपने कब्जे में लेकर पीएम करा परिजनों को सौंपा। पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुटी है।

घर पर गिरा पेड़, बाल-बाल बचे लोग

सूरजपुर/नवप्रदेश। सोमवार की सुबह प्रतापपुर क्षेत्र के सरहरी रोड में सड़क के किनारे स्थित एक विशाल आम का पेड़ शिवबरन सोनपाकर की मकान पर जा गिरा, राहत की बात यह है कि इसकी चपेट में घर का कोई सदस्य नहीं आया तथा पेड़ गिरने के वक्त कोई आसपास के लोग वहां मौजूद नहीं थे। जिसके कारण बड़ी अनहोनी टल गई। वहीं दूसरी तरफ घटना की सूचना मिलने पर जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि शिवभजन सिंह मरावी मौके पर पहुंच जायजा लेकर घटना के संबंध में अधिकारियों से चर्चा कर नुकसान का जायजा लेकर मुआवजे दिलाने की मांग किया।

प्रधानपाठक को लापरवाही बरतने पर नोटिस जारी

मुंगेली/नवप्रदेश। विकासखंड मुंगेली के पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला सोढ़ार के प्रधान पाठक को कार्य में लापरवाही बरतने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। संयुक्त कलेक्टर एवं सह नोडल अधिकारी समग्र शिक्षा मेनका प्रधान ने पीएमश्री स्कूल सोढ़ार का निरीक्षण किया। इस दौरान विद्यालय में ग्रीन स्कूल मद अंतर्गत एलईडी लाईटिंग हरित विद्यालयों को बढ़ावा देने वाली गतिविधियां किचन गार्डन अपशिष्ट पृथक्करण के लिए कुड़ेदानए खाद बनाने की सुविधाए वृक्षारोपण एवं बाला बिल्डिंग एज लर्निंग एडए वॉल प्रिंट रिच एवं अन्य कार्य नहीं होना पाया गया। जिसे देखते हुए संयुक्त कलेक्टर प्रधान ने विद्यालय के प्रधान पाठक पुष्पा पात्रे को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। जारी नोटिस का तीन दिवस के भीतर संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर प्रधान पाठक के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जावेगी।

टेमर निवासियों ने की नाली, सड़क की मांग

सक्ती/नवप्रदेश। ग्रापं टेमर के वार्ड नंबर 8 के निवासियों ने अपनी मोहल्ले की नाली निर्माण कराने के संदर्भ में एवं संकीर्ण गली को चौड़ीकरण करने की मांग को लेकर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन । जिसमें सरोजनी देवांगन, पद्मिनी देवांगन, सेवती पटेल, नोनी भाई देवांगन, जयंती देवांगन, अंजू लता देवांगन संगीता देवांगन, फूलबाई देवांगन, रुकमणी देवांगन,सुनीता देवांगन, ने कहा हमारे मोहल्ले में नाली की व्यवस्था न होने के कारण प्रत्येक घर से निस्तारित पानी का बहाव रोड में होने के कारण मालवा एवं कीचड़ का जमवाड़ा बना हुआ है। मोहल्ले में नाली निर्माण से पानी सुनिश्चित हो जाएगी एवं आवागमन के रास्ते भी संकीर्ण होने के कारण आवागमन में भी बहुत ही ज्यादा तकलीफों का सामना करना पड़ता है, जिसको लेकर मोहल्ले वासियों ने कलेक्टर से मुलाकात कर गुहार लगाई है।

समाज को व्यवस्थित रखने कानून जरूरी: मंडावी

नवीन कानूनों के शुभारंभ समारोह में जनप्रतिनिधि, कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, अधिवक्ता, मीडिया सहित सभी वर्ग के लोग हुए शामिल

आज के परिवेश में कानून व्यवस्था में बदलाव महत्वपूर्णः एसपी भावना

नए कानून से मिलेगा त्वरित न्याय, अब दंड से न्याय की ओर जा रहे हैं:अधिवक्तागण

गौरेला पेंड्रा मरवाही/नवप्रदेश।, भारत का तीन नया कानून क्रमशः भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 आज 1 जुलाई से लागू हो रहा है। जिला प्रशासन और जिला पुलिस के सौजन्य से गुरुकुल खेल परिसर के जिमनास्टिक हाल में आयोजित नवीन कानून शुभारंभ उत्सव में अनेक जनप्रतिनिधि, कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, गणमान्य नागरिक, मीडिया एवम छात्र-छात्राओं सहित सभी वर्ग के लोग शामिल हुए।कार्यक्रम में कलेक्टर लीना कमलेश मंडावी ने कहा कि 160 साल बाद पुराने कानून में संशोधन हुए हैं। आजादी के पूर्व के कानूनों में संशोधन कर 3 नए कानूनों को अब नए नामों से जानेंगे। समाज को व्यवस्थित रखने के लिए पारदर्शी और जवाबदेही कानून जरूरी है।इसका उद्देश्य त्वरित न्याय दिलाना है। उन्होंने संशोधित कानून के बारे में स्वयं परिचित होने और लोगों को जागरूक करने कहा।

पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता ने कहा कि आज की परिवेश में कानून व्यवस्था में बदलाव बहुत महत्वपूर्ण है। नए कानून में एकरूपता, समानता संवेदनशीलता और गोपनीयता को स्पष्ट रूप से परिभाषित किया गया है। उन्होंने कहा कि आज का दिन ऐतिहासिक है। पुराने समय से चले आ रहे कानून में अभूतपूर्व परिवर्तन हुआ है। उन्होंने नए कानून में बदलाव हुए विभिन्न प्रावधानों, धाराओं, संगठित अपराधों, चोरी, डकैती, हत्या साइबर क्राइम, न्याय प्रक्रिया के लिए समय सीमा का निर्धारण, साक्ष्य सुरक्षा के प्रावधानों आदि की जानकारी दी।

कार्यक्रम के संयोजक सह अधिवक्ता पवन त्रिपाठी एवं शासकीय अधिवक्ता संजीव राय ने भी नए कानून के विभिन्न प्रावधानों और धाराओं के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि पुराने कानून में संशोधन कर नई धाराएं जोड़ी गई हैं तथा धाराओं का समायोजन किया गया है, इससे लोगों को त्वरित रूप से न्याय मिलेगा। नया कानून लागू होने से हम दंड से न्याय की ओर जा रहे हैं।

कार्यक्रम को अध्यक्ष नगर पालिका अध्यक्ष पेंड्रा राकेश जालान, अध्यक्ष जनपद पंचायत गौरेला ममता पैकरा एवं पार्षद राकेश चतुर्वेदी ने भी संबोधित किया और नए कानून की प्रशंसा की। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, विद्या की देवी मां सरस्वती एवं छत्तीसगढ़ महतारी के छाया चित्र पर पुष्पांजलि और दीप प्रज्वलित कर किया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री ओम चंदेल ने आभार प्रकट किया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर नम्रता आनंद डोंगरे, डीएसपी निकिता तिवारी, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद गौरेला गंगोत्री राठौर, गणमान्य नागरिक कन्हैया राठौर, मुकेश दुबे, बृजलाल राठौर, पवन सुलतानिया, गोपाल अग्रवाल, ज्ञानेंद्र उपाध्याय सहित नागरिकगण, मीडिया एवं स्कूल-कॉलेज के छात्र छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

कुल्लू मनाली में शिविर में 124 बच्चे हुए शामिल

मुंगेली/नवप्रदेश। जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला आयुक्त स्काउट सीके घृतलहरे डीओसी स्काउट मोरजध्वज सप्रे, जिला प्रशिक्षण आयुक्त अमित गुप्ता के मार्गदर्शन पर 22 से 26 जून 2024 तक कुल्लू मनाली में राज्य स्तरीय पर्वतारोहण व्यक्तित्व विकास एवं आपदा प्रबंधन शिविर आयोजित किया गया। जिसमें 10 जिले से 124 बच्चे हुए शामिल।

मुंगेली जिले के 05 स्काउट, 05 गाइड एवं प्रभारी शिक्षक रोहिणी ठाकुर तथा युगल किशोर सिंह राजपूत सम्मिलित हुए। जिनके एडवेंचर पश्चात कुशल दिल्ली वापसी पर छत्तीसगढ़ के केंद्रीय राज्यमंत्री भारत सरकार तोखन साहू ने बच्चो को फोन कर बधाई एवम शुभकामनाए दी। उक्त एडवेंचर में बच्चो ने प्रथम दिवस पंजीयन पश्चात शाम 3 बजे पारसा वाटर फॉल्स 10 किलोमीटर पहाड़ पर चढ़कर ट्रैकिंग किए। द्वितीय दिवस एक्टीविटी में व्यास नदी पर जिपलाइन्, वेलिक्रॉसिंग, स्ट्रिम क्रॉसिंग का अभ्यास कर सफलता हासिल किए। शाम प्राचीन गायत्री मंदिर का दर्शन किए जो महाभारत काल के है जहा पांडवो पूजा करने आते है जिसे 8 किलोमीटर घाटी चढ़कर ट्रैकिंग किए।

तृतीय दिवस को प्रातः महाभारत के भीम की पत्नी हिडीम्बा मंदिर जो पूरे लकड़ी से बना उनका दर्शन कर और माल रोड में ट्रेकिंग किए। शाम को एक्टीविटी में चट्टान क्लाइम्बिंग तथा रेफलींग किया। इस गतिविधि में पार्टिसिपेट कराने के लिए मुंगेली जिले से कृष साहू, ओम, पालेश्वर कश्यप, ईशांत देवकुमार यादव, दिधिति, सरस्वती राजपूत, लितेश चैहान, पायल कश्यप, ज्योति यादव आदि शामिल थे।

झूलेलाल का चालीहा महोत्सव 20 से

जांजगीर/नवप्रदेश। पूज्य सिंधी समाज की बैठक सिंधी धर्मशाला में हुई। बैठक में सिंधी धर्मशाला के पास निर्माणाधीन भगवान झूलेलाल मंदिर के निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए समाज के अन्य कार्यक्रमों के संबंध में चर्चा की गई। बैठक में नगर में 20 जुलाई से 28 अगस्त तक 40 दिवसीय श्री झूलेलाल चालीहो महोत्सव धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया।20 जुलाई को चकरभाठा के संत श्री लाल दास महाराज ने दीप प्रज्वलित कर 40 दिवसीय महोत्सव का शुभारंभ किया जाएगा। प्रतिदिन सिंधी समाज के लोगों ने सुबह शाम मंगल आरती करने के साथ-साथ पूजा अर्चना की जाएगी। 20 अगस्त को सामूहिक जनेऊ संस्कार का आयोजन होने के साथ-साथ 28 अगस्त को 40 दिवसीय महोत्सव के समापन पर सुबह 11 बजे सिंधी धर्मशाला में भगवान झूलेलाल की पूजा अर्चना व आरती, दोपहर 1 बजे से लंगर का आयोजन किया गया। शाम 5 बजे अखंड ज्योत के साथ भव्य शोभायात्रा नगर में निकाली जाएगी। पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष केके चंदवानी व उपाध्यक्ष नरेश हरगुनानी ने बताया कि पूज्य सिंधी समाज, झूलेलाल सेवा समिति व झूलेलाल महिला सेवा समिति ने नगर में विगत 9 वर्षो से श्री झूलेलाल चालिहो महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। 20 जुलाई से 28 अगस्त तक 40 दिवसीय महोत्सव का भव्य आयोजन किया जाएगा आयोजन को लेकर समाज की बैठक आयोजित करने के साथ आयोजन को लेकर समाज के लोगों को जिम्मेदारी प्रदान की गई, बैठक में पीताम्बर लाल चंदवानी,नानक रोहरा,होला राम चंदवानी, रमेश माधवानी, गोपाल मंगलानी, रवि रंगवानी, गोलू वरनदानी एवं समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

सब स्टेशन निर्माण का 6 साल बाद भी अता पता नहीं, क्षेत्र में बिजली व्यवस्था बदहाल

जांजगीर/नवप्रदेश। बिजली कटौती से निजात दिलाने 132 केवी सब स्टेशन का निर्माण विद्युत विभाग अब तक नहीं कर पाया। बलौदा समेत 150 ग्रामों को अकलतरा से बिजली आपूर्ति होती है। एक बार फाल्ट आने के बाद सभी सप्लाई बंद होने पर और बिना बिजली के रहना पड़ता है। उप संभाग बलौदा में 132/33 केवी सब स्टेशन की स्वीकृति को लगभग 6 वर्ष हो चुके हैं लेकिन अभी तक निर्माण नहीं हो सका है।

वर्तमान में उप संभाग बलौदा, खिसोरा सब स्टेशनों को अकलतरा से बिजली मिल रही है। अकलतरा 132/33 केवी सब स्टेशन बलौदा से 14 किलोमीटर दूर है। 33 केवी लाइन में बारिश में फाल्ट आने पर आपूर्ति बहाल करना वितरण कंपनी के लिए भी मुश्किल होता है। सब स्टेशन की लाइन अलग है। चूंकि अचानक फाल्ट आने पर पेट्रोलिंग पार्टी बरसते पानी और आंधी-तूफान में वनक्षेत्र में आने वाले फाल्ट को ढूंढने में आम उपभोक्ताओं और स्टाफ को परेशानी उठानी पड़ती है। दूसरी ओर नगर से लगे पांचों कोलवाशरी को निर्बाध रूप से 24 घंटे बिजली की आपूर्ति की जाती है। नगर में बिजली बंद कर दी जाती है। इस समस्या से निजात के लिए विद्युत वितरण कंपनी और जनप्रतिनिधियों ने यहां प्रस्तावित 132/33 केवी सब स्टेशन के लिए बलौदा जावलपुर के बीच बेलंदियाडीह के पास स्थल चयन किया था। साल 2018 में यहां सब स्टेशन के लिए टेंडर निकला था जिसमें नेताओं ने खूब सुर्खिया बटोरी थी फिर यह प्रक्रिया रद्द हो गई। सब स्टेशन की स्वीकृति मिलने के बाद कांग्रेस सरकार में यह बजट में पास किया गया था लेकिन किन्हीं कारणों से काम रुक गया। इसके बाद से इस सब स्टेशन के बारे में शायद किसी को ध्यान नहीं है। बलौदा क्षेत्र में बिजली की समस्या गंभीर है । 6 वर्ष के बाद भी स्थानीय और क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों को क्षेत्र की बिजली की समस्या से निजात दिलाने की फुर्सत नहीं मिली। बलौदा नगर में सभी को बिजली 24 घंटे चाहिए पर अपनी समस्या का समाधान केवल व्हाट्सएप के जरिए ही ढूंढ रहे हैं। ऐसा कोई दिन भी नही होता कि पांच से दस बार बिजली बंद ना हो और दूसरे दिन बिजली आपूर्ति बहाल हो पाती है। समस्या के समाधान के लिए संबंधित विभाग के अधिकारी समय में उपस्थित नही मिलते। आम जनता भी मेहनत नहीं करना चाहती, सोशल मीडिया में समाधान ढूंढती है।

मुंगेली से बड़ी लीड भाजपा कार्यकर्ताओं को: चंदेल

भाजपा ने की लोस चुनाव की समीक्षा

मुंगेली/नवप्रदेश। पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने लोकसभा चुनाव में मुंगेली विधानसभा क्षेत्र के बूथवार परिणामों की समीक्षा जिला भाजपा कार्यालय में विधायक पुन्नूलाल मोहले के उपस्थिति में की।

अटल परिसर जिला भाजपा कार्यालय मुंगेली में लोकसभा चुनाव परिणाम की समीक्षा करने पहुँचे पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व उपाध्यक्ष छग विस नारायण चंदेल ने विधायक पुन्नूलाल मोहले व प्रमुख पदाधिकारियों तथा कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में सुझाव व समस्याओं पर चर्चा की। उन्होंने मुंगेली से 20 हजार से अधिक की लीड भाजपा को मिलने पर कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए कहा कि हमारी पार्टी प्रत्येक चुनाव के लिए हमेशा तैयार रहती है। विधायक पुन्नूलाल मोहले ने कहा कि विधानसभा और लोकसभा चुनाव में क्षेत्र के कार्यकर्ताओं और मतदाताओं ने भाजपा को जिताया है इसके लिए उन्होंने सभी नागरिकों का आभार माना। श्री मोहले ने आगे कहा कि छग में भाजपा व केंद्र में एनडीए की सरकार बनने के बावजूद कुछ अधिकारी अभी कांग्रेस शासन की खुमारी से बाहर नहीं निकल पाएं हैं और टाल मटोल की नीति अपनाए हुए हैं भाजपा कार्यकर्ता शासन की योजनाओं का लाभ जनता को दिलाने का कार्य करता है उनकी समस्याओं का समाधान कराने का प्रयास करता है अतः अधिकारियों को जनता का कार्य सर्वोपरि मानकर निश्चित समय सीमा में पूरा करना चाहिए। संचालन जिला मीडिया प्रभारी एवं प्रदेश आईटी सेल कार्यसमिति सदस्य सुनील पाठक ने तथा आभार सेतगंगा मण्डल अध्यक्ष सोम वैष्णव ने किया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने प्रदेश व देश में अनिवार्य मतदान का नियम लागू करने,एक मतदाता का नाम एक ही जगह के मतदाता सूची में रखने,सूची को आधार कार्ड से संलग्न करने,मृत अथवा अन्य स्थानों पर चले गए मतदाओं का नाम मतदाता सूची से विलोपित करने तथा सड़क नाली बिजली पानी की समस्या को दूर करने सहित विभिन्न सुझाव दिए। इस अवसर पर पूर्व विधायक चोवादास खाण्डेकर, विक्रम मोहले, गिरीश शुक्ला, सीताराम साहू, द्वारिका जायसवाल, प्रेम आर्य, मानिकलाल सोनवानी, लोकनाथ सिंह, शिवप्रताप सिंह,पवन पाण्डेय, मानसिंह मोहले, रजनी सोनवानी, सरस्वती सोनी, चंद्रकली पात्रे, माला गुप्ता, अंजना जायसवाल, श्रीकांत पाण्डेय, शिवकुमार बंजारा, प्रद्युम्न तिवारी, राणाप्रताप, शंकर सिंह, मुकेश रोहरा, रामशरण यादव, अश्वनी कश्यप, कोटूमल दादवानी, राजेश्वर सहित 4 मंडलों के पदाधिकारी व कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

बिछड़े दंतैल ने तोड़े मकान सब्जी की फसल रौंदी

रायगढ़/नवप्रदेश। बंगुरसिया से लगे गांव जुनवानी, बलरिया व हमीरपुर मार्ग से लगे जंगल में 15 हाथियों का दल विचरण कर रहा है। शनिवार की रात दल से बिछड़कर एक दंतैल गांव में आ गया। जहां दो कच्चे घर को तोड़कर अंदर रखा धान खा गया। वहीं 5 किसानों की खेती को भी नुकसान पहुंचाया है। शनिवार की रात गांव में दहशत का माहौल था।

लोग पटाखे फोड़कर व मशाल लेकर हाथी को जंगल भगाने का प्रयास कर रहे थे। घटना की जानकारी मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। वन विभाग व ग्रामीणों के अनुसार शनिवार को जुनवानी में दल से बिछड़े दंतैल हाथी ने गांव में जमकर उत्पात मचाते हुए ग्रामीण रामलाल दिलधर कुजूर जुनवानी व पंचराम घासीराम खलखो के मकानों को नुकसान पहुंचाते हुए घर में रखे हुए 80 किलो से अधिक चावल को भी चट कर दिया। देर रात अचानक हाथी की आमद से ग्रामीण दहशत में रहे।

बंगुरसिया गांव में एक हाथी ने दो मकानों को ढहाने के अलावा गांव के ही पांच किसान करूणा सागर, परदेशी साहू, विदेशी साहू, मंगलू साहू, ननकी साहू के फसल को भी नुकसान पहुंचाया है। वन विभाग फसल नुकसान का आंकलन करते हुए आगे की कार्रवाई कर रहा है।

जनदर्शन | जनदर्शन में 94 लोगों ने रखी मांग और समस्याएं

पीएम किसान सम्मान निधि दिलाने अर्जी

जांजगीर/नवप्रदेश। कलेक्टर आकाश छिकारा ने सोमवार को कलेक्टोरेट कार्यालय के सभाकक्ष में सभी जिला स्तरीय विभागीय अधिकारियों की उपस्थिति में जनदर्शन कार्यक्रम के माध्यम से जिले के विभिन्न दूरस्थ स्थानों से पहुंचे आमजनों की समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। आज जनदर्शन में कुल 94 आवेदन प्राप्त हुए हैं।

जनदर्शन में बलौदा विकासखंड के ग्राम खिसोरा निवासी सोनाईचंद सोनवानी द्वारा राजस्व रिकार्ड दुरूस्तिकरण कराने, तहसील पामगढ़ के ग्राम लोहर्सी निवासी अरूण कौशिक द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ दिलाने, तहसील नवागढ़ के ग्राम घुठिया की प्रतिभा द्विवेदी द्वारा अतिक्रमण हटवाने एवं नक्शा दुरूस्तिकरण कराने, तहसील सारागांव के ग्राम कमरीद निवासी श्रीमती पीतरबाई द्वारा राशन कार्ड बनावाने, जनपद पंचायत नवागढ़ के ग्राम पंचायत तुस्मा निवासी श्रीमती सरिता साहू द्वारा एपीएल राशन कार्ड का पीडीएफ दिलाने, नगर पंचायत खरौदा निवासी पुरूषोत्तम साहू द्वारा अवैध अतिक्रमण पर कार्रवाई करने संबंधी आवेदन लेकर पहुंचे। जिस पर कलेक्टर ने उपस्थित सभी संबंधित अधिकारियों को आवेदनों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। इसी प्रकार जनदर्शन में अन्य विभिन्न आवेदकों द्वारा वन अधिकार पट्टा दिलाने, रोजगार प्रदाय, नामांतरण, भूमि सीमांकन, आर्थिक सहायता, प्रधानमंत्री आवास योजना, पीएम किसान सम्मान निधि, राशन कार्ड बनाने सहित कुल 94 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर ने प्राप्त सभी आवेदनों को पूरी गंभीरता से सुनते हुए सभी संबंधित विभागों को उचित कार्यवाही करते हुए प्राथमिकता के साथ समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए हैं।

पीएससी, व्यापमं, बैंकिंग प्रतियोगी परीक्षा की मिलेगी निशुल्क कोचिंग

जांजगीर/नवप्रदेश। जुलाई से मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिकों के बच्चों के लिए निशुल्क कोचिंग शुरू होने जा रही है। इस योजना के तहत पीएससी, व्यापम, बैंकिंग प्रतियोगी परीक्षा के लिए निशुल्क कोचिंग की सुविधा श्रमिकों के बच्चों को मिलेगी। प्रदेश के 10 जिलों में इस योजना के तहत निशुल्क कोचिंग शुरू होने जा रही है। इसमें जांजगीर-चांप जिला भी शामिल है। इसके अलावा रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, धमतरी, राजनांदगांव, कोरबा, रायगढ़, महासमुंद जिले में इस योजना की शुरुआत की जा रही है।छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल के पंजीकृत हितग्राहियों के लिए मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिकों के बच्चों के लिए निशुल्क कोचिंग सहायता योजना प्रारंभ की गई है। इसी तारतम्य में पंजीकृत श्रमिक व पंजीकृत श्रमिक के संतानों को शैक्षणिक योग्यता अनुसार लोक सेवा आयोग, छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, कर्मचारी चयन आयोग, बैंकिग, रेल्वे, पुलिस भर्ती एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए 4 से 10 माह तक की निशुल्क कोचिंग प्रदान की जाएगी।

न्यूज गैलरी

थाना परिसर में रोपे पौधे

सक्ती/नवप्रदेश। 1 जुलाई से पूरे भारत में 3 नए कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता तथा और भारतीय साक्ष्य अधिनियम लागू हो रहा है। इसी के उपलक्ष में शासन के निर्देशानुसार पूरे प्रदेश के थाने में कार्यक्रम-उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में थाना नगरदा में भी कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे डॉक्टर खिलावन साहू मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, इसके साथ ही थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायतों के सरपंच गण तथा नगरीकगण थाना के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। उपस्थित लोगों को नए कानून के प्रावधानों के संबंध में जानकारी दिया गया इसके पश्चात राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। इस दौरान थाना परिसर में पौधरोपण भी किया गया।

जिला पंचायत परिसर में चला सामूहिक स्वच्छता श्रमदान

सूरजपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देशानुसार हमर सुघर आफिस अभियान के निर्धारित मापदंडों के अनुसार जिला पंचायत सीईओ कमलेश नंदिनी साहू के नेतृत्व में ज़िला पंचायत कार्यालय परिसर में सामुहिक स्वच्छता श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान कार्यालय परिसर में श्रमदान कर साफ सफाई की गई। जिसमें जिला पंचायत के समस्त अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

2 टन अवैध कबाड़ के साथ दो गिरफ्तार

रायगढ़/नवप्रदेश। थाना पूंजीपथरा में मोटर सायकल मैकेनिक अनिल चौहान निवासी गेरवानी 40 वर्ष द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया कि ग्राम गेरवानी इंदिरा आवास के पास रोड किनारे इसकी सांई ऑटो गैरेज है, जहां कृष्णा यादव निवासी ग्राम छिंदभौना अपनी बाइक सीजी 13 एम 2125 को बनवाने छोड़ा था, गाड़ी गैरेज के सामने रखी हुई थी जिसे 14 जून की रात्रि अज्ञात ने चोरी कर ले गया है, रिपोर्ट पर थाना पूंजीपथरा में विवेचना में लिया गया। आज मुखबीर सूचना पर पूंजीपथरा पुलिस द्वारा गेरवानी के पास ट्रक सीजी 13 ए. वाई. 1340 में लोड करीब 2 टन कबाड़ के साथ दो व्यक्तियों को पकड़ा गया । ट्रक में लोड कबाड़ में चोरी मोटर सायकल प्लेटिना सीजी 13 एम 2125 का चेचिस फ्रेम मिला। पकड़े गये संदेही राजेश सोनी और लक्ष्मण यादव उर्फ लक्की ने 14-15 जून के दरम्यिानी रात सांई मोटर गैरेज, गेरवानी से प्लेटिना मोटर सायकल को चोरी करना बताएं हैं। आरोपी राजेश सोनी और लक्ष्मण यादव ने आरोपियों राजेश सोनी पिता जयरण सोनी उम्र 30 साल निवासी लुड़ेग थाना पत्थलगांव जिला जशपुर इंदिरा नगर गेरवानी थाना पूंजीपथरा रायगढ़, लक्ष्मण यादव उर्फ लक्की 35 वर्ष निवासी गेरवानी थाना पूंजीपथरा जिला रायगढ़ के मेमोरेंडम पर विधिवत आरोपियों से करीब 2 टन कबाड़ कीमत 50,000 मय ट्रक की जप्ती कर चोरी के अपराध में गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है । कार्यवाही में थाना प्रभारी पूंजीपथरा निरीक्षक राकेश मिश्रा, सहायक उपनिरीक्षक जयराम सिदार, विजय एक्का एवं हमराह स्टाफ शामिल थे ।

नाबालिग बालिका को भगाने वाला युवक हुआ गिरफ्तार

रायगढ़/नवप्रदेश। गुम नाबालिगों की खोजबीन के विशेष अभियान में थाना तमनार द्वारा 26 जून को थानाक्षेत्र से लापता हुई किशोर बालिका को आज डभरा, सक्ती जिले से बरामद किया गया। 27 जून को थाना तमनार में बालिका के लापता होने की रिपोर्ट पर परिजनों द्वारा दर्ज कराये जाने पर थाना तमनार में अपराध क्रमांक 175/2024 धारा 363 आईपीसी के तहत अज्ञात आरोपी पर अपराध पंजीबद्ध कर बालिका के परिजनों, सहेलियों, गवाहों के बयान लिये गए । परिजन बताए कि 26 जून के दोपहर बालिका बिना बताए घर से कहीं चली गई है। उनकी सहेलियों, गवाहों से बालिका और लोचन खड़िया उर्फ राजेंद्र निवासी जामपाली से मित्रता की जानकारी मिली। तत्काल थाना प्रभारी निरीक्षक आर्शीवाद राहटगांवकर द्वारा संदेही का डिटेल निकलवा कर अपने टीम के साथ संदेही के निवास में दबिश दिया गया, जहां बालिका और संदेही नहीं मिले। उसके बाद संदेही युवक की पतासाजी मुखबीर ने की। संदेही लोचन खड़िया को कोटमी, डभरा में देखे जाने की सूचना थाना प्रभारी को मिलने पर तमनार पुलिस द्वारा ग्राम कोटमी, डभरा में दबिश देकर बालिका को थाना तमनार लाया गया। बालिका कथन में लोचन खड़िया द्वारा शादी का प्रलोभन दे ले जाने और शारीरिक संबंध बनाना बताई।

जिले में नकली खाद-बीज की बिक्री जोरों पर

गांवों से लेकर शहरी क्षेत्रों में बेखौफ बिक रही नकली खाद, कृषि विभाग के अधिकारी जानकर भी अनजान

सूरजपुर/नवप्रदेश। बरसात आरंभ होते ही इन दिनों किसान जहा खेती-बाड़ी में व्यस्त हैं व खेतों की जुताई बुवाई का कार्य प्रारंभ है। वही अच्छी पैदावार के लिए किसान विभिन्न प्रकार के खाद एवं बीज की खरीदारी करते हैं वही नकली खाद बीज की बिक्री की शिकायतें बढ़ गई हैं। जिले सहित जिले के विकास खंडों में इन दिनों नकली खाद और बीज की बिक्री की भी चर्चा व्याप्त है।

गौरतलब है कि नकली खाद बीज की बिक्री इन दिनों धड़ल्ले से चल रहा है वही हाइब्रिड धान ,खाद सहित अन्य कई प्रकार के बीज की कालाबाजारी भी चरम पर है। वही अनाप-शनाप रेट में किसान भी लेने को मजबूर हैं। यह नकली खाद व बीज छत्तीसगढ़ के पड़ोसी राज्य बिहार तथा उत्तर प्रदेश से 300 से 400 रूपये बोरी में आते हैं जिनको इफको, यूरिया, सहित कई प्रकार के अन्य खाद ओरिजिनल बोरी की मार्किंग कर नकली खाद को डालकर धड़ल्ले से क्षेत्र में खपाया जा रहा है, जिसकी कई बार सूचना मिलने के बाद भी विभागीय उदासीनता बरकरार है। अधिकारी कर्मचारियों की मिली भगत से खाद विक्रेता दुकानदारों से मोटी रकम लेनदेन कर मामले को को निपटा दिया जाता है सूत्र ग्रामीण क्षेत्रों के गरीब किसान नकली खाद व बीज के कारण अच्छी पैदावार नहीं होने की समस्या से खून के आंसू रोने को मजबूर होते हैं अपनी गाढ़ी कमाई के हिस्से से मिलने वाली नकली खाद बीज के कारण उर्वरक कम होते हैं। मजे की बात यह है की ये बनावटी खाद दिखने में असली जैसे प्रतीत होते हैं जिसकी वजह से गरीब ग्रामीण किसान ठगे जा रहे हैं। कई किसानों ने तो यहां तक बताया कि नकली खाद और बीज की वजह से उनके जमीन बंजर होते जा रहे है तथा जमीनों का उर्वरक क्षमता कम होती जा रही है जिस जमीन पर वह एकड़ में 20 क्विंटल धान कमाते थे अब इसका रकबा घट कर काफी हद तक कम हो गया है जिसका मुख्य कारण नकली बीज व खाद है जिसकी वजह से गरीब किसानों के मुंह से निवाला छीनने का काम नकली खाद बीज की मिलावट खोरी मुख्य वजह है। संबंधित विभाग के अधिकारियों व कर्मचारी की मिली भगत से बिना इस तरह का गोरख धंधा चल पाना मुश्किल है लाखों रुपए के लेनदेन कर क्षेत्र में नकली खाद खपाई जा रही है। बरसात गिरने के कुछ महीने पूर्व ही इन दुकानदारों को गोदामीकरण कर दिया जाता है और नकली खाद की बोरी को बदलकर असली खाद के बोरी में प्रिंटेड कर डाल दी जाती है और 300 का खाद 1500 से 1800 मार्केट में बे खौफ बिकता है। गोदाम का निरीक्षण खाद विक्रेताओं को रखने वाले खाद के जगह का संपूर्ण दस्तावेज सहित कागजी कार्यवाही करनी होती है जिससे संबंधित विभाग के अधिकारियों को यह जानकारी हो कि कहां पर खाद रखा गया है इसके बावजूद भी ओरिजिनल खाद के गोदाम को दिखाते हुए नकली गोदाम जानकारी के बाद भी अधिकारियों के संरक्षण में यह गोरख धंधा फल फूल रहा है। जहां किसानों के साथ नकली खाद बीज की वजह से उनकी मेहनत की कमाई कम पैदावार में परिवर्तित हो जाती है। किसानों ने मांग की है कि शासन प्रशासन ध्यान देते हुए खाद के पारदर्शिता को टेस्ट करें। जहां खाद की कालाबाजारी को रोक पाने में संबंधित विभाग के अधिकारी व कर्मचारी नाकाम है वही नकली खाद विक्रेताओं के हौसले बुलंद हैं गरीबों को चूना लगाकर करोड़ों रुपए कमाने वाले एवं गरीबों के हक को मारने वाले लोगों के ऊपर में कड़ी कार्रवाई करने की मांग की जा रही है क्योंकि इतना बड़े मामले में अधिकारियों के संरक्षण के बिना संभव ही नहीं हो सकती। संबंधित विभाग के अधिकारी जांच के नाम से करते हैं खानापूर्ति सूत्रों की माने तो दुकानदारों से मोटी रकम बंधी होती है जिस कारण से जांच के नाम से खाना पूर्ति कर सैंपल लेते हैं अगर नकली खाद भी है तो उसे सैंपल में असली खाद लेकर ही भेजा जाता है ताकि स्थिति को सामान्य बताया जा सके इस तरह के कारनामे छिपे नहीं है।

व्यय प्रेक्षक ने की व्यय लेखा समाधान की समीक्षा

रायगढ़ लोकसभा क्षेत्र अन्तर्गत सभी अभ्यर्थी प्रतिनिधि हुए शामिल

रायगढ़/नवप्रदेश। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार व्यय प्रेक्षक सेंथिल कुमार बी की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट के सभा कक्ष में व्यय लेखा समाधान की बैठक आयोजित हुई। इस अवसर पर अपर कलेक्टर राजीव कुमार पाण्डेय, संयुक्त कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी लेखा ऋषा ठाकुर, जिला कोषालय अधिकारी ज्योति सिंह, लेखा अधिकारी जिला पंचायत बसंत गुलेरी एवं राजनीतिक अभ्यर्थी एवं उनके प्रतिनिधि बैठक में उपस्थित रहे।

व्यय प्रेक्षक सेंथिल कुमार बी ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लेखा समाधान बैठक आयोजित की जाती है, ताकि राजनीतिक दलों के व्यय का संधारण कर मिलान किया जा सके। इसके साथ ही विसंगति पर संबंधित राजनीतिक दल के अभ्यर्थी एवं प्रतिनिधि अपनी बात रख सके। उन्होंने सभी को बधाई देते हुए कहा कि निर्वाचन का कार्य बेहतर तरीके से संपन्न हुआ, आप सभी ने बेहतर कार्य एवं सहयोग प्रदान किया। अपर कलेक्टर राजीव कुमार पाण्डेय ने व्यय संधारण के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि निर्वाचन व्यय लेखा संधारण आवश्यक है। निर्वाचन परिणाम की घोषणा के 30 दिवस के भीतर सभी अभ्यर्थियों को निर्धारित प्रारूप में निर्वाचन व्यय लेखा जिला निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय में प्रस्तुत करना अनिवार्य है। नियत समयावधि में निर्वाचन व्यय लेखा नहीं प्रस्तुत नहीं करने पर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अभ्यर्थी को आगामी 03 वर्ष के लिए निर्वाचन लडने़ के लिए अयोग्य घोषित किया जा सकता है। उन्होंने शेष अभ्यर्थियों को अपने व्यय लेखा संधारण से संबंधित कार्य अतिशीघ्र पूर्ण करने को कहा। उन्होंने कहा कि किसी प्रकार की दिक्कत होने पर व्यय लेखा टीम से आवश्यक जानकारी ले सकते है।

सड़क सुरक्षा के बहाने चालानी कार्रवाई पर ज्यादा ध्यान

दुर्घटनाओं के अन्य कारकों पर पुलिस उदासीन

सूरजपुर/नवप्रदेश। तेजी से बढ़ते सड़क दुर्घटना के मामले में एनएच हो, राज्य मार्ग हों या ग्रामीण सड़कों के चौक चौराहों और मोड़ पर बेजा कब्जा भी आए दिन दुर्घटनाओं के कारणों में शामिल हैं। मगर इस अहम पहलू पर प्रशासन हो या फिर यातायात पुलिस के द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इसका उदाहरण नगर निकाय हों या ग्रामीण इलाकों के चौक चौराहों, खतरनाक मोड़ और गांव को जोड़ने वाले मुख्य मार्ग के आसपास ठेला और कच्चे मकान बनाकर कब्जा करने के मामले बढ रहे है। इसके कारण सामने से आ रहे वाहन के चालक एक दूसरे को देख नहीं पाते हैं और दुर्घटनाएं हो जाती है। जिसके कारण या तो वाहन चालक गंभीर रूप से घायल हो जाते हैं या उनकी मौत हो जाती है। दुर्घटना को रोकने के लिए इन स्थानों से अतिक्रमण हटाना आवश्यक हो गया है। मगर जिला प्रशासन व यातायात पुलिस का चालानी कार्रवाई पर ज्यादा ध्यान है।

भौतिक मुद्दे धरातल से गायब

सड़क सुरक्षा समिति की हुई बैठक में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए दुर्घटना जन्य क्षेत्रों में बड़े- बड़े संकेतक बोर्ड लगाने, स्पीड़ ब्रेकर, रेडियम, सीट बेल्ट, हेलमेट, बेसहारा मवेशियों व पशुओं को सड़क से हटाने, यातायात नियमों का पालन के लिए जनजागरूकता सहित सभी आवश्यक उपाय करने का निर्णय लिया गया था लोक निर्माण, राजस्व, नगरीय निकाय, शिक्षा एवं यातायात पुलिस के समन्वय से सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए हरसंभव प्रयास करने की बात अधिकारियों ने कही थी। बैठक में जिले के दुर्घटना संभावित चौक चौराहों- तिराहों, मोड़, संकीर्ण पुल ङ्क पुलिया आदि की जानकारी के साथ दुर्घटना रोकने के उपायों की जानकारी दी गई थी। बैठक में दुर्घटना जघन्य क्षेत्रों में गति अवरोधक बनाने, संकीर्ण पुल का चौड़ीकरण सहित सड़कों से अतिक्रमण हटाने, अवैध पार्किंग पर कार्रवाई करने की आवश्यकताओं पर जोर दिया गया था। इसके साथ ही साथ दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए उच्च न्यायालय ने भी एनएचएआई के अधिकारियों को राष्ट्रीय राजमार्ग व नगर पालिकाओं के अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों से अतिक्रमण हटाकर रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए।

बड़ी अनहोनी का इंतजार

एक तरफ सड़क दुर्घटना रोकने के लिए यातायात पुलिस द्वारा अभियान चलाकर वाहनों पर कार्रवाई की जा रही है। वहीं दूसरी तरफ सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में दिए गए निर्देशों के बाद भी चौक चौराहों और मोड़ से कब्जा अभी तक हटाया नहीं गया है और न ही राजस्व और पुलिस विभाग के द्वारा कोई ध्यान दिया जा रहा है। जबकि चौक चौराहों और खतरनाक मोड़ पर आए दिन दुर्घटनाएं हो रही है। शायद प्रशासन के साथ पुलिस को भी बड़ी घटना का इंतजार है। अब देखने वाली बात होगी की समाचार प्रकाशन के बाद जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन की क्या भूमिका होगी ये तो आने वाला समय ही बताएगा।

सेवानिवृत्ति पर पुलिस अधिकारियों का कार्यक्रम में किया गया सम्मान

सूरजपुर/नवप्रदेश। पुलिस विभाग में पदस्थ रहे एसआई जगसाय ने 39 वर्ष 4 माह, एसआई राजेन्द्र प्रसाद श्रीवास्तव ने 36 वर्ष 10 माह एवं एएसआई शोभित राम ने 42 वर्ष 6 माह तक लगातार अपनी सेवा देकर 30 जून 2024 को सेवा निवृत्त हुये। रविवार को जिला पुलिस कार्यालय में उप पुलिस महानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सूरजपुर एम.आर.आहिरे (भा.पु.से.) ने इन तीनों अधिकारियों को साल-श्रीफल एवं उपहार भेंट कर सम्मानित किया और पेंशन स्वीकृति का आदेश सौंपा। इस दौरान सेवानिवृत्त एसआई व एएसआई का पूरा परिवार मौजूद रहा।

इस दौरान डीआईजी-एसएसपी सूरजपुर श्री एम.आर.आहिरे ने कहा कि तीनों पुलिस अधिकारी लंबी अवधि तक विभाग में सेवायें दी, कर्तव्य निष्ठा के साथ सौंपे गए दायित्वों का निर्वहन किया, इनका रिकार्ड बहुत अच्छा है इससे दूसरों को भी प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पुलिस का कार्य लोगों की भलाई और सेवा के साथ ही अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही कर सजा दिलाना होता है जिसे तीनों ने बखूबी निभाया। प्रकृत्ति का नियम है आप दूसरों के लिए अच्छा करेंगे तो आपके साथ अच्छा होगा। सेवा के बाद दूसरी पारी में परिवार के साथ समय व्यतीत कर खुश रहे। पुलिस विभाग की सेवा से सेवानिवृत्त हुए तीनों अधिकारियों को साल, श्रीफल एवं उपहार भेंट कर सम्मानित किया और बेहतर स्वास्थ्य एवं उज्जवल भविष्य की कामना की। इस दौरान सेवा निवृत्त हो रहे तीनों अधिकारियों के द्वारा सेवा के अनुभव को साझा किया। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो, डीएसपी रितेश चौधरी, एसडीओपी सूरजपुर नंदिनी ठाकुर, डीएसपी मुख्यालय महालक्ष्मी कुलदीप, जिले के थाना-चौकी प्रभारीगण व जिला पुलिस कार्यालय व रक्षित केन्द्र के अधिकारीगण मौजूद रहे।

प्री.बीएड व प्री.डीएलएड प्रवेश परीक्षा

सूरजपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा आज दो पालियों में प्री.बी.एड व प्री.डी.एल.एड. प्रवेश परीक्षा का आयोजन जिले में किया गया। जहां कलेक्टर रोहित व्यास द्वारा परीक्षा केंद्रो का निरीक्षण किया गया, परीक्षा सफलतापूवर्क संपादित हो इसके के लिए उनके द्वारा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। प्रवेश परीक्षा सकुशल संपन्न कराने के लिए जिले में 14 नोडल आब्जर्वर, 14 समन्वयक आब्जर्वर एवं 3 उड़नदस्ता दल का गठन किया गया था। प्रथम पाली की परीक्षा 10 बजे से 12:15 तक कुल 11 परीक्षा केंद्रों तथा द्वितीय पाली परीक्षा 2 बजे से 4:15 तक कुल 14 परीक्षा केंद्रों में आयोजित किया गया था।

प्री बीएड व प्री डीएलएड की 156 केंद्रों में परीक्षा

रायगढ़/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल, रायपुर द्वारा आज दो पाली में प्रातः 10 से दोपहर 12.15 बजे तक प्री बीएड एवं दोपहर 2 से शाम 4.15 तक प्री डीएलएड के लिये भर्ती परीक्षा आयोजित की गई। जिसमें रायगढ़ जिले में सुबह की पाली में 52 परीक्षा केंद्र बीएड परीक्षा के लिये एवं शाम की पाली में 74 परीक्षा केंद्र प्री डीएलएड परीक्षा के लिये बनाये गये थे। उपरोक्त परीक्षाओ में जिले में सुबह की पाली के प्री बीएड हेतु निर्धारित 52 परीक्षा केंद्रों में कुल 15953 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिसमें से 9515 परीक्षार्थी उपस्थित एवं 6438 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इसी तरह शाम की पाली में प्री डीएलएड हेतु निर्धारित 74 परीक्षा केंद्रों में कुल 21308 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिसमें 14037 परीक्षार्थी उपस्थित एवं 7271 प्रशिक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई। परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए कलेक्टर गोयल द्वारा डिप्टी कलेक्टर रायगढ़ महेश शर्मा को नोडल अधिकारी एवं एपीसी समग्र शिक्षा भुवनेश्वर पटेल को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया था। साथ ही दोनों पालियों में सभी केंद्रों में सतत निगरानी के लिये सभी परीक्षा केंद्रों में जिला प्रशासन की ओर से एवं समन्वयक संस्था की ओर से ऑब्जर्वर नियुक्ति की गई थी।

कार्यशाला लागू होने वाले तीन नवीन कानूनों पर कलेक्ट्रेट में हुई कार्यशाला

राजस्व अधिकारी नए कानूनों के तहत करें कार्रवाई

रायगढ़/नवप्रदेश। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देशानुसार 1 जुलाई से लागू हो रही भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 के संबंध में राजस्व अधिकारियों और मास्टर ट्रेनर्स के प्रशिक्षण हेतु ऑनलाईन कार्यशाला आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित की गई।

कार्यशाला में अपर कलेक्टर राजीव कुमार पाण्डेय ने बताया कि भारतीय दण्ड संहिता 1860 के स्थान पर भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 के स्थान पर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 1872 के स्थान पर भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 को अधिसूचित किया गया है। इन सभी कानूनों के प्रावधान 1 जुलाई को या उसके बाद घटित होने वाले अपराधों पर ही लागू होंगे। भारतीय न्याय संहिता में बड़े बदलाव किए गए हैं। भारत में अपराधों का भारत से बाहर दुष्प्रेरण, प्रवंचनापूर्ण साधनों का प्रयोग कर संबंध, अपराध के लिए बालक को भाड़े पर लेना, मॉब-लिंचिंग, संगठित

अपराध, आतंकवादी कृत्य, भारत की संप्रभुता के विरुद्ध कार्य, विधि विरुद्ध शक्ति का प्रयोग या इससे रोकने के लिए आत्महत्या की धमकी या प्रयत्न, स्नैचिंग, पूजा स्थल की मूर्ति या प्रतीक की चोरी करना, शासकीय संपत्ति की चोरी करना, यातायात साधन में चोरी, कूटरचित मुद्रा या उपकरण को जानबूझकर उपयोग करना और असहाय व्यक्ति की देखरेख संबंधी संविदा तोड़ने जैसे 20 अपराधों को दंडनीय बनाया गया है। वहीं आत्महत्या के प्रयत्न, राजद्रोह, समलैंगिकता, जारकर्म इत्यादि कई धाराएँ हटा दी गई हैं। 41 अपराधों में सजा बढ़ा दी गई है। 23 अपराधों में अनिवार्य न्यूनतम सजा का प्रावधान किया गया है। कुल 33 अपराधों में कारावास की सजा बढ़ा दी गई है और कुल 6 अपराधों जैसे लोक स्थान में नशा कर अवचार, 5000 रुपये तक की चोरी, लोक सेवक को आत्महत्या की धमकी या प्रयत्न या मानहानि के अपराध में सामुदायिक सेवा को दंड के रूप पहली बार जोड़ा गया है। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 में नागरिक केन्द्रित, अभियुक्त केन्द्रित, पीड़ित केन्द्रित कानून एवं कल्याणकारी अवधारणा, अभियोजन को मजबूती प्रदान करना, न्याय को नागरिक अनुकूल बनाना, उचित नियंत्रण और संतुलन के साथ पुलिस का सामंजस्यपूर्ण बनाना, प्रक्रियाओं की सरलता एवं संक्षिप्त ट्रायल को सरल बनाना, अनुसंधान में वैज्ञानिक तकनीक (फोरेंसिक), डिजिटल एवं इलेक्ट्रानिक साक्ष्य के प्रावधान के साथ समयबद्ध प्रक्रिया को वरीयता दी गई है। नए कानूनों में पुराने प्रचलित संहिताओं की धारा संख्या में परिवर्तन के साथ कई स्थानों में परिभाषाओं और प्रक्रियाओं में समयानुकूल परिवर्तन किए गए हैं। जिससे कानूनी प्रक्रिया सरल हो। अपर कलेक्टर श्री पाण्डेय ने बताया कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 (बीएनएसएस) दंड प्रक्रिया संहिता, 1973 (सीआरपीसी) का स्थान लेगी। बीएनएसएस सात साल या उससे अधिक की सजा वाले अपराधों के लिए फोरेंसिक जांच को अनिवार्य करता है।

डीआईजी, एसएसपी ने दी नए नियमों की जानकारी

सूरजपुर/नवप्रदेश। 1 जुलाई से तीन नए कानून प्रभावशील हो जाएगा। कानून की बारीकियों से अवगत कराने ताकि उसके क्रियान्वयन में दिक्कत न आए इसके लिए रविवार 30 जून को पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर के सहायक प्राध्यापक (विधि) डॉ. प्रिया राव के द्वारा वर्चुअल माध्यम से जिले की पुलिस अधिकारियों को नए कानूनों के बारे में प्रशिक्षण दिया गया। सहायक प्राध्यापक डॉ. राव ने सरल शब्दों में तीन नए कानूनों, एफआईआर दर्ज करने के बाद से लेकर चालान प्रस्तुत करने तक के प्रक्रिया एवं विवेचना के दौरान व्यवहारिक रूप से दिक्कतों का निराकरण कैसे की जानी है, डिजिटल/इलेक्ट्रानिक साक्ष्यों के संकलन के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि भारतीय न्याय सहिंता 2023 में कुल 358 धाराएं होंगी जबकि वर्तमान कानून में यह 511 हैं। जिसमे 21 नई धाराओं को जोड़ा गया है, 41 धाराओं में सजा को बढ़ाया गया है। 82 धाराओं में फाईन को बढ़ाया गया है। 25 धाराओं में न्यूनतम सजा का प्रावधान, 06 धाराओं में सामुदायिक अपराधों को जोड़ा गया है एवं 19 धाराओं को हटाया गया है। भारतीय नागरिक सुरक्षा सहिंता 2023 में 531 धाराएं होंगी जबकि वर्तमान कानून में यह 484 है। भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 में कुल 170 धाराएं हैं, वर्तमान कानून में 166 धाराएं हैं। जिला पुलिस कार्यालय में उप पुलिस महानिरीक्षक व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सूरजपुर एम.आर.आहिरे (भा.पु.से.) सहित पुलिस राजपत्रित अधिकारी, जिले थाना-चौकी प्रभारी एवं विवेचकगण इस वर्चुअल बैठक में सम्मिलित हुए। बैठक समाप्त होने के उपरान्त डीआईजी/एसएसपी एम.आर.आहिरे ने तीन नए आपराधिक कानून के क्रियान्वयन हेतु तैयारियों के बारे में बताया।

न्यूज गैलरी

मुख्यमंत्री साय का किया गया आत्मीय स्वागत

भाटापारा/नवप्रदेश। भाटापारा नगर में आदिवासी गोंड़ समाज मावली महासभा द्वारा सांस्कृतिक भवन लोकार्पण एवं रानी दुर्गावती बलिदान दिवस समारोह में पहुँचे मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय का स्थानीय हैलीपैड पहुँचने पर उनका आत्मीय स्वागत किया गया। हैलीपेड में भाटापारा विधायक इंद्र साव,भाटापारा पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा,बिलाईगढ़ सनम जांगड़े स्थानीय जनप्रतिनिधि गण,समाज प्रमुखों,कलेक्टर दीपक सोनी,वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल,डीएफओ मयंक अग्रवाल,जिला पंचायत सीईओ दिव्या अग्रवाल,अपर कलेक्टर दीप्ति गौते सहित जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आत्मीय स्वागत किया। इस दौरान रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल भी उपस्थित रहे।

रथयात्रा पर्व धूमधाम से मनाने हुई बैठक

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। श्री सत्यनारायण मंदिर कमेटी व नगर कंसारी समाज द्वारा रथयात्रा पर्व धूमधाम से मनाने के लिए एक आवश्यक बैठक मंदिर परिसर में रखी गई। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से रथ यात्रा पर्व धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। उल्लेखनीय है की श्री सत्यनारायण मंदिर में स्थापित भगवान की मूर्ति स्थापना को 75 वर्ष पूर्ण हो गए हैं। विगत कई वर्षों से कंसारी समाज द्वारा श्री सत्यनारायण मंदिर से रथयात्रा निकाली जा रही है। भगवान जगन्नाथ , बहन सुभद्रा व भाई बलभद्र की यह रथयात्रा श्री सत्यनारायण मंदिर से पूजा अर्चना कर निकाली जाती है, श्रद्धालुओं के द्वारा भगवान के रथ को श्रद्धा, भक्ति व आस्था के साथ खिंचा जाता है ।

कंसारी युवा संगठन ने रोपा पौधा

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। श्री सत्यदेव कंसारी युवा संगठन व नगर कंसारी समाज के तत्वावधान में रविवार 30 जून को संध्या 4 बजे श्री सत्यनारायण मंदिर के गार्डन में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर श्री सत्यनारायण मंदिर के उद्यान में विभिन्न प्रकार के फलदार , छायादार पेड़ व फूल के पौधे लगाए गए । कंसारी समाज द्वारा बिगड़ते हुए पर्यावरण की चिंता करते हुए समाज के द्वारा लोगों में पर्यावरण संरक्षण की दिशा में जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सत्यदेव युवा संगठन, नगर कंसारी समाज , श्री सत्यनारायण मंदिर कमेटी व महिला संगठन के पदाधिकारी व सदस्यगण उपस्थित थे।

छात्रों को दिया गया न्यौता भोज

उतई/नवप्रदेश। स्वामी आत्मानंद स्कूल नगर पंचायत उतई में बच्चों को तिलक लगाकर मिठाई खिलाकर मनाया गया प्रवेश उत्सव ततपश्चात प्राचार्य, शिक्षकों, विद्यार्थियों व जनप्रतिनिधियों ने मिलकर नेवता भोजन किया इस दौरान नगर पंचायत के प्रथम नागरिक डिकेंद्र हिरवानी पार्षद प्रहलाद वर्मा वीरेंद्र गोस्वामी पूर्व पार्षद भूखन पटेल प्रबंधन समिति के पूर्व अध्यक्ष बहादुर सिंह नेताम वरिष्ठ नागरिक रूपनारायण शर्मा प्राचार्य महोदय श्रीमती राणे मैडम विद्यालय के सभी शिक्षक एवं सभी विद्यार्थी उपस्थित थे ।

साल भर से स्कूल भवन में लग रहा नया कॉलेज

- अब छात्रों की संख्या के चलते कम पड़ रहे कमरे
- स्कूल प्रबंधन की परेशानी बढ़ी अतिरिक्त कक्ष की जरूरत से बढ़ी दिक्कतें

खैरागढ़/नवप्रदेश। वर्षो पुरानी मांग के बाद जिले के बाजार अतरिया मे पिछली भूपेश सरकार द्वारा शुरू किया नवीन महाविद्यालय साल भर में व्यवस्थित नहीं हो पाया । इस साल फिर से प्रवेश प्रक्रिया शुरू होने के बाद अब यहाँ पढ़ाई करने वाले छात्रछात्राओं की परेशानियां बढ़ने वाली है । भूपेश सरकार ने जिला निर्माण के साथ बाजार अतरिया मे महाविद्यालय खोले जाने की घोषणा पूरी करते इसका संचालन यहाँ शुरू करवाया था । हाईस्कूल सहित पंचायत के भवन मे पहले साल इसकी व्यवस्था बनाकर महाविद्यालय का संचालन शुरू भी करा दिया गया । पहले साल तो जैसे तैसे गुजर गए लेकिन अब यहाँ प्रवेश लेने वाले छात्रों की संख्या बढ़ने लगी है । बाजार अतरिया के हाईस्कूल भवन मे संचालित होने वाले शासकीय नवीन महाविद्यालय के लिए दो कमरे हाइस्कूल द्वारा दिए गए है । परिसर मे ही पंचायत द्वारा बनाए गए भवन मे भी इसका संचालन किया जा रहा है । पहले साल मे यहाँ लगभग 135 छात्रछात्राओं ने प्रवेश लिया था । नवीन महाविद्यालय मे कला वाणि%य सहित विज्ञान संकाय का पहला साल संचालित किया गया । अब दूसरे साल फिर से नए छात्रछात्राओं का प्रवेश शुरू हो गया है । महाविद्यालय प्रबंधन का दावा है कि इस बार भी 150 नए छात्रछात्राएं यहाँ अध्ययन के लिए पहुँचेंगे । ऐसे मे कमरो की अतिरिक्त व्यवस्था नही होने से महाविद्यालय संचालन की परेशानी बढ़ने वाली है । केवल तीन कमरों मे संचालित हो रहे महाविद्यालय के लिए भवन और जमीन संबंधी कार्यवाही साल भर मे भी पूरी नही हो पाई । उधारी के भवन मे महाविद्यालय का संचालन होने से इस सत्र की पढ़ाई मे मुश्किलें सामने आएगी ।

तीन कमरों की अतिरिक्त जरूरत

दूसरे साल महाविद्यालय का संचालन करने अब तीन नए कमरों की आवश्यकता है । हाइस्कूल प्रबंधन ने पहले साल तो प्रशासन के दिशा निर्देश पर दो कमरे उपलब्ध कराए थे । लेकिन अब अतिरिक्त तीन कमरें देने से हाईस्कूल की पढ़ाई प्रभावित होगी । पहले ही अतिरिक्त कक्ष की कमी से जूझ रहा हाईस्कूल इस बार कैसे व्यवस्था बना पाएगा । महाविद्यालय मे अतिरिक्त विद्यार्थियों के प्रवेश से यहाँ कक्षाओं के संचालन मे दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा ।

शिफ्ट मे लगाए जाने की तैयारी का विरोध

महाविद्यालय के लिए अतिरिक्त कक्ष की आवश्यकता होने और हाईस्कूल द्वारा कमरो की कमी के चलते इसे देने से मना करने पर हाईस्कूल और महाविद्यालय को शिफ्ट मे लगाए जाने की भी तैयारी है । महाविद्यालय प्रबंधन ने हाईस्कूल को शिप्ट मे लगाए जाने पत्र लिखा है ताकि महाविद्यालय के लिए कमरो की व्यवस्था बन सके । इधर स्कूल प्रबंधन फिलहाल इस शिप्ट मे लगाए जाने की मंशा से संतुष्ठ नही हो पा रहा है । ऐसे मे स्कूल के साथ महाविद्यालय के संचालन मे परेशानी खड़े होनी तय है ।

अतिथि शिक्षकों के भरोसे पढ़ाई

नवीन महाविद्यालय शुरू होने के बाद भी बाजार अतरिया महाविद्यालय मे नियमित शिक्षकों की नियुक्ति अभी तक नही हो पाई है । यहाँ प्राचार्य के अलावा केवल एक शिक्षक की नियुक्ति हूई है । पहले साल भी अतिथि शिक्षको के भरोसे महाविद्यालय मे शिक्षण व्यवस्था बनाई गई थी । इस साल भी सत्र शुरू होने तक नए नियमित शिक्षको की अब तक नियुक्ति को लेकर किसी प्रकार की तैयारी नही हो पाई है । महाविद्यालय मे इस साल प्रथम वर्ष के साथ साथ उत्तीर्ण छात्रों को दूसरे वर्ष मे दाखिला लेने के साथ पढ़ाई के लिए शिक्षको की आवश्यकता है । बताया गया कि पिछले बार अतिथि शिक्षको की नियुक्ति विवि प्रबंधन द्वारा किए जाने के बाद यहाँ शिक्षक भेजे गए थे । इस बार भी विवि द्वारा ही अतिथि शिक्षको की भर्ती होगी तब शिक्षको की व्यवस्था हो पाएगी ।

दर्जन भर गांव की शिक्षा का केन्द्र:

बाजार अतरिया स्कूल और महाविद्यालय के मामलें मे आसपास के दर्जन भर से अधिक गांवों के शिक्षण का प्रमुख केन्द्र है । बाजार अतरिया मे प्राथमिक से लेकर हाई और हायर सेंकेडरी स्कूल संचालित है । अब दूसरे साल महाविद्यालय का भी संचालन हो रहा है । हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी से बड़ी संख्या में मेधावी छात्रछात्राएं उत्तीर्ण होकर निकल रहे है । महाविद्यालयीन पढ़ाई के लिए पहले इन छात्रों को राजनांदगांव खैरागढ़, धमधा दुर्ग जाना पड़ता था। अब महाविद्यालय का संचालन शुरू होने से यही पढ़ाई होने से ऐसे छात्र जो बाहर जाकर पढ़ाई नहीं कर पाते थे वे भी यहाँ महाविद्यालय में आसानी से दाखिला ले रहे है ।

महाविद्यालय में दूसरे साल संचालन के लिए अतिरिक्त कमरों की आवश्यकता है । स्कूल प्रबंधन से दो अतिरिक्त कमरे मांगें गए है । स्कूल प्रबंधन के साथ बैठक की तैयारी है । संभव है कि महाविद्यालय और स्कूल के सफल संचालन के लिए दोनो को शिप्ट मे लगाए जाने की जरूरत पड़ सकती है ।

डा एन एस वर्मा
प्राचार्य

वन अधिकार पट्टा शासन का महत्वपूर्ण कार्य

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने कहा कि सभी अनुविभागीय राजस्व अधिकारियों, राजस्व एवं वन अमले के साथ-साथ आदिवासी विभाग के सहायक आयुक्त को सभी पात्र हितग्राहियों के वन अधिकार मान्यता पत्र बनाने के काम में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वन अधिकार पट्टे शासन की महत्वपूर्ण प्राथमिकता वाली कार्य इसे गंभीरता पूर्वक करने के निर्देश भी संबंधितों को दिए। समय-सीमा के प्रकरणों पर संबंधित विभागों से चर्चा कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश भी दिए। इसके अलावा जन चौपाल, जन शिकायत, पीजी पोर्टल और विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने मंगलवार को जिला कार्यालय के डंकनी सभाकक्ष में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक संपन्न हुई।

कलेक्टर ने नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायत के अधिकारियों से कहा कि सभी बाजार स्थल में नियमित रूप से साफ सफाई का ध्यान रखते हुए बाजार स्थल पर अगर कोई भी दुकानदार के द्वारा गंदगी की जाती है तो उसके ऊपर फाइन करने के भी निर्देश दिए। कृषि विभाग और संबंधित विभागों से बीज का भंडारण-वितरण और रासायनिक खाद की उपलब्धता स्थिति की समीक्षा किए। बैठक के दौरान जिले के चारों विकासखण्डों में चल रहे प्रधानमंत्री आवास निर्माण कार्यों का समीक्षा कर आवास को त्वरित समय-सीमा के में करने के साथ ही प्रधानमंत्री आवास के लाभार्थियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय किस्त प्राप्त आवासों को 31 जुलाई 2024 तक पूर्ण कराये जाने हेतु निर्देशित भी दिये गये। उन्होंने कहा कि पौधरोपण के लिए पूरी तैयारियां करने के निर्देश संबंधितों को दिये गये।

इसके साथ ही शिक्षा विभाग के अधिकारियों से शाला त्यागी बच्चों को स्कूलों से जोड़ने के लिए कार्ययोजना पर चर्चा करते हुए विशेष रूप से शाला त्यागी पर सर्वे कराने के निर्देश दिए। साथ ही अप्रवेशी बच्चों को स्कूलों से जोड़ने के लिए आवश्यक कार्यवाही करने कहा। इसके अलावा शाला प्रवेश उत्सव को अच्छे से करने को कहा। उन्होंने रनिंग वाटर के संबंध में चर्चा करते हुए कहा कि सभी विभाग प्रमुख अपने-अपने विभाग अंतर्गत रनिंग वाटर व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

प्रदेश में विकास के नए आयाम गढ़ रही है साय सरकार: गीता साहू

राजनांदगांव/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार के 6 महीने की उपलब्धि पूर्ण कार्यकाल के संबंध में राजनांदगांव जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता घासी साहू ने कहा कि राज्य में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सरकार विकास के नए आयाम गढ़ रही है। छत्तीसगढ़ को संवारने की दिशा में तेजी से काम हो रहा है। इसकी झलक बहुत कम समय 6 महीने में ही दिखने लगा है। सुशासन, समृद्धि और विकास के नए आयाम गढ़ने का संकल्प लेकर राज्य सरकार कार्य कर रही है। राज्य के हर वर्ग के लोगों के लिए योजना बनाकर उन्हें लाभ पहुंचाया जा रहा है। अन्नदाताओं के लिए कृषक उन्नति योजना लागू कर सरकार ने उनका सम्मान बढ़ाया है। धान का समर्थन मूल्य 3100 रुपए प्रति क्विंटल करने से किसानों

को आर्थिक मजबूती मिल रही है। महिलाओं के लिए महतारी वंदन योजना काफी मददगार साबित हो रही है। महिलाओं को प्रतिमाह एक हजार

रुपए मिलने से महिलाएं आत्मनिर्भर हुई हैं। केंद्र की महत्वपूर्ण योजना प्रधानमंत्री आवास योजना का संचालन विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य में विकास का नया आयाम गढ़ रहे हैं। प्रदेश में 18 लाख गरीब परिवारों के लिए आवास निर्माण कराने का लक्ष्य है। इससे गरीबों को पक्का मकान मिल रही है। जंगल क्षेत्रों में रहने वाले तेंदूपत्ता संग्राहक परिवारों के लिए भी सरकार काम कर रही है। इस बार तेंदूपत्ता संग्राहक परिवारों को 5500 रुपए प्रति मानक बोरा भुगतान किया गया है। इससे आदिवासी परिवारों को भी आर्थिक मजबूती मिल रही है। हमारी सरकार ने उनकी मेहनत का सम्मान किया है। प्रदेश में युवाओं के लिए नए शैक्षणिक संस्थान, हाईटेक लाइब्रेरी खोले जा रहे हैं, जिससे राज्य के युवाओं को राज्य में ही बेहतर शिक्षा मिल सके। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में नियद नेल्लानार योजना के तहत विकास कार्य शुरू किए जा रहे हैं। इस योजना के तहत नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा कैंप खोले जा रहे हैं।

जल्द होगी नपा अध्यक्ष की ताजपोशी, भाजपा संगठन ने सर्वसम्मति से भेजा नाम

- छह माह से अटके पालिका कार्यों में आएगी तेजी

खैरागढ़/नवप्रदेश। दो माह से खाली पड़ी नगरपालिका अध्यक्ष पद पर नए अध्यक्ष की नियुक्ति जल्द होगी । इसकी प्रक्रिया अंतिम चरण मे है । भाजपा सरकार आने के बाद भाजपा के निर्वाचित पार्षद का अध्यक्ष बनना फिलहाल तय हे। नपा का अध्यक्ष पद पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित है । ऐसे मे भाजपा मे चार पिछड़ा वर्ग के पार्षद है । जिसमे से एक की ताजपोशी होगी । इसके लिए जिला भाजपा संगठन स्तर पर नाम तय कर भेजे जाने की जानकारी है । एक दो दिन मे पालिका को नया अध्यक्ष मिलने का अनुमान है

छह माह से अटके हैं प्रस्ताव

विधानसभा चुनाव खत्म होने के बाद से पालिका की गतिविधियां लगभग ठप्प हो गई है । विधानसभा चुनाव निपटने के बाद कामकाज शुरू हो पाया था । इस दौरान चार माह पहले ही पालिकाअध्यक्ष रहे शैलेन्द्र वर्मा के इस्तीफा प्रकरण मे पालिका चार माह उलझा रहा । पहले इस्तीफा देने फिर इससे इंकार करने के मामले की जांच में ही तीन माह लग गए । लोकसभा चुनाव के चलते फिर से अध्यक्ष प्रक्रिया अटकी रही । शासन स्तर पर पालिकाध्यक्ष रहे वर्मा का इस्तीफा स्वीकार किए जाने के बाद अध्यक्ष पद दो माह से खाली पड़ा है । अध्यक्ष नही होने के चलते पालिका मे निर्माण कार्यो के सभी भुगतान अटक गए है । पीआईसी, परिषद की बैठके नही होने से नए आवेदनो पर प्रस्ताव, स्वीकृति

की मुहर नही लग पाई है । पालिका के रोजमर्रा के कार्यो मे भी रूकावटे आ गई है । जिन कार्यो मे अध्यक्ष की जरूरत है वे कार्य भी रूके पड़े है । कई टेंडर प्रक्रिया , निर्माण कार्य की स्वीकृति अटके होने से नए काम चालू नही हो पा रहे है । अब अध्यक्ष की नियुक्ति शासन स्तर पर होने के संकेत से पालिका मे सक्रियता बढ़ गई है ।

गिरिजा चंद्राकर दौड़ मे सबसे आगे

नगर पालिका अध्यक्ष पद के लिए जिला भाजपा संगठन द्वारा भाजपा के सभी पार्षदों की बैठक कर एक नाम तय करने की कवायद किए जाने की जानकारी है । बताया गया कि पार्षदों की बैठक मे आठ पार्षदों ने एक नाम पर अपनी सहमति दी है । दो पार्षदों ने अपनी दावेदारी और एक नाम पर सहमति नही जताई है । लेकिन संगठन द्वारा सर्वसम्मति से नाम तय कर प्रदेश संगठन को भेजा गया है । भाजपा पार्षदों मे पिछड़ा वर्ग से चार पार्षदों मे टिकरापारा पार्षद चंद्रशेखर यादव, दाउचौरा वार्ड 16 पार्षद और शहर मंडल अध्यक्ष विनय देवांगन, धरमपूरा किलापारा वार्ड पार्षद रूपेन्द्र रजक और लगातार दूसरी बार रिकार्ड मतों से अमलीपारा मे जीत दर्ज करने वाली गिरिजा चंद्राकर अध्यक्ष बनने की दौड़ मे है । इसमे अमलीपारा वार्ड पार्षद गिरजा चंद्राकर दौड़ मे सबसे आगे है । दो बार अपने वार्ड मे रिकार्ड जीत दर्ज करने, विधानसभा और लोकसभा चुनाव मे भी भाजपा को बड़ी बढ़त दिलाने के साथ साथ गिरजा महिला संगठन मे भी प्रभावी नेतृत्व और सक्रियता के साथ काम कर रही है। पारिवारिक रूप से भी मजबूत होने के साथ साथ पार्टी संगठन मे भी लंबे समय से समर्पित है।

शराब का परिवहन करते दो गिरफ्तार

राजनांदगांव/नवप्रदेश। बसंतपुर पुलिस व्दारा दो लोगों को अवैध शराब का परिवहन करते पकड़ा। पुलिस ने उनके खिलाफ धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत की कार्यवाही की गई। आरोपी डोमेन्द्र नोन्हारे पिता स्व0 भवर लाल नोन्हारे (24) और सौरभ सेन पिता विजय सेन (21) दोनों निवासी राजनांदगांव कैलाश नगर राम नगर पावर हाउस थाना सीटी कोतवाली जिला राजनांदगांव आरोपीगण से शराब परिवहन में प्रयुक्त् ,एक्टिवा 5त्र क्रमांक ष्ट्त्र08रू5966 किमती 50,000/ रुपए किया गया जप्त। आरोपियों से 49 पौवा देशी प्लेन शराब जुमला 8.820 लीटर कीमती 4410 रुपए को जप्त किया गया। आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।उक्त कार्यवाही में निरीक्षक सत्यनारायण देवांगन, सउनि डेजलाल मांडले ,आरक्षक मोहसीन खान 1318, आरक्षक 53 ललित उइके की भूमिका सराहनीय रही।

नवीन न्याय संहिता | वक्ताओ ने कहा सुलभ और सरल तरीके से मिल सकेगा न्याय संहिता का लाभ

लोगों को नवीन कानूनों की जानकारी देने उन्मुखीकरण कार्यक्रम

खैरागढ़/नवप्रदेश। नये कानून के संबंध में संगीत विश्वविद्यालय ऑडिटोरियम भवन में नवीन न्याय संहिता उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन कर लोगों को नए कानून की जानकारी दी गई । कार्यक्रम मे संभागायुक्त सत्यनारायण राठौर, जिला न्यायाधीश चंद्रकुमार कश्यप, कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा, अपर कलेक्टर प्रेमकुमार पटेल, एएसपी नेहा पांडे, एसडीएम टंकेश्वर साहू मौजूद रहे । नई न्याय संहिता की जानकारी देते संभागायुक्त सत्यनारायण राठौर ने बताया की 3 नए कानून को जानने की आवश्यकता है, सामान्यतः जो कानून के बारे में जानता है, सामान्य जीवन में भी कानून का उल्लंघन कम करता है। अनजाने में जो लोग कानून को तोड़ते हैं, अनावश्यक कोर्ट

कचहरी के चक्कर लगाते हैं अपना समय और धन खराब करेंगे। राठौर ने कहा कि किसी भी न्यायालय मे सीधे साधे लोग ही %यादा पहुँचते है इसका सबसे बड़ा कारण उन्हे कानून की जानकारी नहीं होना है । न्यायालय प्रक्रिया बहुत जटिल है । इसी जटिलता को दूर करने के लिए ही देश में तीन नए कानून लाए गए हैं। जो आईपीसी की जगह भारतीय न्याय संहिता, सीआरपीसी की जगह भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और इंडियन एविडेंस एक्ट की जगह भारतीय साक्ष्य संहिता ले लेगी। इसका उददेश्य सबको आसानी से न्याय दिलाना है जिला सत्र न्यायाधीशचन्द्र कुमार कश्यप ने बताया की बताया है कि 1 जुलाई से कानूनी नियमों में होने वाले बदलाव महत्वपूर्ण है सभी लोग नए नियमों का पालन करें। उन्होंने कहा की नियम सबके लिए बराबर है, दंड संहिता को न्याय सहित में बदला गया। एक जिम्मेदार नागरिक होने के नाते हम सभी को इस नए कानून का ज्ञान होना चाहिए। कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने कहा एक जुलाई से भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023, भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 प्रभावी होंगे। इसका उद्देश्य आमजनता को त्वरित रूप से न्याय दिलाकर राहत प्रदान करना है, इसलिए नवीन कानून के बारे में जानकारी होना बहुत आवश्यक है। सभी के लिए आवश्यक है कि स्वयं भी इन कानूनों को समझें तथा दूसरों को भी जागरूक करें। अधिवक्ता मिहिर झा ने बताया की कानून में क्षमा का कोई प्रावधान नहीं है, भले ही भूलवश कोई अपराध हुई हो, सजा जरूर मिलेगी। जो 3 नए कानून बनाया गया है उसमे बहुत अ%छा प्रावधान है। अंग्रेजी ने जो आईपीसी दंड सहित अपने हिसाब से बनाया गया था जिसे अब सुधार कर न्याय संहिता बनाया गया । इस प्रकार नवीन कानून में धाराओं को बदलकर नया धारा उसमे जोड़ा गया है। पहले आईपीसी में 511 धाराएं थी, उन्होंने शॉर्ट किया गया है। नवीन कानून में महिलाओ को %यादा अधिकार दिए गए है। महिलाओ के साथ अपराध होने पर केवल एकल साक्ष्य के आधार पर न्यायालय द्वारा घटना को सुनकर ही सजा का प्रावधान है। अपर कलेक्टर प्रेम कुमार पटेल ने आयोजित कार्यशाला में कानून के उद्देश्य इसके नवीन प्रावधानों आदि के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी ।

एएम/एनएस इंडिया का बड़ाबांधा में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर

- शिविर से 120 ग्रामीण हुए लाभान्वित

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। एएम/एनएस इंडिया के द्वारा पालीगुड़ा, आरएससी-19, नुआगुड़ा और बड़ापदर पंचायत के बड़ाबांधा गांव में 2 दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस स्वास्थ्य शिविर में विभिन्न बीमारियों से ग्रसित 120 चिन्हित व्यक्तियों को निऱ्शुल्क चिकित्सा परामर्श और दवाइयां प्रदान की गई। कार्यक्रम के दौरान एएम/एनएस इंडिया कम्पनी की सीएसआर टीम, स्वास्थ्य कर्मचारीगण, पालीगुड़ा, आरएससी-19, नुआगुड़ा, बड़ापदर पंचायत एवं बड़ाबांधा के ग्रामीणों की उपस्थिति रही।

एएम/एनएस इंडिया द्वारा संचालित इस पहल का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण समुदायों में स्वास्थ्य समस्याओं की पहचान कर उन्हें समय पर उचित चिकित्सकीय सहायता उपलब्ध कराना है। जिससे दूरस्थ ग्रामीण एवं आदिवासी क्षेत्रों में निवासरत लोगों के लिए स्वास्थ्य जागरूकता एवं स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच आसान हो सके। एएम/एनएस इंडिया एक प्रमुख इस्पात निर्माता कंपनी है, जो उच्च गुणवत्ता वाले स्टील उत्पादन और उद्योग में नवाचार के लिए जानी जाती है। एएम/एनएस कंपनी न केवल व्यावसायिक उत्कृष्टता के लिए प्रतिबद्ध है, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति भी समर्पित है। यह कम्पनी विभिन्न सामुदायिक विकास परियोजनाओं के लिए निरन्तर प्रयासरत है। जिसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, स्पोर्ट्स और ग्रामीण इलाकों में स्थायी विकास के क्षेत्र शामिल हैं। एएम/एनएस इंडिया कम्पनी की यह नि· शुल्क स्वास्थ्य शिविर ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ाने एवं स्थानीय निवासियों को विभिन्न बीमारियों के बारे में जागरूक कराने के उनके निरंतर प्रयास का हिस्सा है।

भारत का नेट जीरो लक्ष्य की ओर कदम शुरू किया ट्रांजिशन योजना पर काम

नई दिल्ली। भारत के 2070 तक 'नेट जीरो' अर्थव्यवस्था बनने की घोषणा के तीन साल बाद इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए नीति बनाने का काम शुरू हो गया है। नीति आयोग ने भारतीय अर्थव्यवस्था को जीरो-कार्बन लक्ष्य हासिल करने में मदद करने के लिए ट्रांजिशन योजना तैयार करने हेतु विशेष रूप से विभिन्न क्षेत्रों की समितियों का गठन किया है।

नीति आयोग ने इस साल अप्रैल में कार्यालय ज्ञापन में कहा था, 'यूएनएफसीसीसी में जलवायु परिवर्तन पर भारत की प्रतिबद्धता, विकास की जरूरतों और 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने को ध्यान में रखते हुए ये कार्यसमूह गठित किए हैं। इस कार्यसमूह का उद्देश्य चुनौतियों की पहचान करना, विकास की राह तैयार करना और जलवायु परिवर्तन के विभिन्न पहलुओं पर नीतिगत कार्रवाई का सुझाव देना है।'

इस ज्ञापन का शीर्षक है- नेट जीरो पर राष्ट्रीय संकल्प को पूरा करने के लिए मार्ग विकसित करने और इसे प्राप्त करने के लिए रणनीतियों एवं हस्तक्षेपों का प्रस्ताव करने के लिए अंतर मंत्रालय कार्यसमूह का गठन। इन कार्यसमूह में वर्तमान और पूर्व सरकारी

अधिकारियों, क्षेत्र के नियामकों, फाइनैंसरों, विशेषज्ञों, शिक्षाविद, उद्योग के प्रतिनिधियों को शामिल किया गया है।वर्ष 2021 में भारत उन चुनिंदा देशों में शामिल हुआ था जिन्होंने नेट कार्बन जीरो अर्थव्यवस्था बनने के लिए लक्ष्य वर्ष निर्धारित किया है। ब्रिटेन के ग्लासगो में आयोजित कॉप26 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत के लिए पांच आयामी 'पंचमित्र' जलवायु कार्रवाई का लक्ष्य दिया था और अमेरिका, ब्रिटेन तथा चीन की तर्ज पर 2070 तक नेट जीरो लक्ष्य हासिल करने की प्रतिबद्धता जताई थी।

उस समय प्रधानमंत्री ने जिन पांच लक्ष्यों का जिक्र किया था उनमें 500 गीगावाट का गैर-जीवाश्म क्षमता विकसित करना और 2030 तक नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों से 50 फीसदी ऊर्जा जरूरतों को पूरा करना, कार्बन उत्सर्जन को 1 अरब टन तक घटना और कुल कार्बन इन्वेंट्री में 45 फीसदी तक कमी लाना शामिल है।

'पंचमित्र' के चार अन्य लक्ष्य मूर्त हैं और उनमें उल्लेखनीय प्रगति देखी गई है। यह पहला मौका है जब नेट जीरो लक्ष्य की दिशा में नीति के स्तर पर हस्तक्षेप शुरू किया गया है। नीति आयोग ने 6 कार्यसमूहों का गठन किया है जो नीति प्रारूप, कामकाज के तरीकों और बुनियादी क्षेत्रों के लिए इसे अपनाने का मार्ग प्रशस्त करेंगे।

स्वच्छ ऊर्जा को अपनाने में वृहद आर्थिक प्रभाव, जलवायु फानैंस, महत्त्वपूर्ण खनिजों ड्ड शोध एवं विकास और घरेलू विनिर्माण तथा आपूर्ति श्रृंखला, ऊर्जा ट्रांजिशन के सामाजिक पहलुओं, नीति सारांश और परिवहन, उद्योग, इमारतों, बिजली तथा कृषि के लिए 6 क्षेत्रीय कार्यसमूह गठित किए गए हैं।

इन समूहों की रिपोर्ट का नीति आयोग मिलान करेगा और एक समेकित रिपोर्ट तैयार की जाएगी। सभी समूहों को अक्टूबर तक अपनी कार्ययोजना सौंपने के लिए कहा गया है। आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि नीति आयोग की रिपोर्ट जलवायु अनुकूल नीतियों का मसौदा तैयार करने के लिए सभी मंत्रालयों के लिए नीति पुस्तिका बनेगी।नीति आयोग के ज्ञापन के अनुसार वृहद आर्थिक कार्यसमूह सकल घरेलू उत्पाद, चालू खाते का घाटा, राजकोषीय घाटा, रोजगार, कर राजस्व आदि पर नेट जीरो के असर का मूल्यांकन करेगा और सतत विकास लक्ष्यों के अनुरूप मौद्रिक और वित्तीय नीतियों की सिफारिश करेगा।नीति आयोग के सदस्य अरविंद विरमानी की अध्यक्षता वाले इस समूह में आर्थिक मामलों का विभाग, पर्यावरण, बिजली, पेट्रोलियम, श्रम एवं रोजगार मंत्रालयों के प्रतिनिधि शामिल हैं। इसके साथ ही इसमें इक्रियर, मैकिंजी, टेरी, आईआईएम-अहमदाबाद, आईआरएडीई, सीईईडब्ल्यू के प्रतिनिधि भी शामिल हैं। इसी तरह जलवायु फाइनैंस पर कार्यसमूह विभिन्न क्षेत्रों में स्वच्छ ऊर्जा को अपनाने और कार्बन उत्सर्जन को कम करने में भारत के लिए जलवायु फाइनैंस की जरूरतों का अनुमान लगाएगा। नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन बेरी की अध्यक्षता वाले इस समूह में वित्त मंत्रालय और एडीबी, विश्व बैंक जैसी बहुतराष्ट्रीय वित्तीय एजेंसियों एवं मूडीज जैसी रेटिंग एजेंसियों के सदस्य शामिल हैं।

एयर इंडिया अमरावती में बनाएगी साउथ एशिया का सबसे बड़ा उड़ान संस्थान

180 कमर्शियल पायलटों को दी जाएगी ट्रेनिंग

नई दिल्ली। टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयर इंडिया ने महाराष्ट्र के अमरावती में एक प्रशिक्षण संस्थान स्थापित करने की सोमवार को घोषणा की। इस कदम का लक्ष्य सालाना 180 कमर्शियल पायलट को प्रशिक्षित करना है।

एयर इंडिया ने एक बयान में कहा कि बेलोरा हवाई अड्डे पर नागर विमानन महानिदेशालय लाइसेंस प्राप्त उड़ान प्रशिक्षण संगठन (एफटीओ) दक्षिण एशिया में अपनी तरह का सबसे बड़ा संस्थान होगा। यह अगले वित्त वर्ष की पहली तिमाही में तैयार हो जाएगा।

एयरलाइन के अनुसार, यह आगामी सुविधा देश में किसी भी भारतीय एयरलाइन द्वारा स्थापित की जाने वाली पहली सुविधा होगी। इसमें प्रशिक्षण के लिए 31 सिंगल इंजन वाले विमान और तीन दोहरे इंजन वाले विमान होंगे। एयर इंडिया ने कहा कि उसे महाराष्ट्र हवाई अड्डा विकास कंपनी से 30 वर्षों के लिए इस सुविधा की स्थापना और संचालन के लिए निविदा मिली है। एयर इंडिया के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी कैम्पबेल विल्सन ने कहा, 'अमरावती में एफटीओ भारतीय विमानन को और अधिक आत्मनिर्भर बनाने तथा भारत में युवाओं को पायलट के रूप में उड़ान भरने की उनकी महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने के लिए अधिक अवसर प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा।' उन्होंने कहा, 'इस एफटीओ में प्रशिक्षित युवा पायलट एयर इंडिया की विश्व स्तरीय एयरलाइन बनने की महत्वाकांक्षा को बढ़ावा देंगे..।' एमएडीसी की वाइस चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक स्वाति पांडे ने कहा, ''एमएडीसी तथा एयर इंडिया के बीच सहयोगात्मक पहल से न केवल विमानन क्षेत्र में 3,000 से अधिक नए रोजगार अवसर उत्पन्न होंगे बल्कि महाराष्ट्र की अर्थव्यवस्था को भी बढ़ावा मिलेगा।''

मजबूत मांग से जून में बढ़ी भारत की मैन्युफैक्चरिंग ग्रोथ

तेज रफ्तार से रोजगार में हुआ इजाफा

नई दिल्ली। मई महीने की गिरावट से उबरने के बाद जून में एक बार फिर भारत के मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में बढ़ोतरी देखने को मिली। आज यानी 1 जुलाई को एचएसबीसी द्वारा जारी पर्चेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स आंकड़ा मई के 57.5 से बढ़कर जून में 58.3 हो गया। मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में यह सुधार उत्साहजनक मांग के कारण हुआ, जिससे नए ऑर्डर, प्रोडक्शन और खरीद में इजाफा हुआ।

इसके अलावा, 19 से ज्यादा सालों के डेटा कलेक्शन में कंपनियों में सबसे तेज दर से रोजगार में इजाफा दखने को मिला। इस बीच, लागत दबाव मई से कम हो गया था, लेकिन फिर भी पिछले दो वर्षों में सबसे अधिक था, जिसके कारण कंपनियों ने मई 2022 के बाद से बिक्री कीमतों को उच्च स्तर तक बढ़ाया। एचएसबीसी के सर्वेक्षण में कहा गया, 'भारतीय मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में वृद्धि ने मई में खोई हुई स्थिति वापस पा ली है, हेडलाइन पीएमआई अपने लॉन्ग रन एवरेज से लगभग पांच अंक ऊपर है। जून के आंकड़ों से पता चला है कि मजबूत मांग की स्थिति ने नए ऑर्डर, आउटपुट और खरीदारी के स्तर में विस्तार को बढ़ावा दिया है।' इंडेक्स में 50 से ऊपर का आंकड़ा विस्तार को दर्शाता है और नीचे का आंकड़ा संकुचन को दर्शाता है। सर्वेक्षण में कहा गया है कि उपभोक्ता वस्तु उद्योग का प्रदर्शन विशेष रूप से मजबूत था, हालांकि इंटरमीडिएट और इन्वेस्टमेंट गुड्स कैटेगरी में भी पर्याप्त वृद्धि देखी गई। सर्वेक्षण में कहा गया है, 'जून में भारत में मैन्युफैक्चरर्स की बिक्री में मजबूत वृद्धि देखी गई। मजबूत अंडरलाइंग डिमांड, हाई एक्सपोर्ट वॉल्यूम और सफल एडवर्टाइजिंग ने ग्रोथ को गति दी। नए ऑर्डर में जारी वृद्धि की वजह से कंपनियों ने भर्ती बढ़ा दी।'

सपाट खुले भारतीय शेयर बाजार, सेंसेक्स 79 हजार निफ्टी 24,000 के पार

मुंबई। भारतीय बेंचमार्क इंडेक्स सोमवार सुबह सपाट नोट पर खुले, निफ्टी 50 इंडेक्स 0.04 फीसदी की मामूली बढ़त के साथ 24,019 पर था, जबकि 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 44 अंक बढ़कर 79,077 के स्तर पर खुला। सेंसेक्स पर मारुति , जेएसडब्ल्यू स्टील, भारती एयरटेल, टाटा स्टील, अल्ट्राटेक सीमेंट, नेस्ले इंडिया और महिंद्रा एंड महिंद्रा मामूली बढ़त के साथ कारोबार कर रहे हैं, जबकि कोटक बैंक, एशियन पेंट्स, टाइटन, पावरग्रिड और एनटीपीसी टॉप लूजर रहे।निफ्टी 50 पर बजाज ऑटो और हीरो मोटोकॉर्प टॉप पांच गेनर्स में से थे, जबकि अपोलो हॉस्पिटल, 'एंड टी और एचडीएफसी लाइफ सहित अन्य नुकसान में रहे।पिछले सप्ताह के निराशाजनक परफॉर्मेंस के बाद, मिले जुले वैश्विक संकेतों को देखते हुए भारतीय शेयर बाजार सोमवार को नरम रुख के साथ खुलने की उम्मीद भी थी। ऐसा इसलिए था क्योंकि गिफ्ट निफ्टी फ्यूचर्स ने भी नरम शुरुआत का संकेत दिए, जो निफ्टी 50 फ्यूचर्स से सिर्फ 3 अंक ऊपर 24,135 के स्तर पर थे।एशिया-पेसिफिक बाजारों ने सोमवार सुबह डाइवर्सीफाइड परफॉर्मेंस दर्ज किया क्योंकि निवेशकों ने चीन के आधिकारिक जून ट्रेड एक्टिविटी डेटा और जापान के बिजनेस कॉन्फिडेंस रीडिंग का वैल्यूएशन किया।

सोना तेज शुरुआत के बाद फिसला, चांदी भी नरम

नई दिल्ली। सोने के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। हालांकि बाद में इसके भाव में गिरावट देखी जाने लगी। चांदी के वायदा भाव गिरावट के साथ ही खुले। सोने के वायदा भाव 71,550 रुपये के करीब, जबकि चांदी के वायदा भाव 87,000 रुपये के करीब कारोबार कर रहे थे। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने व चांदी के वायदा भाव की शुरुआत गिरावट के साथ हुई।

सोने के वायदा भाव की शुरुआत आज तेजी के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क अगस्त कॉन्ट्रैक्ट आज 24 रुपये की तेजी के साथ 71,606 रुपये के भाव पर खुला। खबर लिखे जाने के समय यह कॉन्ट्रैक्ट 50 रुपये की गिरावट के साथ 71,532 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 71,612 रुपये के भाव पर दिन का उच्च और 71,532 रुपये के भाव पर दिन का निचला स्तर छू लिया। सोने के वायदा भाव ने इस साल 74,442 रुपये के भाव पर सर्वोच्च स्तर छू लिया था।

चांदी के वायदा भाव की शुरूआत आज सुस्त रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क जुलाई कॉन्ट्रैक्ट आज 187 रुपये की गिरावट के साथ 86,980 रुपये पर खुला। खबर लिखे जाने के समय यह कॉन्ट्रैक्ट 167 रुपये की गिरावट के साथ 87,000 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 87,068 रुपये के भाव पर दिन का उच्च और 86,906 रुपये के भाव पर दिन का निचला स्तर छू लिया। इस साल चांदी के वायदा भाव ने 96,493 रुपये के भाव पर सर्वोच्च स्तर छू लिया था।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने चांदी के वायदा भाव की शुरुआत सुस्त रही। कॉमेक्स पर सोना 2,336.20 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला क्लोजिंग प्राइस 2,339.60 डॉलर प्रति औंस था। खबर लिखे जाने के समय यह 3.40 डॉलर की गिरावट के साथ 2,336.20 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था।

कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 29.44 डॉलर के भाव पर खुले, पिछला क्लोजिंग प्राइस 29.56 डॉलर था। खबर लिखे जाने के समय यह 0.14 डॉलर की गिरावट के साथ 29.41 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था।

टी-20 कप्तान के लिए पंड्या की दावेदारी मजबूत, पंत, सूर्या और बुमराह भी रेस में

दिल्ली। 29 जून को भारत ने दूसरी बार टी-20 वर्ल्ड कप जीता...चैंपियन बनते ही टीम के 3 दिग्गजों ने टी-20 इंटरनेशनल को अलविदा कह दिया, इनमें विराट कोहली और रवींद्र जडेजा के साथ कप्तान रोहित शर्मा भी रहे।

अब हमें अगला टी-20 वर्ल्ड कप कौन सा कप्तान जिताएगा... क्या वह फाइनल चेंजिंग कैच पकड़ने वाले सूर्यकुमार यादव होंगे। खतरनाक साबित हो रहे क्लासन और मिलर को पवेलियन भेजने वाले हार्दिक पंड्या होंगे, प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट जसप्रीत बुमराह या फिर मौत को मात देकर वर्ल्ड चैंपियन बनने वाले मिरेकल मैन ऋषभ पंत होंगे। कौन होगा जो 2026 में भारत और श्रीलंका की मेजबानी में होने वाले टी-20 वर्ल्ड कप में टीम इंडिया की कप्तानी करेगा।

1. हार्दिक पंड्या

हार्दिक कप्तान बनने के दावेदारों की रेस में सबसे आगे हैं। उनके पास टी-20 इंटरनेशनल में 100 मैचों का अनुभव है, जो अन्य किसी दावेदार के पास नहीं है। पंड्या ने 16 टी-20 इंटरनेशनल मैचों में भारत की कप्तानी की है, इनमें से टीम ने 10 मुकाबले जीते।

2. ऋषभ पंत

जीत का जबर्दस्त जज्बा पंत को भारतीय कप्तानों की रेस का दावेदार बनाता है। वे आज से 18 महीने पहले अस्पताल में थे और जिंदगी और मौत के बीच जंग लड़ रहे थे, उनका कार एक्सीडेंट हुआ था। तब किसी ने नहीं सोचा था कि पंत भारत की टी-20 वर्ल्ड कप विनिंग टीम का हिस्सा होंगे।

3. सूर्यकुमार यादव

सूर्यकुमार यादव अपने दमदार प्रदर्शन से टीम इंडिया का कैप्टन बनने की दावेदारी ठोंक रहे हैं। 68 मैचों में 167.74 के स्ट्राइक रेट से 2340 रन बना चुके हैं। वे अपनी कप्तानी में एक सेंचुरी जमा चुके हैं। सूर्या की कप्तानी में भारत ने 7 में से 5 मैच जीते हैं। सूर्या अपनी कप्तानी में 164.83 की स्ट्राइक रेट से 300 रन बना चुके।

4. जसप्रीत बुमराह

जसप्रीत बुमराह, भारतीय टीम में तुरुप का इक्का। 70 मैचों में 89 विकेट ले चुके हैं। इनके नाम कई रिकॉर्ड हैं, लेकिन सिर्फ 2 मुकाबलों में ही भारतीय टीम की कप्तानी की है और दोनों ही मुकाबले जीते हैं। बुमराह अपनी कप्तानी में खेले 2 मुकाबलों में 4 विकेट ही ले सके हैं।

टीम इंडिया बेरिल तूफान में फंसी

स्पोर्ट्स डेस्क। टी-20 वर्ल्ड कप 2024 की चैंपियन टीम इंडिया बेरिल तूफान की वजह से बारबाडोस में ही फंसी हुई है। भारतीय टीम को सोमवार को यानी आज भारत आने के लिए न्यूयॉर्क के लिए उड़ान भरनी थी, लेकिन खराब मौसम की वजह से टीम का शेड्यूल बाधित हुआ है। रिपोर्ट में कहा गया है कि अटलांटिक में आने वाले बेरिल तूफान के कारण 210 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल रही हैं।

कैटेगरी 4 का यह तूफान बारबाडोस से लगभग 570 किमी पूर्व-दक्षिण पूर्व में था और इसकी वजह से एयरपोर्ट पर अभी ऑपरेशन रुके हुए हैं। स्थिति यह है कि एयरपोर्ट को एक दिन के लिए बंद करना पड़ सकता है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) सचिव जय शाह ने बारबाडोस में संवाददाताओं से कहा, आपकी तरह हम भी यहां फंसे हुए हैं। ट्रैवल का शेड्यूल स्पष्ट होने के बाद हम टीम के सम्मान समारोह के बारे में सोचेंगे।

भारत लौटने में हो सकती है देरी

एक सोर्स ने PTI को बताया कि तय शेड्यूल के मुताबिक टीम को यहां (ब्रिजटाउन) से न्यूयॉर्क जाना था और फिर दुबई होते हुए भारत पहुंचना था। अब योजना यहां से सीधे दिल्ली के लिए चार्टर्ड फ्लाइट लेने की है। वहां पहुंचने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ बैठक पर भी विचार किया जा रहा है। वहां सपोर्टिंग स्टाफ, परिवारों और अधिकारियों सहित लगभग 70 मेंबर हैं।

श्रीलंका दौरे पर टीम इंडिया को नया कोच मिलेगा

27 जुलाई से सीरीज शुरू; दो उम्मीदवारों को चुना गया है; द्रविड़ का कार्यकाल खत्म

दिल्ली। टीम इंडिया को नया हेड कोच श्रीलंका के खिलाफ लिमिटेड ओवर सीरीज से मिलेगा। भारतीय टीम 3 वनडे और 3 टी-20 इंटरनेशनल मैच खेलने श्रीलंका जाएगी। सीरीज की शुरुआत 27 जुलाई से होगी।भारतीय क्रिकेट टीम के हेड कोच राहुल द्रविड़ का कार्यकाल टी-20 वर्ल्ड कप के साथ ही खत्म हो गया। जय शाह ने कहा, कोच और सिलेक्टर्स की नियुक्ति जल्द ही होगी। क्रिकेट एडवाइजरी कमेटी ने इंटरव्यू करने के बाद दो उम्मीदवारों को चुना है और मुंबई पहुंचने के बाद उन्होंने जो भी तय किया होगा हम वैसा ही करेंगे। फिलहाल वर्ल्डकप जीतने के बाद टीम इंडिया की अगली सीरीज जिम्बाब्वे के खिलाफ होगी, जिसकी शुरुआत 06 जुलाई से होगी। इस सीरीज में टीम इंडिया को कोचिंग वीवीएस लक्ष्मण देंगे।

IPL 2024 चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स के मेंटोर गौतम गंभीर ने टीम इंडिया के हेड कोच के लिए इंटरव्यू दिया है। क्रिकइन्फो ने हाल ही में बताया कि गंभीर ने क्रिकेट एडवाइजरी कमेटी (ष्टष्ट) के मेंबर्स से मुलाकात की। इस कमेटी में अशोक मल्होत्रा, जतिन परांजपे और सुलक्षणा नायक जैसे पूर्व क्रिकेट शामिल हैं। इंडियन टीम के लिए लंबे समय से कोच की तलाश कर रही है, क्योंकि टीम के मौजूदा हेड कोच राहुल द्रविड़ का कार्यकाल टी-20 वर्ल्ड कप के बाद खत्म हो गया। नए कोच का कार्यकाल 1 जुलाई 2024 से शुरू होकर 31 दिसंबर 2027 तक रहेगा।

थंगलान में विक्रम की नई झलक

अभिनेता विक्रम इन दिनों अपनी आगामी फिल्म थंगलान को लेकर चर्चा में हैं। यह इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। वहीं अब फिल्म के बारे में कुछ दिलचस्प जानकारियां सामने आई हैं। सोशल मीडिया पर इसकी रिलीज के बारे में कई चर्चाएं हैं। हालांकि, अभी तक फिल्म की आधिकारिक तौर पर रिलीज डेट का खुलासा नहीं किया गया है। वहीं इस बीच अब विक्रम ने फिल्म से अपनी नई झलक साझा की है, जिसने दर्शकों का उत्साह और बढ़ा दिया है।अभिनेता विक्रम ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर थंगलान से एक मोनोक्रोम तस्वीर के जरिए अपनी नई झलक साझा की। तस्वीर के साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा, रोमांचक समय, थंगालान। तस्वीर में वे पगड़ी पहने और दाढ़ी रखे हुए दिखाई दे रहे हैं। वे कैमरे की तरह गंभीर भाव से घूर रहे हैं। अब दर्शकों को फिल्म पर मिले नए अपडेट पर खुशी हो रही हैं, क्योंकि कुछ दिनों से फिल्म की रिलीज में संभावित देरी होने की खबरें सामने आ रही थीं।

इस बीच चर्चा है कि फिल्म के निर्माताओं ने इसकी रिलीज के लिए भी तारीख तय कर ली है। हालांकि, फिल्मांकन पिछले साल पूरा हो गया था, लेकिन थंगलान की अभी तक कोई निश्चित रिलीज तिथि तय नहीं हुई है। वहीं सोशल मीडिया पर खबरें हैं कि अधूरी शूटिंग के कारण अल्लू अर्जुन की पुष्पा 2ः द रूल की रिलीज में देरी हो सकती है। इस संभावित देरी से थंगलान को स्वतंत्रता दिवस के मौके पर 15 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज किया जा सकता है।इस बीच चर्चा है कि फिल्म के निर्माताओं ने इसकी रिलीज के लिए भी तारीख तय कर ली है। हालांकि, फिल्मांकन पिछले साल पूरा हो गया था, लेकिन थंगलान की अभी तक कोई निश्चित रिलीज तिथि तय नहीं हुई है। वहीं सोशल मीडिया पर खबरें हैं कि अधूरी शूटिंग के कारण अल्लू अर्जुन की पुष्पा 2ः द रूल की रिलीज में देरी हो सकती है। इस संभावित देरी से थंगलान को स्वतंत्रता दिवस के मौके पर 15 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज किया जा सकता है।

अल्लू सिरीश की फिल्म बडी का ट्रेलर रिलीज

फिल्म बडी का ट्रेलर रिलीज़ हो गया है। अल्लू सिरीश की बडी का ट्रेलर एक दिल को छू लेने वाले रोमांच के साथ शुरू हुआ। अल्लू सिरीश तमिल निर्देशक सैम एंटोन के साथ मिलकर बडी के लिए काम कर रहे हैं, इसलिए एक दिल को छू लेने वाले रोमांच के लिए तैयार हो जाइए। पहले लुक और सिंगल को मिली सकारात्मक प्रतिक्रिया के बाद, फ़िल्म का ट्रेलर आ गया है, और यह हास्य, एक्शन और भावनात्मक गहराई का एक शानदार मिश्रण है। ट्रेलर में एक अनूठी कहानी दिखाई गई है मुसीबत में फंसा एक टेडी बियर आदित्य राम (अल्लू सिरीश) से मदद मांगता है। हम देखते हैं कि यह अप्रत्याशित जोड़ी समस्या को हल करने के लिए एक साथ आती है, जिसमें सिरीश फ़िल्म में एक पायलट की भूमिका निभा रहे हैं। ट्रेलर की बेहतरीन एडिटिंग और रोमांचक दृश्य एक आकर्षक कहानी के लिए मंच तैयार करते हैं।

न्यूज गैलरी

मिलावटी स्पंज आयरन के साथ वाहन छोड़कर चालक फरार

रायपुर/नवप्रदेश। दो ट्रेलर में मिलावटी स्पंज आयरन लोड कर कंपनी में खड़ी कर चला गया। मामले में उरला पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अमानत में ख्यानत का मामला दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी दिनेश कुमार पांडे 47 वर्ष पटेलपारा कोरबा का रहने वाला है। प्रार्थी मां कुदरगढ़ी पावर एंड इस्पात कंपनी में कर्मचारी है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि दो ट्रेलर से आरोपी भूषण व्यास ने झारसुगड़ा से स्पंज आयरन लोड कर आया और वाहन को कंपनी में खड़ी कर भाग निकला। जब माल को चेक किए तो वह मिलावटी निकला। प्रार्थी की शिकायत पर उरला पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 406 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

प्रतिबंधित टेबलेट के साथ दो गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। उरला पुलिस ने शुक्रवारी बाजार के पास नशीली टेबलेट के साथ दो युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से पुलिस ने 200 नग नीट्राजेपम टेबलेट जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार उरला पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर सुक्रवारी बाजार के पास नशीली टेबलेट खपाने के लिए ग्राहक तलाशते आरोपी लोकेश बघेल 28 वर्ष व मंगल तांडी 28 वर्ष को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 200 नग नीट्राजेपम टेबलेट और बिक्री रकम 1500 रुप जब्त किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

युवक से मारपीट

रायपुर/नवप्रदेश। पासपोर्ट ऑफिस गार्डन के पास पुरानी रंजिश को लेकर दो युवकों ने एक युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर कबीरनगर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी देवेन्द्र वर्मा 20 वर्ष सेंचुरी कालोनी डीडीनगर का रहने वाला है। बताया जाता है कि आरोपी करण महानंद व अमन ने पुरानी रंजिश को लेकर प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294,506,323,34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

घर के बाहर खड़ी ई-रिक्शा पार

रायपुर/नवप्रदेश। सारथी चौक के पास घर के बाहर खड़ी ई-रिक्सा को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर आजाद चौक पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी संतोष कुमार कारोसिया 54 वर्ष सारथी चौक के पास आजाद चौक का रहने वाला है। बताया जाता है प्रार्थी अपनी खड़ी ई-रिक्सा क्रमांक सीजी 04 एनडब्ल्यू 5193 को खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए ई-रिक्शा की कीमत करीब 90 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर आजाद चौक पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

बाइक की ठोकर से वृद्धा की मौत

रायपुर/नवप्रदेश। पचेड़ा रोड नरदहा में बाइक सवार युवक ने घर के बाहर बैठी वृद्धा को ठोकर मार दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मामले में विधानसभा पुलिस ने आरोपी बाइक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतिकका भागोबाई गायकवाड़ 70 वर्ष ग्राम नरदहा की रहने वाली थी। बताया जाता है कि कल शाम वह अपने घर के बाहर बैठी हुई थी। तभी बाइक क्रमांक सीजी 04 पीएस 3568 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए भागोबाई को टक्कर मार दिया। इस हादसे में भागोबाई की मौत हो गई। मामले में विधानसभा पुलिस ने बाइक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

चोरी के बाद घर के बाहर लगा दिया ताला

कोरबा/नवप्रदेश। अज्ञात चोर ने एक और चिकित्सा अधिकारी के घर चोरी की है। अभी कोयलांचल में एसईसीएल अस्पताल के सीएमओ के घर हु6ई चोरी का मामला सुलझा नहीं है कि शहर से लगे इलाके में एक और वारदात हो गई। चोर भी ऐसा कि उसने चोरी करने के बाद वापस लौटते समय दरवाजे पर दूसरा ताला लगा दिया। प्रार्थी डॉ.उमाशंकर कंवर क्वाटर नं. जे/25 हाउसिंग बोर्ड कालोनी रामपुर कोरबा के निवासी हैं व जिला अस्पताल में चिकित्सा अधिकारी के पद पर कार्यरत हैं। 27 जून को रात्रि लगभग 8 बजे अपनी ड्यूटी पर जिला अस्पताल गए थे। दूसरे दिन सुबह लगभग 08:30 बजे घर पहुंचे तो देखा की अज्ञात व्यक्ति द्वारा दरवाजे पर लगा हुआ ताला को तोड़कर घर अंदर घुस कर दूसरा ताला को लगा दिया था। डॉ. कंवर ने ताला को तोड़कर अंदर जाकर देखा तो सामान बिखरा हुआ था और दीवान के लाकर में रखे सोने का चैन, सोने का दो नग अंगूठी, फौसिल कंपनी का एक घडी कुल कीमती लगभग 70000 रूपये को कोई अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ले गया।

मंत्री रामविचार नेताम बोले विदेशों में भी बस्तर के कोसा कपड़ों की ख्याति

विदेशों में भी हो रही है बस्तर के कोसा कपड़ों की प्रसिद्धि

आदिम जाति विकास मंत्री ने नवा रायपुर में किया कोसा केन्द्र रिटेल शोरूम का शुभारंभ

रायपुर/नवप्रदेश। आदिम जाति विकास मंत्री रामविचार नेताम ने कहा कि बस्तर के कोसा कपड़ो की प्रसिद्धि अब भारत देश के साथ-साथ विदेशों में भी हो रही है। अपनी विशिष्ट खूबियों के लिए प्रसिद्ध बस्तर के कोसा कपड़ों का रायपुर शोरूम प्रारंभ होने से अब यहां भी आसानी से कोसा कपड़ा प्राप्त हो सकेगा। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के निर्देश पर मंत्री श्री नेताम नवा रायपुर स्थित इंद्रावती भवन में कोसा केन्द्र के रिटेल शोरूम के शुभारंभ अवसर पर उक्त बातें कही।

मंत्री श्री नेताम ने कहा कि बस्तर रैली कोसा अपनी विशिष्ट खूबियों के लिए भारत ही नहीं बल्कि विश्व स्तर पर भी अनूठी पहचान बनाए हुए हैं। इसकी मांग लगातार बढ़ रही है। बस्तर की विशिष्ट जैव भौगोलिक विविधता का इसमें विशेष योगदान है।

उन्होंने कोसा कपड़ा निर्माण कार्यों में लगे कृषकों, स्वयं सेवी संस्थाओं एवं शासकीय एजेंसियों विशेषकर छत्तीसगढ़ राज्य अंत्यावसायी सहकारी वित्त एवं विकास निगम के योगदान की सराहना की। आदिम जाति विकास के सचिव नरेन्द्र दुग्गा ने कहा कि, कोसा केन्द्र को बढ़ावा देने का मुख्य उद्देश्य बस्तर क्षेत्र के अनुसूचित जनजाति वर्ग के युवाओं को कोसा बुनाई, धागा निर्माण, रंगाई, छपाई आदि कार्य में प्रशिक्षित कर उन्हें केन्द्र में ही नियोजित करना है। इसके अंतर्गत धागा निर्माण, कोसा फल क्रय, रीलिंग मशीन बुकिंग चौम्बर, हथकरघा क्रय, बुनाई प्रशिक्षण, ताना मशीन क्रय, रंगाई छपाई हेतु प्रशिक्षण व कच्चा माल क्रय, शोरूम का नवीनीकरण, अधोसंरचानात्मक कार्य करना शामिल है। इस रिटेल शोरूम के माध्यम से बस्तर आर्ट का विस्तार होगा एवं इसे एक विशिष्ट पहचान मिलेगी।

हीरा खदानों की सुरक्षा भगवान भरोसे

गरियाबंद के जंगल में बिखरे हीरा भंडार की सुरक्षा के लिए एक चौकीदार नही

छत्तीसगढ में विष्णु सरकार बनने के बाद क्षेत्र लोगो को विकास की उम्मीद

4 दशक से सालों से हीरा उत्खनन की राह देख रहा गरियाबंद

गरियाबंद/नवप्रदेश। देश के सबसे बड़े हीरा खदान में सुरक्षा के लिए एक चौकीदार भी तैनात नहीं है। यहां बहूमूल्य एलेक्जेंडर जंगलों के बीच बिखरे पड़े हुए हैं। यहां सुरक्षा के अभाव में तस्कर सक्रिय हैं। अवैध उत्खनन कर कुआं जैसे सुरंग बड़े बड़े गड्ढे कर दूर दूर तक दिखाई पड़ता है। हीरा खदान की सुरक्षा के लिए चारों तरफ से सुरक्षा घेरा लोहे के तार और ऐंगल लगाये गये थे खदान के सामने बड़ा मुख्य लोहे का विशाल गेट लगा था हीरा तस्करों ने चारों तरफ लगाये गये सुरक्षा के बाड़ा तार के घेरा और मुख्य गेंट तक गायब कर दिया है। हीरा खदान जाने वाले मार्ग में बड़े बड़े गड्ढों के साथ पेड़ गिरा दिए हैं। ताकि प्रशासनिक अमला पहुंच न सके।

पिछले 10 वर्षों का पुलिस थाने में अवैध हीरा तस्करी करने वालों की सूची देखें तो सैकड़ों की संख्या में हीरा तस्करों को गरियाबंद और सीमावर्ती धमतरी, महासमुंद की पुलिस ने गिरफ्तार कर उनसे हजारों नग कीमती हीरा पत्थर जब्त कर जेल के सलाखों के पीछे भेजा गया है। जिसकी अनुमानित कीमत 8-10 करोड़ से ज्यादा बताई जाती है। क्षेत्र की जनता हीरा खदान की सरकारी तौर पर दोहन चाहते हैं।

क्षेत्र के लोगों को छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से काफी उम्मीद बंधी है कि जल्द हीरा खदान मामले पर सरकार कोई बड़ा फैसला से सकती है। मैनपुर के अंतर्गत पायलीखंड एवं बेहराडीह के हीरा (डायमंड) खदानों का पता प्रशासन को 36-37 वर्ष पूर्व अविभाजित मध्यप्रदेश के समय में लगा था। तब से लेकर आज तक इलाके में हीरा तस्कर सक्रिय हैं। तब हीरा खदानों को सुरक्षा की दृष्टि से तत्कालीन मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के निर्देश पर पायलीखण्ड एवं बेहराडीह जंगल को बारबेड़ वायर से घेरा कर सुरक्षित किया गया था। पायलीखंड के हीरा खदानों की सुरक्षा के लिए बी.एस.एफ की कंपनी तैनात की गई थी। खनिज विभाग ने चौकीदार नियुक्त किया था। मगर इसकी सुरक्षा पिछले कुछ वर्षों से भगवान भरोसे है। वर्ष 2006-07 मे नक्सलियो के दबाव बढऩे से पायलीखंड हीरा खदान से बी.एस.एफ. कंपनियों को खदान की सुरक्षा से वापस बुला लिया गया।

क्या कहते हैं एसडीओपी

एसडीओपी पुलिस मैनपुर बाजीलाल सिंह ने बताया कि पुलिस प्रशासन द्वारा समय समय पर हीरा खदान क्षेत्रों का गस्त किया जाता है और अवैध उत्खनन पर कार्यवाही भी की जा रही है। उन्होंने बताया लगातार पुलिस द्वारा अवैध उत्खनन रोकने के लिए अभियान चलाया जा रहा है।

विस में उठाएंगे मामलाः जनक ध्रुव

विधायक जनक ध्रुव ने इस मामले में कहा कि हीरा खदान का मामला कोर्ट के अधीन है सरकार से मांग की जाएगी। हीरा खदान की सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त की जाए। साथ ही क्षेत्र की जनता की मांग है की सरकारी तौर से जल्द से जल्द दोहन होना चाहिए।

पूर्व विधायक डमरुधर का कहना है

क्षेत्र के पूर्व विधायक एवं भाजपा नेता डमरुधर पुजारी ने कहा हीरा खदान मामले से छत्तीसगढ़ के विष्णु देव सरकार को अवगत कराएंगे क्षेत्र की जनता जल्दी से जल्द मामले का कोर्ट से निराकरण की मांग चाहते हैं ।

नए आपराधिक कानून के तहत मंदिर हसौद में अपराध दर्ज

रायपुर/नवप्रदेश। 1 जुलाई से लागू हुए नए आपराधिक कानून के तहत सबसे पहला मामला राजधानी में दर्ज किया गया है। जानते हैं क्या है पूरा मामला ..रायपुर के थाना मन्दिर हसौद में नए अपराधिक कानून के अनुसार प्रार्थी नोहर दास रात्रे की रिपोर्ट पर अनावेदक अमित सिंह राजपूत के विरुद्ध अपराध क्रमांक 495/24 गाली गलौच और जान से मारने की धमकी, धारा 296, 351(2) भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

पहले यह 294, 506 आइपीसी के तहत दर्ज होता था। एसएसपी रायपुर संतोष सिंह ने बताया कि साथ ही थाना अभनपुर में नवीन कानून भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएनएस) की धारा 194 के तहत अकाल मृत्यु, मर्ग की सूचना दर्ज कर जांच किया गया है।

पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट, आरोपी गिरफ्तार

कोरबा/नवप्रदेश। प्रार्थी मुनव्वर खान पिता मुख्तार खान दर्ज कराया था कि वह दिनांक 27.06.2024 को रात 10.00 बजे लगभग फजल अली तथा फारूख खान के साथ उसकी मोटर सायकल से गढकलेवा में सूरज हथठेल, विकास बाबू के पास काम के सिलसिले मे बातचीत करने के लिए गया था।

वह लोग रात्रि 10.30 बजे लगभग गढकलेवा में पहुंचे तो सूरज हथठेल दिखाई दिया। जैसे ही वह लोग उससे बातचीत करना चाहे तभी अचानक से झाडी के अंदर से विकास बाबू व अन्य साथीगण अपने अपने हाथ में चापड, तलवार, चाकू, सायकल का चैन, लोहे का पाईप व डण्डा लेकर निकले. तभी सूरज हथठेल पुरानी रंजिश के कारण मां बहन की गंदी गंदी गाली देते हुए कहने लगा की आज मौका मिला है कि हम तुमसे अपने रिश्तेदार की मौत का बदला ले सके। इतना कहकर सूरज हथठेल, विकास बाबू उर्फ विकास हिमधर, अभिषेक उर्फ बाबूमणी, रितिक चुटैल, राहुल चौहान, धनिकेस कुमार सिंह, रोशन दास महंत, सौरभ चौहान, अरूण जनवार, राहुल शर्मा शनि सिंह, शैलेष खडिया, आशु चुटैल उर्फ घोडा, व अन्य साथीगण हत्या करने की नियत से तीनों को

चापड, तलवार, चाकू, सायकल का चैन, लोहे की पाईप व डण्डा से मारपीट करना शुरू कर दिये। उनके द्वारा मारपीट करने से तीनों को गंभीर चोटआई और तीनो के ही शरीर से अत्यधिक खून बहकर निकला। वह लोग तीनों को मरा हुआ समझ कर वहीं छोडकर भाग गए। प्रार्थी की रिपोर्ट पर धारा सदर 307, 34 भादवि का अपराध पंजीबद्ध किया गया।

मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी सिविल लाइन रामपुर के द्वारा पुलिस अधीक्षक कोरबा सिद्धार्थ तिवारी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्ष नेहा वर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक कोरबा प्रतिभा मरकाम से मार्गदर्शन प्राप्त कर पुलिस की एक टीम बनाई गई. वरिष्ठ अधिकारियों से प्राप्त दिशा निर्देश के प्रतिपादन में पुलिस के द्वारा विवेचना के आरोपियों की संख्या 05 से अधिक होने व मारपीट में आरोपियों द्वारा चापड, तलवार, चाकू, सायकल का चैन, लोहे की पाईप व डण्डा का इस्तेमाल करने से मामले में धारा 147, 148, 149, 294 भादवि 25, 27 आम्र्स एक्ट जोडी गई तथा धारा 34 भादवि हटाया गया है। पुलिस टीम के द्वारा घटना के आरोपियों को घेराबंदी कर पकड़ा गया। मामले में मारपीट में इस्तेमाल किये गये हथियारों को आरोपियों के कब्जे से जप्त किया गया है।

सड़क पर पार्किंग, पुलिस की कार्रवाई

कोरबा/नवप्रदेश। सड़क लोगों के आने-जाने के लिए है न कि गाडियां खड़ी कर राहगीरों की मुसीबत बढ़ाने या सामान रखकर कारोबार के लिए। यह बात कहते-कहते पुलिस-प्रशासन थक गई, पर लोग हैं कि सुधरने का नाम नहीं ले रहे। ऐसे में एक बार फिर यातायात पुलिस की टीम ने कार्यवाही का डंडा लेकर सड़क व्यवस्था के सुधार अभियान में उतरी। यातयात व्यवस्था दुरुस्त करने शहर में निकली यातायात पुलिस ने पॉम मॉल के पास एक दर्जन से अधिक वाहनों पर कार्यवाही की है।

यातायात पुलिस द्वारा लगातार शहर की सड़कों पर वाहन खड़े करने वालों को बार-बार समझाएं दी जाती है। बावजूद इसके लोग अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं। परिणाम स्वरुप आए दिन शाम को शहर कि यातायात व्यवस्था बुरी तरह से प्रभावित हो रही है। यातायात पुलिस के द्वारा शहर के मुख्य मार्गो में उद्घोषणा के द्वारा लोगों को सचेत किया जा रहा है कि मुख्य मार्गो पर वाहनों की पार्किंग न करें, फिर भी बहुत से लोग यातायात पुलिस द्वारा किए जा रहे प्रयास को अनदेखा कर रहे हैं। ऐसे लोगों को सबक सिखाने के लिए यातायात पुलिस ने फिर से अभियान छेड़ दिया है। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर यातायात प्रभारी एएसआई मनोज राठौर एवं उनकी टीम द्वारा शहर में फिर से शहर के मुख्य मार्गो में वाहन खड़ा करने वाले वाहन चालकों का वाहन जब्त कर जुर्माना की वसूली की जा रही है। एएसआई मनोज राठौर ने बताया कि रविवार को शहर के मुख्य मार्ग पर विशेष अभियान चलाया गया।

चाकू से युवक को उतारा मौत के घाट, दो गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। अवधपारा सोनडोंगरी में दो व्यक्तियों ने एक युवक पर चाकू से हमला कर हत्या कर दी। मामले में कबीरनगर पुलिस ने दोनों आरोपियों को हिरासत में लिया है।

मिली जानकारी के अनुसार मृतक मोहम्मद मुकीम खान 48 वर्ष अवधपारा सोनडोंगरी का रहने वाला था। बताया जाता है कि पुरानी रंजिश को लेकर आरोपी मोहम्मद आरीफ 48 वर्ष और मोहम्मद अलताफ ने मोहम्मद मुकीम से गाली-गलौज कर चाकू से ताबड़तोड़ वार कर हत्या कर दी। मामले में पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं दोनों आरोपियों को धारा 302, 294, 34 के तहत अपराध दर्ज कर हिरासत में लिया है।

सिक्यूरिटी गार्ड का रास्ता रोक कर लूटपाट

कोरबा/नवप्रदेश। शनिवार की रात के वक्त अपने घर लौट रहे सिक्यूरिटी गार्ड का रास्ता रोक कर सूने जगह पर ले जाकर बुरी तरह मारपीट करते हुए लूटपाट को अंजाम दिया गया। जानकारी के मुताबिक विवेक श्रीवास रजगामार बस स्टैण्ड के पास रहता है और हाऊसिंग बोर्ड कालोनी झगरहा में प्राईवेट सिक्योरिटी गार्ड है। 26 जून को दोपहर 12 बजे आरामशीन में अपनी बुआ त्रिवेणी के घर गया था। यहां से रात करीब 10 बजे मोटरसायकल क्रमांक-सीजी 12 बीई 2594 पर सवार होकर रजगामार लौट रहा था कि रिस्दी चौक कांटाघर के आगे मुख्य मार्ग पर दो अज्ञात 30-32 वर्ष के लडक़ों ने अचानक सामने आकर रास्ता रोका। विवेक ने जब बाईक रोकी तो दोनों लडक़ों ने खींच लिया जिससे गाड़ी सहित गिर पड़ा। दोनों युवकों ने खींचकर सडक़ किनारे बाउंड्री के पीछे ले जाकर जमीन पर पटक कर हाथ-मुक्का और पैर से बुरी तरह मारपीट किया। एक लडक़े ने अपने पैर से चेहरे को दबा रखा था और विवेक के दोनों कान के कुंडल, सोने की चैन, अंगूठी, स्मार्ट वॉच और जेब में रखे 1200 रुपए नगद, पैन कार्ड, आधार कार्ड, एन्ड्राइड मोबाइल, इयर बड का डिब्बा लूट लिया। आरोपियों ने उससे मोबाइल का पासवर्ड जान की धमकी देकर मांगा और फोन पे का भी पासवर्ड ले लिया। वारदात के बाद दोनों युवक भाग निकले तो किसी तरह विवेक अपने घर पहुंचा। सिविल लाइन रामपुर थाना में विवेक श्रीवास की रिपोर्ट पर अज्ञात दो युवकों के विरुद्ध लगभग 50 हजार रुपए की लूट के मामले में धारा 394, 506 भादवि का जुर्म दर्ज कर पता-तलाश किया जा रहा है।

सूने मकान से नकदी सहित जेवर पार

रायपुर/नवप्रदेश। गैलेक्सी आईलैण्ड सकरी विधानसभा स्थित सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने आलमारी में रखे हीरे व सोने की अंगूठी सहित नकदी रकम पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर विधानसभा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी दुष्यंतराज जायसवाल 45 वर्ष गैलेक्सी आईलैण्ड सकरी का रहने वाला है। बताया जाात है कि अज्ञात चोर ने प्रार्थी के सूने मकान का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया और आलमारी में रखे नकदी 45 हजार सहित, हीरे की अंगूठी व सोने का जेवर पार कर दिया।

प्रदेश में 1 से 3 तक कार्डधारियों को नहीं मिलेगा राशन

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में जुलाई के पहले सप्ताह में 3 दिन तक कार्डधारियों को उचित मूल्य की राशन दुकानों में खाद्यान्न नहीं मिलेगा. विभागीय डाटाबेस को नए क्लाउड सर्वर पर स्थानांतरित करने का कार्य 1 से 3 जुलाई तक किया जाएगा. इसके कारण तीन दिन तक प्रदेशभर की राशन दुकानों भी बंद रखी जाएंगी। खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उप. संरक्षण विभाग के अपर सचिव ने इस संबंध में 28 जून को आदेश जारी किया है।

इस आदेश के तहत प्रदेश के सभी कलेक्टरों को विभागीय डाटाबेस को नवीन क्लाउड सर्वर पर स्थानांतरित किए जाने की जानकारी दी गई है। वर्तमान में खाद्यान्न पोर्टल को छोड़कर सभी विभागीय ऑनलाइन कार्यवाही राज्य डाटा सेंटर में स्थित विभागीय सर्वर के माध्यम से किया जा रहा है। एसडीसी सर्वर में लगातार आ रही समस्याओं के निराकरण के लिए नवीन क्लाउड सर्वर एनआईसी माध्यम से किराए पर लिया गया है। इसमें विभागीय डाटाबेस को स्थानांतरित किया जाएगा।

इसके कारण एसडीसी स्थित विभागीय सर्वर तीन दिन तक बाधित रहेगा।

एक जुलाई से नहीं अब नए साल से होगा रेलवे की समय सारणी में बदलाव

रायपुर/नवप्रदेश। एक जुलाई से भारतीय रेलवे की नई समय सारिणी लागू करने के निर्णय को स्थगित कर दिया गया है। वर्तमान समय सारिणी को ही 31 दिसंबर तक विस्तार दे दिया गया है। अब नई समय सारिणी एक जनवरी से लागू होगी।

ट्रेनें पुराने समय नंबर, मार्ग और ठहराव पर यथावत चलती रहेंगी। रेलवे बोर्ड ने इस आशय का दिशा-निर्देश जारी कर दिया है। मंडल व जोन ने रेलवे बोर्ड को ट्रेनों के समय को लेकर प्रपोजल बनाकर दे दिया है। रेल मंत्रालय, बोर्ड और जोनल स्तर पर ट्रेनों के समय और ठहराव आदि की समीक्षा कर रहा है। समीक्षा के लिए रेलवे बोर्ड ने जुलाई और दिसंबर से लागू होने वाली नई समय सारिणी को स्थगित कर दिया है।

जानकारी मुताबिक, समीक्षा पूरी नहीं हुई तो समय सारिणी लागू होने का समय और आगे भी बढ़ सकता है। देशभर में कवच सिस्टम स्थापित करने के साथ गति बढ़ाने के लिए ऑटोमेटिक ब्लॉक सिग्नल का कार्य तेजी से चल रहा है, जिस वजह से ट्रेन लगातार लेट हो सकती है। जानकारी के मुताबिक रेलवे प्रशासन ने नई ट्रेनों को समय सारिणी में

शामिल करने व समय में सुधार की प्रक्रिया शुरू कर दी है। पिछले वर्ष एक अक्टूबर को लागू हुई थी। रेलवे बोर्ड के निदेशक कोचिंग संजय आर नीलम ने सभी जोनल रेलवे को पत्र जारी कर कहा है कि वर्तमान समय सारिणी 31 दिसंबर तक प्रभावी रहेगी। एक जनवरी 25 से नई समय सारिणी लागू की जाएगी। रेलवे कनेक्टिंग ट्रेनों के यात्रियों के लिए दूसरे जोन की ट्रेनों को 5 से 10 मिनट तक जल्दी स्टेशन पहुंचने की मांग की गई है, ताकि एक ट्रेन के बाद दूसरी ट्रेन पकडऩे के लिए यात्रियों के पास पर्याप्त समय रहे। इस तरह वबर उत्तर रेलवे की मांग पर जोन की लंबी दूरी वाली ट्रेनों के समय में बदलाव देखने को मिल सकता है, जिसमें छत्तीसगढ़, सारनाथ और साउथ बिहार समेत सिकंदराबाद का रायपुर पहुंचने का समय पहले से जल्दी हो सकता है। रेलवे की समय सारिणी में जोन की पहली वंदे भारत ट्रेन के समय में बदलाव हो सकता है। बिलासपुर से नागपुर के बीच चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस के समय में आंशिक बदलाव होने की बात कही जा रही है। जोन के कई रूट में दोहरीकरण और विद्युतीकरण हो जाने के बाद पिछले वर्ष दपूमरे ने कुछ महत्वपूर्ण ट्रेनों के समय में बदलाव की योजना तैयार की थी ।

बदलाव अभी नहीं

सीपीआरओ विकास कश्यप ने बताया कि, ट्रेन की समय सारणी में फिलहाल कोई बदलाव नहीं किया जा रहा है। नई समय सारणी लागू होने से सूचित किया जाएगा।

दैनिक नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...
आवश्यक सूचना
दैनिक नवप्रदेश के जिन पाठकों को नवप्रदेश अखबार नहीं मिल रहा है। कृपया निम्नलिखित नंबरों पर संपर्क या वॉट्सऐप या मेल भी कर सकते है।
9893402169, 9827485202
Navpradesh@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रियल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्पेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- चन्द्रशेखर धोटे, स्थानीय संपादक अशोक शर्मा, फोन नंबर : 0771-3526755, डाक पंजीयन क्रमांक G -2-112 //CG/BPL/108/2020-22